4 | रायपुर संभाग
आदिवासी और विशेष पिछड़ी जनजाति लोगों की राहत के...

6 | अभिमत
भारत-चीन संबंध जयशंकर की टिप्पणी

09 | विविध
छत्तीसगढ़ राज्य में कोल ब्लॉक आबंटन दरों का हो...

10 | संस्कारधानी
कांग्रेस पार्षदों ने उतारा गुस्सा... 10 महीने से ...



रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 05 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-16 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### भारत और बंगलादेश के बीच व्यापार 47 दिन बाद बहाल



**ढाका।** भारत और बंगलादेश के बीच व्यापार 47 दिन तक निलंबित रहने के बाद रेलमार्ग से बेनापोल लैंड पोर्ट के माध्यम से फिर से शुरू हो गया। 'ढाका ट्रिब्यून' द्वारा प्रकाशित यूएनबी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में बेनापोल लैंड पोर्ट के उप निदेशक रेजाउल करीम के हवाले से बताया गया कि दोनों देशों के उच्च-स्तरीय अधिकारियों के बीच चर्चा के बाद व्यापार बहाल किया गया है।

### गौ रक्षा के नाम पर आर्यन की हत्या में भाजपा और हरियाणा सरकार जिम्मेदार : आप



**नयी दिल्ली।** आप ने फरीदाबाद में गौ रक्षा के नाम पर 12वीं के छात्र आर्यन मिश्रा की हत्या में भाजपा और हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। 'आप' के नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हरियाणा के फरीदाबाद में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई, जिसमें गौरक्षा के नाम पर मानवता की हत्या की गई है। गौरक्षा के नाम पर आतंक फैलाया जा रहा है। यह कौन लोग हैं जो गायों की रक्षा और हिन्दू धर्म के ठेकेदार बने हुए हैं? इन्हें किसने ये जिम्मेदारी दी है? देश के प्रधानमंत्री ऐसे सभी मामलों पर एक शब्द नहीं बोलते हैं। भाजपा ऐसी हत्याओं पर खामोश रहती है।

### शेयर बाजार की तेजी थमी

**मुंबई।** विश्व बाजार की गिरावट से निराश निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, आईटी, दूरसंचार, बैंकिंग, धातु और टेक समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक की लगातार जारी तेजी आज थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 202.80 अंक की गिरावट लेकर 82,352.64 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 81.15 अंक कमजोर होकर 25,198.70 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा।

# छत्तीसगढ़ को मिली 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय में प्रेस से बात करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ को भारत सरकार द्वारा 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने इसे प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे लाखों गरीब परिवारों को अपने सिर पर छत का सपना साकार करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ के 18 लाख से अधिक गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रह गए थे क्योंकि तत्कालीन सरकार ने इस योजना के लिए आवश्यक राज्यांश 40 प्रतिशत जमा नहीं किया था। इस वजह से इन गरीब परिवारों का हक छीना गया था। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने 13 दिसंबर 2023 को शपथ ली और अगले ही दिन 14 दिसंबर को हमारे पहले कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई। राज्यांश की व्यवस्था भी तुरंत की गई। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि नए वित्तीय वर्ष के बजट में छत्तीसगढ़ को 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति भारत सरकार से मिली है, जिसमें एसईसीसी 2011 के अंतर्गत 6 लाख 99 हजार 331 आवास और 1 लाख 47 हजार 600 आवास प्लस शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ जनता और विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित होने वाले सभी लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव उपस्थित थे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री जनमन योजना का भी जिक्र किया करते हुए कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति जिन्हें राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र भी कहते हैं उनके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 हजार 64 आवास की स्वीकृति की गई है, जिनमें से कई पूर्ण हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि जनवरी से लेकर अब तक 1 लाख 99 हजार प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण किया जा चुका है और मोदी जी की गारंटी के अनुसार 18 लाख आवासों का निर्माण समयबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नियद नेलानार योजना आपका अच्छा गांव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित और आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10,000 से अधिक अतिरिक्त आवासों की स्वीकृति के लिए ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की गई है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

## उन्नत साझीदारी में बदलेंगे, भारत-ब्रुनेई द्विपक्षीय संबंध

वार्ता < बंदर सेरी बेगावान
www.dailypioneer.com



भारत एवं ब्रुनेई दारुस्सलाम ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत साझीदारी के स्तर तक ले जाने के इरादे के साथ रक्षा, व्यापार और निवेश, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, संस्कृति के साथ-साथ लोगों से लोगों के आदान-प्रदान तथा नई और उभरती प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने के लिए सहमति जतायी है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रुनेई की राजधानी बंदर सेरी बेगवान के इस्ताना नुरुल ईमान में ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के साथ बैठक में ये विचार विमर्श हुआ। मोदी के सुल्तान के महल में पहुंचने पर सुल्तान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने सुल्तान को उनके निमंत्रण के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि किसी भारतीय शासनाध्यक्ष की ब्रुनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की भारत की गहरी इच्छा को दर्शाती है। इस साल ब्रुनेई की आजादी की 40वीं वर्षगांठ है। सुल्तान के नेतृत्व में ब्रुनेई ने परंपरा और निरंतरता के लिए एक महत्वपूर्ण संगम के साथ प्रगति की है। ब्रुनेई के लिए उनका वावासन 2035 विज़न सराहनीय है। उन्होंने कहा, गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य-सत्कार के लिए सुल्तान और पूरे शाही परिवार का मैं हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ। भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रुनेई की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। लेकिन यहाँ मिले अपनेपन से मुझे, हमारे दोनों देशों के सदियों पुराने संबंधों का एहसास हर पल हम अनुभव कर रहे हैं। मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनकी यात्रा भारत की विगत 10 वर्षों से चली आ रही 'एक्ट ईस्ट' नीति को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को ध्यान में रख कर आयोजित की गयी है।

## एनआईए ने अबूझमाड़ में की छापेमारी, चार माओवादी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नक्सली गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए नारायणपुर जिले के अति संवेदनशील अबूझमाड़ क्षेत्र में व्यापक छापेमारी की तथा चार कट्टर माओवादियों को गिरफ्तार कर लिया। यह छापेमारी 20 मार्च, 2023 को माओवादियों की ओर से सड़क जाम करने की घटना के संबंध में की गई। एनआईए ने ओरछा, कस्तूरमेटा, मंडली और मलकाल गांवों में सघन तलाशी के दौरान नक्सल संगठन के शहरी नेटवर्क से जुड़े चार माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोग माओवादियों के लिए रसद आपूर्ति और अन्य कार्यों को अंजाम देने में शामिल थे। एनआईए की जांच में घटना से जुड़े 35 माओवादियों के नाम सामने आए हैं। उनकी गतिविधियों और कनेक्शनों के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए पूछताछ की जा रही है। एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में ओरछा में लंबे समय से धरने पर बैठे माड़ बचाओ मंच के नेता लखमा कोराम पर एनआईए ने माओवादियों से संबंध होने का आरोप लगाया है। एजेंसी ने एक प्रेस नोट जारी कर कहा है कि नक्सली संगठन में कोराम की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

## विनेश और बजरंग ने की राहुल से मुलाकात तेज हुई हरियाणा से चुनाव लड़ने की अटकलें

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की, जिससे दोनों पहलवानों के चुनावी अखाड़े में दांवपेंच आजमाने की अटकलें जोर पकड़ने लगी हैं। कांग्रेस ने अपने अधिकारिक 'एक्स' पेज पर गांधी के साथ दोनों पहलवानों की तस्वीरें पोस्ट की है। दोनों खिलाड़ियों से मिलने के बाद गांधी जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना हो गये। पहलवानों की इस मुलाकात से राजनीतिक गलियारों में कयास लगाये जा रहे हैं कि विनेश और बजरंग पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव में उतर सकते हैं। इन अटकलों ने तब जोर पकड़ा, जब गांधी से मुलाकात के बाद दोनों खिलाड़ियों ने कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल से लम्बी मुलाकात की। बताया जा रहा है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा दोनों खिलाड़ियों को टिकट देने के पक्ष में है। कांग्रेस यदि उन्हें टिकट देना सुनिश्चित करती है तो दोनों खेल कोटे से मिली सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे सकते हैं। विनेश और बजरंग ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोप से घिरे भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर मंतर पर लंबा आंदोलन किया था।

## सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने गोला फेंक स्पर्धा में जीता रजत पदक

पायनियर संवाददाता < पेरिस
www.dailypioneer.com



भारतीय शॉटपुट एथलीट सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस पैरालंपिक की गोला फेंक स्पर्धा में एशियाई रिकार्ड के साथ रजत पदक जीत लिया हैं। मुकाबले में सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने शॉटपुट एफ 46 में 16.32 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इसी के साथ भारत की झोली में 21वां पदक आ गया है। इस बीच, हमवतन मोहम्मद यासीर और रोहित कुमार 14.21 मीटर और 14.10 मीटर के थ्रो के साथ 8वें और 9वें स्थान पर रहे, कनाडा के पैरा एथलीट ग्रेगरी स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण और क्रोएशिया के लुका बाकोविच ने 16.27 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।

## त्रिपुरा के दो उग्रवादी गुटों के साथ हुआ शांति समझौता

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



त्रिपुरा में तीन दशक से अधिक समय से चल रहे उग्रवादी हिंसा और संघर्ष से निजात पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राज्य के दो गुट-नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये। गृह मंत्री ने इस समझौते को त्रिपुरा में 'विकास और शांति के लिए एक महत्वूपर्ण समझौता' बताया है और कहा कि यह पूर्वोत्तर के विकास के लिए मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में 'मील का पत्थर' है। गृह मंत्रालय में आयोजित हस्ताक्षर समरोह में उपस्थित एनएलएफटी और एटीटीएफ के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए शाह ने कहा कि यह आनंद का विषय है कि आपने 35 साल द्वंद्व और संघर्ष को समाप्त करने के लिए हथियार डालकर आप मुख्यधारा में शामिल हुए है।

## बेटी पर बुरी नजर डालने वालों का कर देंगे हाल बेहाल : सीएम योगी

वार्ता < प्रयागराज
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मनचलों को चेतावनी देते हुये कहा कि किसी ने भी बेटी पर गंदी नजर डाली तो वह अपने पैरों पर नहीं चल सकेगा। मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर फूलपुर स्थित इफको में आयोजित स्वामी विवेकानंनद युवा सशक्तीकरण रोजगार एवं ऋण वितरण मेला में लोगों को सम्बोधित करते हुए योगी ने कहा कि राह चलती बेटी पर हाथ डालने का प्रयास किया तो उसके हाथ अलग होंगे, पैर अलग होंगे। बेटियों पर बुरी नजर डालने वाले लोग बख्शे नहीं जाएंगे। उनका चौराहों पर जुलूस निकलवाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को सुरक्षा और सम्मान और प्रदान करने को कटिबद्ध है। अपराधियों को किसी भी रूप में बख्शेगें नहीं। योगी ने करीब 650 करोड़ रूपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। रोजगार मेले में करीब 90 कंपनियां आई थी। उन्होने10 हजार छात्र-छात्राओं को लैपटाप एवं स्मार्ट फोन का भी वितरण किया।






## सेवानिवृत के बाद भी पेंशन की राशि से दान का सिलसिला अब तलक है अनवरत जारी

# सेवानिवृत शिक्षक शिवकुमार 32 वर्षो से सैनिक सहायता कोष में कर रहें पुण्यदान

रवि भूतड़ा < बालोद
www.dailypioneer.com







आज शिक्षक दिवस पर आपको ऐसे शिक्षक के बारे में बताने जा रहे हैं, जो राष्ट्रभक्ति के अनुकरणीय उदाहरण है। हालांकि ये अभी रिटायर्ड हो चुके है। इनका बचपन से मन था सैनिक बन देश की सेवा करना, लेकिन शारीरिक मापदंड नियमो के अनुरूप नही होने से ये शिक्षक बन गए। कहा गया है कि अथर्ववेद के बारहवें कांड में भूमिसूक्त है, उसमें कहा गया है माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः अर्थात ये भूमि हमारी माँ है, और मैं इसका पुत्र हूं। इसी पुण्य भावना से लबरेज बालोद जिले के गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम खर्रा निवासी 75 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक शिवकुमार शर्मा बताते है कि बचपन से ही उनके मन में सैनिक बनकर देश की सेवा करने की प्रबल इच्छा थी। लेकिन शारीरिक मापदंड सेना भर्ती नियमों के अनुरूप न होने और पारिवारिक आर्थिक परिस्थितियों को देखते जब 1972 में शिक्षा विभाग की भर्ती निकली तो प्रथम प्रयास में ही शिक्षक नियुक्त हो गए। लेकिन देश के प्रति समर्पण की भावना में कोई कमी नही आई। उन्होंने बताया को नौकरी में पहले पांच वर्ष 169 रुपये 30 पैसे वेतन मिलते थे, समय के साथ उसमें वृद्धि हुई और 1992 में 600 रुपये वेतन मिलना प्रारम्भ हुआ। उसी दौरान उन्हें सैनिक सहायता कोष जो प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित होता था, की जानकारी हुई। फिर 15 अगस्त 1992 को प्रथम बार इस किश्त की शुरुआत हुई और यह सिलसिला लगातार 32 वर्षो से प्रतिमाह अनवरत जारी है। शिवकुमार प्रत्येक माह गांव से 3किमी दूर गुंडरदेही पोस्ट ऑफिस स्वंय जाकर प्रधानमंत्री कार्यालय को सैनिक सहायता कोष की राशि मनीऑर्डर करते हैं।

### पहले वेतन से अब पेंशन के करते है दान

1992 में 50 रुपये से शुरुआत करते हुए लगातार 60, 80, 100, 200 और 500 रुपये प्रतिमाह राशि वेतन से भेजते थे। अब 2013 से सेवानिवृत के पश्चात पेंशन की राशि से भी यह दान का सिलसिला अनवरत जारी है। बता दे कि शिव कुमार शर्मा 13 सितंबर 1972 को कवर्धा जिले के सहसपुर लोहारा में शासकीय प्राथमिक शाला जरहाटोला में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हुए थे, और 12 फरवरी 2012 को बालोद जिले के गुंडरदेही मुख्यालय के चाय शासकीय प्राथमिक शाला चैनगंज में बतौर प्रधानपाठक सेवानिवृत हुए। इनका कुल सेवा काल 39 साल 7 माह और 17 दिन का रहा।

### राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित है शिवकुमार

भारत की जनगणना 1991 के दौरान असाधारण उत्साह और उच्चकोटि की सेवा के लिए शिवकुमार शर्मा को राष्ट्रपति के द्वारा कांस्य पदक से सम्मानीत किया गया।

### बच्चों के लिए जायदाद नही, संकल्प और विचार की संपत्ति छोड़कर जाऊंगा


शिक्षक के पद से सेवानिवृत हुए शिवकुमार शर्मा ने पायनियर से चर्चा में कहा कि वे जीवन के अंतिम क्षणों में अपने बच्चों को देश के प्रति समर्पण और संकल्प की संपत्ति, जो उन्होंने देश सेवा के लिए ली है, उसे देने की चाहत हैं। उन्होंने बताया कि मेरे बाद मेरे बच्चे और उनके बाद आने वाले पीढ़ी इसे जारी रखेंगे। वर्तमान में दो बहुएं और एक बेटा शिक्षक है, वो ये जिम्मेदारी निभाएंगे। शिवकुमार का बड़ा बेटा अजीत तिवारी ग्राम खलारी में हायर सेकेंडरी स्कूल में सहायक शिक्षक, बड़ी बहू प्रतिभा तिवारी ग्राम गुजरा के हायर सेकेंडरी स्कूल में संस्कृत विषय की लेक्चरर और छोटी बहू ममता तिवारी ग्राम लासाटोला के शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ है।

# शिक्षक दिवस

शिक्षक दिवस पर विशेषांक...









शिक्षक दिवस हमारे देश में हर साल 5 सितंबर को मनाया जाता है। यह हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों के योगदान को स्वीकार करने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वे एक सच्चे शिक्षक थे, जिन्होंने अपने जीवन को शिक्षा और ज्ञान के लिए समर्पित किया था।

## हमारे जीवन में क्या होता है शिक्षकों का महत्व

**गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय।**
**बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय।**

शिक्षकों का महत्व हमारे जीवन में बहुत अधिक है। वे हमारे जीवन को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक हमें सही और गलत के बीच का अंतर सिखाते हैं, जो हमें जीवन में सही रास्ते पर चलने में मदद करता है। वे हमें भविष्य के लिए तैयार करते हैं, जिससे हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। वे हमें अपने जीवन को सुधारने में मदद करते हैं, और हमें एक अच्छा इंसान बनाते हैं।









# नियद नेल्लानार के जनकल्याणकारी योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करावें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर बिपिन मांझी के द्वारा साप्ताहिक समय सीमा की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लिया गया। उन्होंने नीति आयोग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी कार्यों को जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों के ग्रामिणों तक पहुंचाने के लिए हाट बाजारों में शिविर लगाकर जानकारी देना सुनिश्चित करने निर्देशित किए। उन्होंने मौसमी बिमारियों की रोकथाम के लिए जिले के सभी आश्रम छात्रावास और आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश सीएमएचओ डॉ. एसएस राज को दिये हैं। कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजनातंर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यो को अविलंब पूर्ण कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के तहत् जिले के सभी बच्चों को शत प्रतिशत खुराक खिलाऐं। यह कार्यक्रम 01 सितम्बर से प्रारंभ होकर 30 सितम्बर तक चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने समय सीमा के लंबित प्रकरणों एवं पत्रों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि समय सीमा मे प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें ताकि राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के ग्रामीणों को समय पर मिल सके। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को निदेशीत करते हुए कहा कि नियद नेल्लानार योजनातंर्गत स्वीकृत कार्यो को गंभीरता पूर्वक पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने पूरक पोषण आहार व्यवस्था अंतर्गत हितग्राहियों को प्रदाय किए जा रहे रेडी टू ईट एवं गरम भोजन की जानकारी पोषण ट्रैकर एप में प्रविष्ट करने, मध्यम एवं अतिगंभीर कुपोषित बच्चों का समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन कार्यक्रम हमर स्वस्थ लईका कार्यक्रम का क्रियान्वयन करने तथा पोषण अभियान अंतर्गत आयोजित होने वाले सुपोषण चौपाल के सुदृढ़ीकरण हेतु पोषण संगोष्ठी पुस्तिका आंगनबाड़ी केन्द्रों में उपलब्ध कराने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को दिए है। कलेक्टर मांझी द्वारा कौशल विकास प्राधिकरण अधिकारी को अबुझमाड़िया जनजाति सहित अन्य विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने निर्देशित किया गया है। कलेक्टर बिपिन मांझी ने कहा कि नियद नेल्लानार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को डेस बोर्ड में अनिवार्य रूप से अपलोड कराएं। कलेक्टर मांझी ने प्रधानमंत्री जनमन योजनांर्गत जिले में 10 सितंबर तक शिविर लगाकर आधार कार्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, वनाधिकार पत्र, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने, विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के तर्ज पर शिविर आयोजित कर मोबाईल मेडिकल युनिट से अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें एवं जनदर्शन में प्राप्त हुए आवेदनों का शीघ्र निराकरण कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एस.डी.एम. वासु जैन, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, अदिवासी विकास के सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे, जिला कोषालय अधिकारी हरिश साहू, कार्यक्रम अधिकारी रविकांत ध्रुवे, जनपद सीईओ नारायणपुर एलएन पटेल, जनपद ओरछा सीईओ मेघलाल मण्डावी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# महिलाओं एवं बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण का लाभ दिलावें : बिपीन मांझी

## 20 महिलाओं को दिया गया सिलाई प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, एजुकेशन हब गरांजी नारायणपुर में आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत् 20 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिनका प्रशिक्षण 08 अगस्त से 29 अगस्त तक 15 दिवसीय सिलाई (लेडीज गारमेंट) प्रशिक्षण का संचालन किया गया। 30 अगस्त को उक्त प्रशिक्षण का मूल्यांकन संपन्न हुआ। उक्त 20 महिलओं के बैच में नियद नेल्लानार कैंप अंतर्गत संवेदनशील क्षेत्रों के 07 महिलाएं, 04 नक्सल पीड़ित महिलाओं के साथ कुल 10 महिलाएं विशेष पिछड़ी जनजाति (अबुमाडियां) शामिल थे। इस बैच में 16 प्रशिक्षणार्थी उत्तीर्ण हुए। 03 सितम्बर को प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को कलेक्टर बिपिन मांझी से मुलाकात करवाया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बिरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम वासु जैन तथा जिला रोजगार अधिकारी सह सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज नारायणपुर एम.एल. अहिरवार उपस्थित थे। कलेक्टर मांझी द्वारा सभी उत्तीर्ण महिलाओं को बधाई देते हुए सभी महिलाओ को प्रशिक्षण व उसके लाभ तथा स्वरोजगार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उत्तीर्ण हितग्राहियों को एडवांस कोर्स हेतु प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत कोर्स टेलर (दर्जी) में पंजीयन के संबंध में जानकारी दी गई, जिससे वे अधिक निपुणता से सिलाई कार्य कर सके। कलेक्टर मांझी द्वारा विभाग को अधिक से अधिक महिलाओं एवं बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण का लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रदेश भाजपा सरकार का जनविरोधी रवैया और मनमानी बिजली का दाम बढ़ोतरी का विरोध करते हुए बचेली कांग्रेस कमेटी का आंदोलन

पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com



लोहनगरी बचेली में संगठन महामंत्री सलीम राजा उस्मानी , ब्लॉक अध्यक्ष संतोष दुबे, पार्षद फिरोज नवाब, किरण जयसवाल, दमयंती साहू रीना दुर्गा, मनोजसाहा, पूर्व एल्डरमैन, सुशीला निहाल, रघु कुमार, ब्रह्मा सोनानी , जीएस कुमार, संजीव साव , पंकज बनीक, नरसिम्हा रेड्डी, देवेन नायक, राजेंद्र, सूरेश झाड़ी युवा कांग्रेस अजय यूइके ,सलमान नवाब, सुनील गायन एवं समस्त कांग्रेस जन ने आज बचेली के मुख्य मार्ग पे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में छतीसगढ़ की भाजपा सरकार का दमनकारी नीति से प्रदेश की जनता बेहद आहत है आए दिन और बिजली कटौती से बेहाल जनता और बिजली का बिल आसमान छू रहा है और बिजली बढ़ोतरी के कारण ही अन्य सभी सामानों पे लगातार बढ़ोतरी से प्रदेश की जनता हलाकान है।

# दिव्यांगजनों को मिली व्हीलचेयर एवं बैसाखी

**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के द्वारा आज जिला पंचायत परिसर में जिले के दो दिव्यांगों को बैटरी चलित व्हीलचेयर और बैसाखी प्रदान किया गया। जिले में पहली बार इस तरह की बैटरी चलित व्हीलचेयर का वितरण किया गया, कलेक्टर ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह एक अच्छी पहल है। जिले के अन्य दिव्यांगजनों को भी इस सुविधा का लाभ मिलना चाहिए। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम शामतरा निवासी दयाराम कश्यप पैर से दिव्यांग है।

# कुल्थी फसल प्रदर्शन लगाने के लिए आदान सामग्री का वितरण कार्यक्रम किया गया

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित ग्राम - नाथिया नवागांव में 3 किसान टिकेश जैन, रवि निषाद, जगबती निषाद को कृषि विभाग की संचालित योजना एक्सटेंशन रिफार्म्स 'आत्मा' योजनांतर्गत कुल्थी फसल प्रदर्शन लगाने हेतु आदान सामग्री का वितरण कार्यक्रम किया गया । आदान सामग्री में कृषकों को नैनो यूरिया, नैनो डी ए पी और 20:20:0:13 खाद निशुल्क वितरण किया। कुल्थी फसल लगाने वाले कृषकों को क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गुमेश नाग द्वारा खेत की तैयारी, बुवाई की विधि, खाद देने की विधि, बीज उपचार करने की जानकारी बताया गया। कुल्थी फसल प्रदर्शन कार्यक्रम बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत कृषकों को निशुल्क दिया गया है। जिसके तहत कृषकों का पंजीयन करवाया गया है उत्पादित बीज को किसान समर्थन मूल्य पर बीज निगम और कृषि विज्ञान केंद्र में विक्रय कर सकता है । कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना एक्सटेंशन रिफार्म्स 'आत्मा' योजनांतर्गत प्रति एकड़ फसल प्रदर्शन के लिए कृषकों को 4000 रूपये की राशि का बीज और आदान सामग्री विभाग द्वारा निशुल्क दिया जाता है । विकासखंड कांकेर में इस वर्ष 20 फसल प्रदर्शन का लक्ष्य दिया गया है जिसमें मुख्य रूप से रागी, कोदो, उड़द, कुल्थी और अरहर सम्मिलित है। वितरण कार्यक्रम में लेम्पस प्रबंधक कमोद साहू, कृषि विभाग से गुमेश नाग बलवीर सेन उपस्थित रहें।


Ministry of Electronics and Information Technology, Government of India
सत्यमेव जयते

# National Institute of Electronics & Information Technology (NIELIT)

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT

Deemed to be University
Ministry of Electronics & Information Technology, Govt. of India
Main Campus: NIELIT Ropar, Birla Farms, Rupnagar (Ropar), Punjab - 140001


**Admission Open for Academic Session 2024-25**
In the Service of Nation since 1974

## Programmes Offered

| Ph.D Programmes | Campus |
|---|---|
| Computer Science and Applications | Ropar, Srinagar |
| Computer Science and Engineering | Ropar, Aurangabad, Srinagar, Patna, Imphal |
| Electronics Engineering | Ropar, Aurangabad, Patna |
| **Master Degree Courses** | **Campus (no. of available seats)** |
| M. Tech in Artificial Intelligence | Ropar (18), Imphal (30) |
| M. Tech in Data Engineering | Ropar (18), Agartala (30) |
| M. Tech in Cyber Forensics and Information Security | Ropar (18), Kohima (18) |
| M. Tech in IoT and Sensor Systems | Ropar (18) |
| M. Tech in Automotive Electronics | Ropar (18) |
| M. Tech in Electronics Design and Technology | Aurangabad (18) |
| M. Tech in Cyber Forensics | Srinagar (18) |
| Master of Computer Applications (MCA) | Patna (60) |
| M.Sc in Computer Science with Specialization in Data Science | Ropar (40), Calicut (40), Aurangabad (40) |
| M.Tech in Embedded Systems | ** |
| M. Tech in VLSI Design | ** |
| **Bachelor Degree Courses** | **Campus (no. of available seats)** |
| B. Tech in Computer Science and Engineering (AI & ML) | Ropar (60) |
| B. Tech in Computer Science and Engineering | Patna (60), Aurangabad (60) |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Patna (60) |
| B. Tech in Electronics System Engineering | ** |
| B.Tech in Computer Science and Engineering (Internet of Things, | ** |
| Cyber Security including Blockchain Technology) | ** |
| B.Tech in Electronics & Communication | ** |
| B.Tech. in Computer Science & Information Technology | ** |
| B.Tech. in Internet of Things | ** |
| B. Tech in Electronics Engineering | ** |
| **Diploma Courses** | **Campus (no. of available seats)** |
| Computer Science and Engineering | Ropar (60) |
| Electronics Production and Maintenance | ** |

** Admission in these programs will be open from Academic Session 2025-26

University **Main Campus Ropar**




**Constituent Campuses:** Agartala, Aizawl, Ajmer, Aurangabad, Calicut, Imphal, Itanagar, Kohima, Gorakhpur, Patna, Srinagar

Last Date to Submit Online Application: 15th Sept, 2024

For Course Details
Scan Me

For registration visit : **www.nielit.ac.in**

**1.25 crore+** Students Registered with NIELIT

**52 Lakh+** Students Certified by NIELIT

Key Highlights:
- Excellent Placement Opportunities
- Industry driven curriculum
- State - of - art labs
- Skill Development in Emerging Technologies
- Internship in leading industries
- Support for Startup, Incubation, R&D and Innovations

**SMART Lab**

A first-of-its-kind Virtual Prototyping Lab (SMART Lab), developed under the Chips to Start-up (C2S) program at NIELIT. The 'SMART' remote lab facility is available 24x7 & the students, researchers can access the facility, anytime and anywhere. It is a platform to skill youths in VLSI / Embedded System/Electronic Product Design domain.

**Cyber Forensics Lab**

Cyber Forensics R&D Lab is a state-of-the-art facility, among the few in the country equipped with an advanced forensics data center. With expertise in handling over 600 cyber-crime cases, the lab provides crucial technical support to law enforcement agencies.

**NIELIT Virtual Academy**

NIELIT Virtual Academy extends the reach of NIELIT across India, bridging the urban-rural divide. It offers affordable, anytime-anywhere learning through modern digital technologies. The platform provides an AI-enabled immersive learning experience, tailored to the needs of students, professionals, and organizations. Leveraging technology and psychology, it adapts to evolving educational demands.

**ICSAS App**

Initiatives for Cyber Security Aware Society (ICSAS), a mobile app, is available in 16 Indian and 7 international languages i.e. French, Spanish, German, Russian, Mandarin, Arabic & Bahasa Indonesia. It offers cybersecurity learning resources, interactive games, quizzes, and practical tools like e-certificates. The app also provides easy cyber incident reporting with GeoLocation to locate nearby police stations, network carriers, and bank helplines.

For Admission Contact

| Ropar Campus | Agartala Campus | Srinagar Campus | Calicut Campus | Gorakhpur Campus | Aurangabad Campus | Patna Campus | Kohima Campus | Imphal Campus |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Dr. Sarwan Singh | Sh.Niladri Das | Dr Muneer Ahmed | Dr. Vimla Mathew | Sh. Deepam Dubey | Dr. Lakshman Korra | Sh Manoj Kumar | Sh. Morimenba Amer | Dr. Angom Buboo Singh |
| 9815621657 | 8794028299 | 9906547699 | 9446732691 | 8317093874 | 9404402245 | 9631862823 | 96120 01081 | 8415069303 |

@NIELITIndia
Visit us at: www.nielit.gov.in

# आदिवासी और विशेष पिछड़ी जनजाति लोगों की राहत के लिए स्वीकृत जन मन सड़क का एक भी काम पूरा नहीं ईई पर सवाल



पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

ट्राईबल ब्लॉक के आदिवासियो के अलावा विषेश पिछड़ी जनजाति के आवागमन में सहुलियत के लिए केंद्र सरकार करोड़ों रुपए जारी कर पीएम जन मन योजना अंतर्गत महीनों पहले छुरा फिंगेश्वर और मैनपुर ब्लॉक सड़क की स्वीकृति दिया रहा लेकिन विभागीय कार्यपालन अभियंता के उदासीनता रवैया के चलते आज तक एक सड़क बनकर तैयार नही हो पाया है और ना सड़क निर्माण में कोई प्रगति देखने को मिल रहा है जिसे देख आदिवासी एवम् विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगो द्वारा नाराजगी जाहिर किया जा रहा है तभी विभागीय प्रमुख पर कार्यालय में बैठे बैठे कुर्सी तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं। जानकारी अनुसार जिला के ट्राईवल ब्लॉक छुरा 17 और मैनपुर 13 एवं फिंगेश्वर में 1 सड़क पीएम जन मन के तहत् बरसात से पहले सड़क की स्वीकृति दिया है और स्वीकृति के बाद खानापूर्ति तरीके से मिट्टी वर्क तो कर लिया लेकिन बाकी का काम शुरू नही हो पाया जिसका बरसात को बताते हैं हालांकि गिनती के दिन छोड़ बारिश इस बार देखने को नही मिल रहा है सबसे अधिक लापरवाही मैनपुर ब्लॉक में देखा जा सकता है इस ब्लॉक के गोहरापदर उसरीजोर और बुर्जाबहाल की सड़क निर्माण में लापरवाही बरतने की बात कही जाती है, जिसे देखकर भी पीएमजीएसवाई विभाग के ईई ठेकेदार पर मेहरबान दिखाई पड़ रहें हैं तभी ना सड़क प्रगति नजर आ रही है और ना बनी सड़क पूर्ण हो रही है ऐसे में आदिवासी और विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगो को पक्की सड़क के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

### विभागीय मंत्री से शिकायत की तैयारी

जिस तरह सड़क निर्माण में विभागीय प्रमुख के साथ साथ एसडीओ इंजीनियर लापरवाही बरत रहे हैं उससे ब्लॉक के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगो में काफी नाराजगी देखने को मिल रहा है बकायदा प्रतिनिधि मंडल विभागीय कैबिनेट मंत्री से मुलाकात कर शिकायत दर्ज़ कराते केंद्रीय मंत्री को भी पत्र लिखने की तैयारी कर रहे हैं ताकि प्रधानमंत्री के मंशा अनुसार जल्द से जल्द सड़क का निर्माण किया जाए और उसका लाभ मुख्यालय से दुर दराज रहे विशेष पिछड़ी जनजाति और आदिवासियो को मिल सकें क्योंकि विभागीय अधिकारियों से सड़क की प्रगति की उम्मीद बिल्कुल भी नही है शायद यही वजह है कि मंत्री के दरबार में गुहार लगाने की दरकार होने की बात कही जा रही है।

### सड़क की अतिआवश्यक

मैनपुर और छुरा ब्लॉक के कई इलाके में जल्द से जल्द सड़क का निर्माण होना अतिआवश्यक क्योंकि वर्तमान स्तिथि में आवागमन के लिए काफी ज्यादा मशक्क त करनी पड़ रही है जिससे स्थानीय अधिकारी भी भली भांति अवगत हैं लेकिन सड़क निर्माण में प्रगति लाने की वजह तेज बारिश बताते पल्ला झाड़ लिया जा रहा है ऐसे में पीएम जन मन के तहत् स्वीकृत सड़कों को पूरा होने में और लंबा समय होने की पूरी संभावना बताई जा रही है।

## भाजपा का सदस्य बन राष्ट्र के पुनर्निर्माण की यात्रा में सहभागी बनें : शिवरतन शर्मा



भाटापारा। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान 2024 से जुड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है. इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया। शिवरतन शर्मा ने सोशल मीडिया साइट (पूर्व में ट्विटर), फेश बुक और इंस्ट्राग्राम पर लिखा सभी को नमस्कार, मैने आज भाजपा की सदस्यता अभियान 2024 में सदस्यता ग्रहण कर ली है। आप सभी से सादर अनुरोध है की नीचे दिए गए मेरे 'रेफरल लिंक' पर क्लिक कर आप भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करें और अन्य लोगो को भी सदस्यता ग्रहण कराएं। भाजपा का सदस्य बन राष्ट्र के पुनर्निर्माण की यात्रा में सहभागी बनें. इसके साथ ही उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने अपना रेफरल लिंक httpsÑ // nmy. com/bjpmem/ NxXRLE और रेफरल कोड NxXRLE भी जारी किया है, जिसके माध्यम से अन्य लोग भी भाजपा के सदस्य बन सकते हैं।

# अनुसूचित जाति जनजाति संवर्ग कल्याण संगठन का हुआ ब्लाक कार्यकारिणी गठन

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



तहसील अंचल में निवासरत अनुसूचित जाति व जनजाति समाज संवर्ग के सामाजिक महिला पुरुष युवा कृषक विभिन्न व्यवसाय एवं नौकरी पेशा से जुड़े भारतीय संविधान निर्माता डा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर वादी सामाजिक जनों द्वारा बुढ़ादेव नगर के जगत सदन में एक विशेष आंचलिक बैठक आहूत किया गया। जिसमें एससी-एसटी संवैधानिक अधिकार के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा के महत्ता का अलख जगाकर उत्थान विकास समग्र क्षेत्र में सुशिक्षित सुदृढ़ सशक्त व्यसन मुक्त समाज और आरक्षण को बचाये रखने समाज पर हो रहे शोषण अन्याय अत्याचार जैसे ज्वलंत समसामयिक विभिन्न मुद्दों पर परिचर्चा कर सक्रियता के साथ उन्नत विकसित समाज को आगे बढ़ाने अनुसूचित जाति जनजाति संवर्ग कल्याण संगठन का ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया। सामाजिक आपसी भाईचारे सामंजस्य सौहार्द्र एकता अखंडता समरसता बनाये रखने संगठन विस्तार पर कार्ययोजना रूपरेखा तैयार किया गया। जहां एससी-एसटी समाजों द्वारा सर्वसम्मति से संगठन संरक्षक अमृतलाल जगत व जयदेव भोई सलाहकार चुम्मन लाल पुहूप, जितेन्द्र बुड़ेक सुरेन्द्र शेष श्रीभय चौहान अध्यक्ष जगदीश चौहान कार्यकारी अध्यक्ष हीरालाल मरकाम उपाध्यक्ष विजय सिंग नेताम, अर्जून कुजुर, सोमनाथ चेरकिया, डॉ. रमाकांत भोई, बिरंची बेतल, कैलाश मोंगरे, श्यामलाल बारीक, सचिव चंद्रसाय मांझी, गुरूजी सह सचिव राजेन्द्र सिंह सिदार कोषाध्यक्ष नरहरी कुमार सहकोषाध्यक्ष मुरलीधर बारीक प्रवक्ता उत्तरकुमार सिदार रोशन भोई तुलसी ठाकुर प्रिंट वेब व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी चिंतामणी भोई एवं राजेन्द्रसिंह सिदार कार्यकारिणी सदस्य जगदीश सिदार सोहन बाघ जगतराम रत्नाकर सारथी भोई पूर्णानंद भोय सुरेश नाग आदि पदाधिकारियों का मनोनयन के आधार पर कार्य दायित्व दिया गया है। इस अवसर पर अधिक संख्या में संविधान बचाओ अंबेडकरवादी मूलनिवासी सामाजिक जनों ने भागीदारी सुनिश्चित किये थे। शांतिपूर्ण सफल मंचीय संचालन एवं उद्घोषणा चिंतामणी भोई द्वारा किया गया।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव का भव्य स्वागत



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एस डी यादव महासमुंद जिले के प्रथम प्रवास पर थे। राष्ट्रीय सचिव बनने के पश्चात सरायपाली नगर में प्रथम आगमन हुआ। उनकी धर्मपत्नी समाजसेविका आशारानी यादव भी साथ में थीं। केजुआ रोड स्थित नवीन विश्राम गृह में महासभा के सदस्यों एवं युवाओं ने बड़े उत्साह से मुलाकात कर स्वागत किया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष पवन यादव, पार्षद हितेश यादव, राजेन्द्र कुमार यादव राजू, सूरज यादव, रेशम यादव, दिनेश कुमार यादव, मुकेश यादव, मोहित यादव, जोहित यादव (बसना), तुषार यादव, ईशान यादव, कोमल यादव, अम्बर यादव, चन्द्रो यादव, संजय यादव, बृजेश यादव, धनंजय यादव, पदमन यादव उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव यादव ने सामाजिक जनों एवं युवा कार्यकर्ताओ को चर्चा के दौरान समाज को संगठित कर समाजसेवा करते हुए जनहित में कार्य करने का आवाहन किया।

# शासकीय हाई स्कूल लंबर में किया गया सरस्वती सायकल वितरण

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



शासकीय हाई स्कूल लंबर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत छात्राओं को निशुल्क सरस्वती सायकल वितरण करने हेतु सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवकी दीवान पूर्व जिला पंचायत सदस्य व वर्तमान जिला महामंत्री भाजपा महासमुंद, अध्यक्षता मदन लाल चौरसिया अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति शासकीय हाई स्कूल लंबर, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्याचरण चौधरी मंडल अध्यक्ष भंवरपुर और युवराज सिदार सरपंच ग्राम पंचायत लंबर रहे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शासकीय हाई स्कूल लंबर के प्रभारी प्राचार्य नवीन कुमार पटेल द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। संतलाल पटेल द्वारा चौधरी का एवं प्रमोद कुमार भोई द्वारा अध्यक्ष का स्वागत किया गया। सरपंच युवराज सिदार का स्वागत समरूलाल चौहान प्रभारी प्रधान पाठक मिडिल स्कूल लंबर द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा बालिकाओं को निश्चित लक्ष्य बनाकर अच्छे से पढ़ाई करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए अपने उदबोधन में बालिका शिक्षा पर जोर देकर सबको प्रोत्साहित किया। विद्या चरण ने सभी को मोबाईल से दुरी बनाकर नियमित पढ़ाई करने पर जोर देकर सबको प्रोत्साहित किया। नवीन पटेल ने सभी अतिथियों, पालक जनों का आभार व धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस वर्ष कक्षा 9 वीं में नवप्रवेशी छात्राओं में एस सी के 2 छात्रा, एस टी के 11 छात्रा,एवम ओ बी सी के 13 छात्रा कुल 26 छात्राओं को निशुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत सायकल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में संचालन शिक्षक गिरीश कुमार पाढ़ी द्वारा किया गया। स्कूल के सभी शिक्षक निलेश कुमार चौरसिया, गौरीशंकर साव, अजय चंद्रा, चित्रा पटेल के साथ साथ बड़ी संख्या मे पालक गण व माताएं उपस्थित रहीं।

## छत्तीसगढ़ स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए, विधायक इन्द्र साव




पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

पोला पर्व के उपलक्ष्य में स्थानीय नगर क्रीडा मण्डल एवं कबड्डी संग के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन विधायक इन्द्र साव के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ, प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 32 कबड्डी टीम ने भाग लिया भाटापारा एवं ग्राम बेंदरी के बीच रोमांचक फईनल मैच खेला गया, जिसमें भाटापारा की टीम विजेता रही, मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को कप एवं 10 हजार रूपये का नगद राशि से सम्मानित किया, विधायक इन्द्र साव ने अपने उद्बोधन में कहा नगर में बेहतर खेल सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जावेंगा। साथ ही उन्होंने विजेता टीम, समस्त प्रतिभागी एवं आयोजकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, और उन्होंने आगे कहा कि कबड्डी ही एक ऐसा खेल है जिसमें खिलाड़ी एक-दूसरे को बलपूर्वक पछाड़ने का प्रयास करते है, जिसमें चोट लगना या झूंड में दबना स्वाभाविक प्रि या है, लेकिन खेल के समाप्ति पर आपस में गले मिलने की खेल भावना का स्वरूप हमारे दैनिक जीवन में भी होना चाहिए। इस अवसर पर एस.आर. फूटान, बाबूलाल साव, इन्दर लाल थारानी, संतोष साहू, मोतीलाल जोथवानी, टी.आर. साहू, परमानंद सचदेव, पार्षद दीपक निर्मलकर, पूर्व पार्षद नानू सोनी, शिवलाल यादव, पूर्व एल्डरमेन, मुकेश साहू, राजेश चुटे, सत्यजीत शेण्डे, जीत नारायण साव, दुर्गेश यदु, तोरण साहू, संचालक रमेश कुमार यदु, निर्णायकगण रविशंकर ध्रुव, घनाराम ध्रुव, रविशंकर यादव, ललित ठाकुर, राजेन्द्र साहू, मुलचंद ध्रुव, त्रिलोकी वर्मा, भोलाराम ध्रुव, धनंजय यादव, भेष कुमार ध्रुव, मुरीत राम ध्रुव सहित भारी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## पी.एम. श्री स्कूल चनाट मे स्वच्छता जागरूकता रैली



पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पी. एम श्री स्कूल चनाट मे शासन के आदेशानुसार 01 से 15 सितंबर तक स्वच्छता दिवस मनाया जाना है, जिसके तारताम्य मे स्वच्छता शपथ दिवस के उपलक्ष्य पर सभी बच्चों एवं शाला परिवार के सभी सदस्यो ने स्वच्छता के प्रति सजग रहते हुए, स्वयं गंदगी न करने, और किसी को न करने देने, परिवार एवं मित्रजनो को गंदगी ना फैलाने, कार्यालय एवं सार्वजनिक जगहों मे गंदगी ना फैलाने की शपथ ली गई। गाँव के गलियों मे स्वच्छता जागरूकता रैली निकाल नारा लगाकर बच्चों ने ग्रामीण जनों मे जागरूकता लाने का प्रयास किया। उक्त कार्यक्रम मे प्रधानपाठक नीलाम्बर नायक ने बच्चों को एवं समुदाय को स्वास्थ्य जानकारी भी दी। खाने से पहले एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोने प्रेरित किया। पदस्थ शिक्षिका प्रभा जगत, रसोइया भारमोती, उमावती एवं नरेश यादव का सहयोग सराहनीय रहा।

## स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से 2 अक्टूबर तक उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन




पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्वावलंबी भारत अभियान की स्थापना भारत में युवा शक्ति को स्वरोजगार व उद्यमी बनाने के लिए की गई है। स्वावलंबी भारत अभियान का लक्ष्य वर्ष 2030 भारत को पूर्ण रोजगार युक्त बनाना है, बलौदाबाज़ार-भाटापारा ज़िले में स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से 21 अगस्त से 2 अक्टूबर तक उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इसी आयोजन के तहत दिनांक 3 सितंबर को पलारी शासकीय महाविद्यालय पलारी और वटगन शासकीय नवीन महाविद्यालय में प्रोत्साहन का कार्यक्रम छात्रों के साथ संवाद कर किया गया। इस सम्मेलन में डॉ. जय नारायण केसरवानी, पूर्व प्राचार्य, शोधार्थी छात्र, समाजसेवी शालीन साहू व अभियान प्रभारी सौरभ साहू ने सभी छात्रों के साथ आत्मनिर्भर भारत, स्वरोजगार के विषय में संवाद किया। संबंधित महावि. के प्रभारी प्राचार्य प्रो. चंद्रकांत जलहरे व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. खरे, स्टाफ सहित उपस्थिति रही कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों के समक्ष नौकरी व रोजगार की चुनौतियों से निपटने के लिए स्वयं के कौशल व उद्यमिता मे अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों के सामने अनेक अनेक युवा व्यापारियों का उदाहरण सामने रखा वह उनसे सीखने और अपने पढ़ाई के साथ-साथ इस स्वरोजगार के विषय में भी सोचने के लिए प्रेरित किया।

## सिंगपुर में आयोजित मुख स्वास्थ्य जांच शिविर में किया गया 59 लोगों का पंजीयन





पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी तथा शासकीय दंत महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन जिलें के पिछड़ी जनजाति वाले क्षेत्रों किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिन मगरलोड़ के ग्राम सिंगपुर में कमार जनजाति एवं अन्य पिछड़ी जनजातियों का मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 59 लोगों का पंजीयन किया गया, जिसमें से 46 लोग कमार जनजाति वर्ग के मौजूद थे। इनमें दंत फ्लोरोसिस के 14, एक्सट्रेक्शन के 03, कैल्कुलस के 13, डेंचर आरपीडी 6, रेस्टोरेशन 6 और ओरल प्रोफीके 16 मरीज मिले है।उक्त शिविर में दंत महाविद्यालय रायपुर के डॉ. महेन्द्र कुमार अनंत, डॉ. सोपान सिंह, डॉ. शुभम सेठी, डॉ. शशांक अग्रवाल द्वारा शिविर में उपस्थित मरीजों का मुख संबंधी जांच कर उन्हें परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को डेंचर और स्केलिंग सुविधा दी जा रही है।

# चलो चले हम पेड़ लगाए धरती पर हरियाली लाए : गोविंद साहू

### पोरा तिहार में जुनवानी के श्रीराम उपवन में किया गया पौधारोपण

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ के प्रमुख तिहार पोरा तिहार के पावन अवसर पर ग्राम जुनवानी के श्रीराम उपवन मे वृक्षारोपण किया गया। सर्वप्रथम देव स्वरूप वृक्षों की पूजा-अर्चना कर पौधारोपण किया गया। ग्राम जुनवानी के दर्रीपार रोड मे श्रीराम उपवन लगाए गए है, जिसमे ग्राम पंचायत, गायत्री परिवार एवं समस्त ग्रामवासी से लगभग 100 पौधे लगे है,जिसमे विभिन्न प्रजाति के फलदार, छायादार, औषधीय एवं शोभायमान पौधे लगाए गए है। जिसमें पोरा तिहार के पावन पर्व पर आम, कदमब, बरगद, सीताफल, मुनगा, आंवला, काजू, कटहल, अमरूद, बेल, आदि के पौधे लगाए गए सभी लोगों ने पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए एवं वृक्षारोपण करने के लिए लोगों से अपील की एवं वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ पेड़ लगाओ पुण्य कमाओ का संदेश दिया। इस पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोविंद साहू सभापति जिला पंचायत धमतरी, चौथराम साहू सरपंच जुनवानी, ज्ञानिक साहू पंच, विष्णु राम साहू, भुनेश्वर साहू,डामन लाल साहू शिक्षक, चूरन लाल साहू वृक्ष मित्र, खेमचंद पटेल गुजरा लक्ष्मीकांत, सूरजभान, नीलकमल, राजू, हीरामन साहू पीलू राम, गंगूराम यादव, जगेशरु, किशोर, नाथुराम साहू, खूबलाल साहू, गायत्री परिवार के साथी एवं ग्रामवासी जन उपस्थित रहे।

# आए दिन सिंघाड़ा और साबूदाना के

## उपवास के दौरान सेवन करने वाली सामग्रियों की कीमत बढ़ी





पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

तिखुर तो ठीक लेकिन सिंघाड़ा और सिंघाड़ा आटा की खरीदी पसीने छुड़ा सकती है। इसलिए साबूदाना को लेकर रुझान बढ़ता नजर आता है क्योंकि कीमत, क्रय शक्ति के भीतर ही मानी जा रही है। तीज के साथ उपवास के दिन चालू हो रहे हैं। गणेश उत्सव में तो कम लेकिन नवरात्रि में ऐसी खाद्य सामग्रियां खूब मांग में रहतीं हैं, जिनका सेवन उपवास के दिनों में किया जाता है लेकिन सिंघाड़ा जैसी सामग्री के लिए व्रती को अपेक्षाकृत ज्यादा व्यय भार उठाना होगा।

### तेवर तीखे सिंघाड़ा के

फसल तैयार होने के दौरान कच्चे सिंघाड़ा में खूब मांग निकली। कीमत भी बेहतर मिली लेकिन खामियाजा उपवास पर रहने वालों को उठाना पड़ रहा है, बढ़ी कीमत में खरीदी के लिए। मांग के दिन चालू हो चुके हैं। इसलिए होलसेल बाजार में सिंघाड़ा 120 से 140 रुपए किलो में खरीदी हो रही है। चिल्हर बाजार 160 से 170 रुपए किलो पर मजबूत है। सिंघाड़ा आटा में भाव 200 रुपए किलो पर स्थिर है।

### शांत साबूदाना और तीखुर

उपवास के दिनों में साबूदाना और तीखुर से बनी सामग्रियों का भी सेवन किया जाता है। मांग के अनुरूप उपलब्धता से यह दोनों भी खरीदे जा रहे हैं। 90 से 100 रुपए किलो पर साबूदाना और 75 से 110 रुपए किलो की कीमत के बाद तिखुर की मांग में हल्की बढ़त देखी जा रही है क्योंकि कीमत क्रय शक्ति के भीतर ही है। खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्र की उपभोक्ता इनकी खरीदी कर रहे हैं।

### दिन आए मांग के

तीज पर्व। बाद के दिनों में गणेश उत्सव और नवरात्रि। अंत में दीपावली। यह दिन उपवास के माने जाते हैं। यानी कारोबार का सही अवसर लेकिन व्यापक तैयारी के बीच आई तेजी से उठते बाजार को आंशिक झटका लगना बताया जा रहा है। उपाय है नहीं इसलिए उम्मीद है कि तीज पर्व की कमजोर मांग की भरपाई नवरात्रि पर निकलने की संभावित खरीदी से की जा सकेगी।

## मशाल रैली फेडरेशन आंदोलन की चरणबद्ध प्रक्रिया में होगी 11 को, चंदूलाल चंद्रकार ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन भखारा ब्लाक संयोजक पुरुषोंत्तम निषाद ने बताया प्रांतीय निर्देशानुसार जिला संयोजक चन्दूलाल चन्द्राकर द्वारा फेडरेशन भखारा की बैठक लेकर 11 सितंबर की मशाल रैली फेडरेशन के आंदोलन की चरण बद्ध प्रकिया में तृतीय चरण होगी जिसमें मुख्य मांग जनवरी 2024 से केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं जुलाई 2019 से महंगाई भत्ता की एरियर्स राशि का जीपी खाता में समायोजन, भाजपा की घोषणा पत्र अनुसार शासकीय सेवको को चार स्तरीय समयमान वेतनमान, केंद्र के सामान गृह भाडा भत्ता, भाजपा के घोषणा पत्र अनुसार मध्य प्रदेश सरकार की भाँति प्रदेश के शासकीय सेवकों की अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन करने हेतु उक्त मांगो के सम्बंध में जिला संयोजक द्वारा बैठक के में पूर्व परिचय ततपश्चात सभी पदाधिकारियों से उदबोधन समस्याओं पर निराकरण सुझाव एवम संगठन की मजबूती को लेकर मार्गदर्शन किया तथा मशाल रैली को सफल बनाने सभी से अपील किया तथा बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 सितम्बर को समस्त कर्मचारी दोहपर 2:30 बजे अटल चौक भखारा में एकत्रित होकर मशाल रैली निकालकर मांग के सम्बद्ध में तहसीलदार भखारा को मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौपेंगे। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से खुमान सिंह ठाकुर जिला प्रवक्ता, एनआर टण्डन कोषाध्यक्ष, दयालू राम साहू जिला सह संयोजक,एवं ब्लाक भखारा फेडरेशन के पदाधिकारी सरंक्षण गण शिवनारायण गजेंद्र एपी आर प्रीतम, एसआर साहू, जीपी साहू, सुलेमान ग्वाल, आरके गंजीर, कोषाध्यक्ष बीरेंद्र साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रेणुका बारले, प्रवक्ता मीरा चंद्रकार, उषा साहू, मीडिया प्रभारी वेदराम ध्रुव एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी गण, जिसमे पशुचिकित्सा विभाग से जग्गनाथ यादव, शिक्षा विभाग से मोहित साहू, फनेश साहू, मोहित कुमार नन्द कुमार, अनुज साहू, लोकेश कुमार साहू, तुलसी राम नेताम, स्वास्थ्य विभाग चितेश साहू, ओमन साहू, भरत लाल साहू, बाला राम रात्रे, मोहन लाल साहू, राजस्व विभाग पीताम्बर साहू, आदि पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सहयिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन 16 सितम्बर तक

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत झिरिया सेक्टर के ग्राम छाती स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक एक में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन आगामी 16 सितम्बर तक मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि उसी ग्राम की इच्छुक आवेदिका कम्पोजिट भवन के पास स्थित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय धमतरी ग्रामीण में नियत तिथि तक आवेदन जमा कर सकतीं हैं।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु समस्त स्वास्थ्य संस्थाएं जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें : कलेक्टर चौधरी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में मौसमी बीमारियां पीलिया, डेंगू, मलेरिया, स्वाईन फ्लू आदि के धनात्मक प्रकरणों में वृद्धि को देखते हुए समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं के अधिकारियों को भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों पीलिया, डेंगू, मलेरिया, स्वाईन फ्लू आदि के के बचाव, उपचार व रोकथाम हेतु एतियात बरतने दिशा-निर्देश जारी किया जा चुका है। स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारी निर्देशों के तहत विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर सुचौधरी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से पीलिया, डेंगू, मलेरिया, स्वाईन फ्लू से पीड़ित मरीजों की अद्यतन जानकारी ली। नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे ने अवगत कराया कि 02 सितंबर 2024 से पूर्व में भर्ती मरीजों की स्थिति एनएचएमएमआई रायपुर 03 एआई आईएमएस 05, (मेकाहारा)ए शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी-02, चंदूलाल चंद्राकर शासकीय मेडिकल कॉलेज, कचांदूर-02 में चिकित्सकीय उपचार हेतु भर्ती है। एवं 02 सितंबर 2024 को 01 मरीज (चौहान ग्रीन वेली, भिलाई) की मृत्यु शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी में हुई है। स्वाईन फ्लू के मरीजों हेतु चंदूलाल चंद्राकर शासकीय मेडिकल कॉलेज, कचान्दूर में 30 बिस्तर एवं जिला चिकित्सालय, दुर्ग में 10 बिस्तर आरक्षित किये हैं। कलेक्टर ने नगरीय निकाय के अधिकारियों को प्रभावित वार्डों में स्वास्थ्य अमले के साथ आगामी एक माह तक संयुक्त भ्रमण कर खाद्य पदार्थों और पेय जल स्त्रोतों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। लोगों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी जाए। बैठक में राशन कार्ड नवीनीकरण एवं वितरण के संबंध में बताया गया कि 345290 नवीन राशनकार्ड हितग्राहियों को वितरित किए जा चुके है एवं लगभाग 50 हजार राशनकार्डों का वितरण शेष है। कलेक्टर चौधरी ने जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को अभियान चलाकर जनप्रतितिनधियों के माध्यम से 15 सितंबर तक शेष बचे राशनकार्डों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन राशनकार्ड वितरण की जानकारी से अवगत कराने कहा। साथ ही संचालित पीडीएस दुकानों का सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अवगत कराया कि आगामी 15 सितंबर को छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिले में 190 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में पानी, बिजली व यातायात के समूचित प्रबंध, वाहन व्यवस्था तथा ऑब्जर्वरों के लिए गार्ड की व्यवस्था हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में परीक्षा के सफल आयोजन हेतु संबंधित विभागों से सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने समग्र शिक्षा के तहत् स्वीकृत निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति और विद्युत विभाग को बिजली बिल जमा करने की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों को भी समयावधि में विद्युत बिल का भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों में की गई कार्यवाही की जानकारी ली। साथ ही प्रकरणों के निराकरण में और प्रगति लाने अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, सहायक कलेक्टर एम भार्गव, जिला पंचायत के सीईओ अश्विनी देवांगन, अपर कलेक्टर बीके दुबे, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चंद्राकर, नगर निगम भिलाई की आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, संयुक्त कलेक्टर एच.एस. मिरी एवं विरेन्द्र सिंह, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ, सभी नगरीय निकायों के अधिकारी और समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# छात्राओं ने पानी पीने बाहर जाने की इजाजत क्या मांगी बेशर्म प्रधान पाठक ने कहा पेशाब पी लो

## प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी से नहीं संभल रहा जिले की कमान

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले के वाड्रफनगर ब्लॉक के फूली डुमर मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक ने छात्राओं को पानी की जगह पेशाब पीने को कह दिया। छात्राएं प्रधानपाठक से पानी पीने के लिए अनुमति लेने गई थीं। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्राओं ने प्रधानपाठक से पूछा कि सर हम लोग पानी पीने सड़क के उस पार चले जाएं तो प्रधानपाठक ने कहा कि नाली का पानी पीने जाओ, जब छात्राओं ने मना किया तो प्रधान पाठक ने कह दिया कि पेशाब पी लो। प्रधान पाठक रामकृष्ण त्रिपाठी के जवाब से हतप्रभ छात्राओं ने सरपंच से मुलाकात कर घटना की शिकायत की। छात्राएं सातवीं पढ़ती हैं। छात्राओं की शिकायत पर सरपंच ने मामले की जानकारी बीईओ को दी। जांच कराई गई तो छात्राओं ने पूरे मामले की शिकायत की। घटना 30 अगस्त की है। बीईओ ने बताया कि गाज गिरने से स्कूल के बोर का तार जल गया था। इससे बोर नहीं चल पा रहा था। छात्राएं सड़क के दूसरी तरह बोर में पानी पीने जाने के लिए प्रधानपाठक से अनुमति लेने गई थी, तब प्रधानपाठक ने छात्राओं को पेशाब पीने को कह दिया।

जांच के लिए पहुंचे तो छात्राओं ने प्रधानपाठक के सामने ही कहा कि प्रधान पाठक ने उन्हें पेशाब पीने के लिए कहा। प्रधान पाठक रामकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं कहा था।

### एक महीने पहले बैग में मिला था हिडन कैमरा

विभागीय सूत्र बताते हैं कि एक माह पहले बीईओ मनीष कुमार जांच करने स्कूल पहुंचे थे। इस दौरान मिडिल स्कूल के शिक्षकों की नजर हेडमास्टर के बैग पर पड़ी तो वे चौंक गए थे। बैग में हिडन कैमरा छिपा था। मामले में बीईओ ने हेडमास्टर को नोटिस दिया था। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बीईओ से शिकायत की थी। हेडमास्टर स्कूल के कमरों व बाहर गाड़ी के ऊपर भी कई बार बैग छोड़ देते थे। हिडन कैमरा में कब-कब, क्या-क्या रिकार्ड किया गया है, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में 1 से 8 सितंबर तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन





पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

■ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने समस्त विभाग के अधिकारियों को दिलाई उल्लास की शपथ

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में 8 सितंबर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में 1 सितंबर से 8 सितंबर 2024 तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर चौधरी ने समस्त विभाग के जिला अधिकारियों को उल्लास की शपथ दिलाई। साक्षरता सप्ताह अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां जैसे जागरूकता रैली, उल्लास शपथ, नुक्कड़ नाटक, शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में 1 सितंबर 2024 को स्वच्छता मितानों के द्वारा वाहन रैली निकालकर कार्यक्रम का आगाज किया गया, जिसे नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# होटल संचालक से निगम आयुक्त ने उठवाया कचरा, लगाई जमकर फटकार, बोले दोबारा सड़क पर मत फेंकना

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा स्वास्थ्य अमले के साथ रोज की तरह शहर साफ - सफाई व्यवस्था देखने स्टेशन रोड,राजेन्द्र पार्क चौक के अलावा मालवीय नगर पर निकले।निरीक्षण के दौरान खालसा पब्लिक स्कूल के पास स्थित होटल संचालक को सड़क के किनारे कचरा डालना महंगा पड़ गया। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निरीक्षण के दौरान मालवीय नगर खालसा पब्लिक स्कूल के पास उस होटल संचालक को बुलाकर उससे कचरा उठवाया। चेतावनी देते हुए बोले-दोबारा सड़क पर मत फेंकना कचड़ा। शहर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि कई दुकानदारों द्वारा दुकान से निकलने वाला कचरा बाहर फेंका जाता है, जिस पर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को नजर रखने के साथ साथ जुर्माना करने के निर्देश दिए।नगर निगम आयुक्त ने मौजूद अधिकारी को साफ-सफाई व्यवस्था को सुधारकर और बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए। होटल व दुकान से निकलने वाले अपशिष्ट प्रबंधन एवं गीले-सूखे कचरे को नगर निगम के वाहनों में दिया जाए। अन्यथा नगर पालिक निगम अधिनियम की 1956 की धारा 418 (1) के प्रावधानों के तहत नियमानुसार जुर्माना वसूला जाएगा। इसकी जिम्मेदारी दुकान संचालक की होगी।निरीक्षण के मौके पर उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, पीआईयू कुणाल,परम कुमार सहित अमला मौजूद रहे। दुकान के बाहर कचरा देख आयुक्त नाराज थे। पहले तो उन्होंने दुकानदार को खूब खरी खोटी सुनाई। आयुक्त ने दुकानदार से कहा, कि आप लोग पढ़े लिखे समझदार लोग हो। उसके बाद इस तरह सड़क पर कचरा फैला रहे हो। आयुक्त के आदेश पर 500 रुपये का अर्थदंड किया गया।

# अविनाश और अनिल ने सिकलिन मरीज के लिए ब्लड दिये

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जरूरत मंद मरीजों के लिए जिला अस्पताल में संचालित ब्लड बैंक से तत्काल ब्लड की व्यवस्था की जा रही है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में सिकलिन मरीज कुणाल यादव उम्र 14 साल निवासी सोमनी को बी निगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी और मरीज को हर माह दो यूनिट ब्लड लगता है। ब्लड बैंक में बी निगेटिव ब्लड उपलब्ध नहीं था, तो ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल के कॉल और प्रेरित करने पर अविनाश पारकर नया पारा दुर्ग और अनिल कारिया ऋषभ ग्रीन सिटी गंजपारा दुर्ग दोनों के द्वारा बी निगेटिव बहुमूल्य रक्त दान किया गया। सिकलिन मरीज को ब्लड मुहिया कराया गया। अभी तक कुणाल को 20 यूनिट बी निगेटिव रक्त जिला चिकित्सालय दुर्ग से दिया जा चूका है। इस रक्तदान के समय डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, ब्लड बैक के नर्सिंग आफिसर सती गुप्ता, काउंसलर टी एस एंथोनी, ब्लड बैंक टेक्नोलॉजीस्ट रोशन सिंह, ब्लड बैंक इंचार्ज रूपेश सरपे, टेक्निशियन तरन्नुम, दिनेश, सूरज, कौशल, हिमांशु, माला प्रशिक्षणार्थी भारती, ज्योति, गोवर्धन, डेमन, नेहा एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कारिणी सदस्य और जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर ,जीवन दीप समीति के सदस्य प्रशांत डोंगावकर की उल्लेखनीय भूमिका और सकारात्मक सहयोग रहा और सभी ने रक्तदाताओं को साधुवाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्वाईन फ्लू के संबंध में दिशा-निर्देश जारी, संक्रमण से बचने के लिए अपनाएं सरल सार्वजनिक स्वास्थ्य सावधानियां

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी आईडीएसपी संदीप ताम्रकार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम. दुर्ग के मार्गदर्शन में वर्तमान में जिले में मौसमी बीमारियों जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, डेन्गु, मलेरिया, स्वाइन फ्लु आदि के धनात्मक प्रकरणों में वृद्धि देखते हुए समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को भारत सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देश का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है। मौसमी बीमारियों की बचाव, उपचार व रोकथाम हेतु समुदाय में लोगों द्वारा स्वाईन फ्लू संक्रमण से ऐहतियात बरतने जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को दिशा-निर्देश जारी किया जा चुका है जिससे संक्रमण का फैलाव कम किया जा सके।

**स्वाईन फ्लू** - स्वाईन फ्लू श्वसन-तंत्र संक्रमण है जो मनुष्यों में इनफ्लुएंजा-ए वायरस के कारण होता है। सामन्यतः इसकी अवधि 1 से 2 दिन की होती है। संक्रमण का प्रसार संक्रमित व्यक्ति के लक्षण प्रारंभ होने के 3 से 5 दिवस तक अन्य व्यक्ति को हो सकता है एवं इसका प्रसार सामान्यतः संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। इसमें सामान्य लक्षण सर्दी, खांसी, गले में खराश, बुखार, सिरदर्द, थकावट और कभी दस्त एवं उल्टी भी होते है। उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों जैसे गर्भवती महिला, 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, 65 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध एवं किसी अन्य रोगों से ग्रसित व्यक्तियों में इस संक्रमण की जटिताऐं होने की सम्भावना होती है।

**संक्रमण का प्रसारः**- संक्रमण का प्रसार संक्रमित व्यक्ति में लक्षण प्रारंभ होने के 3-5 दिवस तक अन्य व्यक्तियों में हो सकता है। संक्रमण का प्रसार सामान्यतः संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने (छोटी बूंद का संक्रमण) के माध्यम से होता है।

# शहर में शासकीय पुस्तकालय खोलने की मांग



पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

स्थानीय युवाओं ने कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी. को ज्ञापन सौपते हुये शहर में एक सरकारी पुस्तकालय की स्थापना किये जाने का अनुरोध किया है.कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुये युवाओं ने बताया कि हम शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी तथा अन्य क्षेत्रीय विद्यार्थी निवास मनेन्द्रगढ़ में रहते हैं, हमारे क्षेत्र में शिक्षा का स्तर सुधारने के उद्देश्य से एक सरकारी पुस्तकालय की अत्यंत आवश्यकता है, इस क्षेत्र में विद्यार्थियों एवं सामान्य जनता के लिए अध्ययन और अनुसंधान की सुविधा नही है। सरकारी पुस्तकालय की स्थापना से प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के लिए कहीं दूसरे शहर में न जाकर अपने ही क्षेत्र में पुस्तकालय में ही रहकर तैयारी करने में आसानी होगी जो कि उनके जीवन में ज्ञानवर्धन तथा क्षेत्र के विकास में सहायक सिद्ध होगी। अतः अनुरोध है कि हमारे क्षेत्र में एक सरकारी पुस्तकालय की स्थापना के लिए आवश्यक कदम उठाने की कृपा करें। इसके लिए हम सभी क्षेत्रवासी एवं विद्यार्थिगण आपके आभारी रहेंगे। इस मौके पर आलोक द्विवेदी, सतीश चौधरी, लव तिवारी आकाश लाल, सौरभ, मानस ताम्रकार,सन्नी सेन,सन्नी सूर्यवंशी, प्रवीण शर्मा समेत अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

# तालाब में कुंड बनाने आयुक्त ने दिए निर्देश प्रतिमा विसर्जन के दौरान होगी रोशनी





पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने तालाबों का निरीक्षण की। उन्होंने हिंद नगर तालाब और मरोदा डेम में पूजा सामाग्री विसर्जन के लिए कुंड तैयार करने निर्देश दिए। साथ ही प्रतिमा विसर्जन तैयारी करने कहा। आयुक्त मोनिका वर्मा पहले हिंद नगर तालाब का निरीक्षण की। उन्होंने यहां पूर्व से बने कुंड की स्थिति को देख नाराजगी जाहिर की। आयुक्त ने निर्देश दिए कि पूर्व से बने कुंड की सफाई कर उसे व्यवस्थित करे। जिससे पूजन सामाग्री विसर्जन करने तालाब पहुंचे नागरिकों को असुविधा न हो। आयुक्त ने निगम क्षेत्र की अन्य तालाब की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि कर्मचारी तालाब में बने घाटों की सफाई सप्ताह में एक बार अवश्य करे। निरीक्षण के दौरान अभियंता अखिलेश गुप्ता, नितिश अमन साहू, गोपाल सिन्हा समेत जन स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर विरेन्द्र देशमुख, सतीश देवांगन आदि उपस्थित थे।

**नागरिकों को समझाईश**-निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निगम ने अभियान चलाकर तालाबों की सफाई की है। इसके बाद भी आमजन स्वच्छता पर ध्यान नहीं दे रहे है। गणेश और दुर्गा पूजा सामाग्री के लिए हिंद नगर तालाब में कुंड तैयार किया है। सम्यक प्रयास करे कि लोग कुंड में ही विसर्जन सामाग्री को विसर्जित करे।

**निर्धारित स्थान में प्रतिमा विसर्जन**-निगम ने रिसाली और आस पास के क्षेत्र के प्रतिमा विसर्जन के लिए दो स्थान चिन्हित किया है। हिन्द नगर तालाब और नेवई डेम में विसर्जन के दिन पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। नेवई डेम में चिन्हित स्थान पर बेरिकेटिंग भी किया जाएगा। निगम प्रशासन ने निर्धारित स्थान में ही प्रतिमा विसर्जन करने कहा है।

## बच्चों ने मेहंदी के माध्यम से दिखाई अपनी प्रतिभा

# मेंहदी प्रतियोगिता में निशा को मिला पहला स्थान, खुशबू द्वितीय, आदर्श पैरामेडिकल परिसर में हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सबसे बड़े त्यौहार हरितालिका तीज के पूर्व जिले के मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में आदर्श पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के छात्र छात्राओं के लिये मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आदर्श पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के आमाखेरवा रोड स्थित परिसर मे आयोजित इस मेहंदी प्रतियोगिता मे संस्था की सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सभी छात्राओं ने अपने और आये निर्णायकों के हाथो पर अलग अलग सुन्दर मेहंदी रचा कर प्रतियोगिता जितने के लिये अपनी पुरजोर दावेदारी प्रस्तुत की। आपको बता दें इस प्रतियोगिता मे संस्था की 15 छात्राओं ने हिस्सा लिया जिनमे से विजेताओं में प्रथम स्थान पर निशा द्वितीय स्थान पर खुशबू पाल तृतीय स्थान पर पार्वती, सांत्वना अंजली यादव और मीना का चयन संस्थान की सह संचालक संजू सोनी और निर्णायक पूजा वस्त्रकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आदर्श पैरामेडिकल संस्था की सह संचालक संजू सोनी ने कहा की हिंदू धर्म में हरितालिका तीज पर्व का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार जहाँ मनुष्य को प्रकृति से जोड़ता है वही शादीशुदा महिलाएं अपनी पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि के लिए शिव जी और मां पार्वती की आराधना करती हैं। व्रत रखकर प्रकृति, हरियाली की भी पूजा करती हैं साथ ही हरे रंग के वस्त्र, चूड़ियां पहनकर अपनी सखियों के साथ झूला झूलती हैं। पारंपरिक गाने गाकर एक-दूसरे को बधाइयां भी देती हैं। मेहंदी प्रतियोगिता की निर्णायक पूजा वस्त्रकार ने इस अवसर पर कहा की हरितालिका तीज हमारी संस्कृति का प्रतीक है और हर साल की तरह इस बार भी संस्था में तीज के त्योहार के मौके पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पूजा वस्त्रकार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को हरितालिका तीज की बधाई दी और छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मेहंदी प्रतियोगिता से छात्राओं की क्रियाशीलता, सृजनात्मकता, एकाग्रता एवं मिलकर कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। आदर्श पैरामेडिकल संस्था के संचालक रमेश सोनी ने सभी छात्राओं और महिलाओं को हरितालिका तीज की बधाई दी और कहा की इस तरह के कार्यक्रमों से आपस में एकता का संचार होता है एवं हमें अपनी संस्कृति को मजबूत बनाने की इच्छा जागृत होती है। शिक्षक सोहन यादव ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा की हिंदू परंपरा में हरतालिका तीज व्रत का विशेष महत्व है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए कठोर व्रत का पालन करती हैं। इस दिन भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा का विधान है वहीं कुछ अविवाहित महिलाएं भी अच्छे जीवन साथी की कामना लेकर यह व्रत रखती हैं। मेहंदी प्रतियोगिता कार्यक्रम के दौरान अंजली यादव, मनीषा, नंदिनी, अल्पा, प्रीति, सरिता सारथी, गीता, प्रीति, मीना, सुनीता, संगीता, सुशीला, भुनेश्वरी, पूनम पार्वती नम्रता मीनाक्षी प्रीतम खुशबू चांद कुमारी मानसी नेहा सोनू नैंसी अनुराधा जया रोशनी रोहन सिंह दीपक उपस्थित रहे।

# बाल वर्ग के बहनों ने कबड्डी में मारी बाजी



पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

ग्राम भारती सरस्वती शिक्षा विकास समिति द्वारा जिला स्तरीय क्रीड़ा एवं बौद्धिक प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहर्सी में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल अलग-अलग वर्ग में खेलाया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर कचंदा के बाल वर्ग के बहनों ने कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले में बाजी मारी है। प्रथम स्थान प्राप्त करने से विद्यालय में पहुंचने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया फूल मालाएं पहनाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अम्बेश जांगड़े पूर्व विधायक पामगढ़, विशिष्ट अतिथि पुरनंदन कुमार कश्यप प्रांतीय सचिव छः ग ग्राम भारती एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष कविता तिवारी सरपंच ग्राम पंचायत लोहर्सी रहे। बाल वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता के खिलाड़ी नव्या कप्तान, साधना कश्यप उपकप्तान, अनुष्का खाण्डेकर, अमृता रायसागर, सौम्या कश्यप, चंचल रायसागर, कुमकुम कश्यप, खेल प्रभारी रोहित कुमार कश्यप, चुडामणी कुम्भज प्रधानाचार्य श्यामलमूर्ति रायसागर रहे।

## संपादकीय

# भारत-चीन संबंध जयशंकर की टिप्पणी

**भारत के विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने भारत की 'विशेष चीन समस्या' का उल्लेख किया है। इस समस्या का गहरा संबंध दोनों देशों के बीच लंबे समय से जारी सीमा विवाद है जिसका समाधान अभी नहीं हुआ है। भारत-चीन संबंध लंबे समय से चुनौतियों से भरे रहे हैं, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की हालिया टिप्पणियों ने इन मुद्दों पर विभिन्न क्षेत्रों का गहराई से ध्यान आकर्षित किया है। जयशंकर ने कहा था कि भारत की 'विशेष चीन समस्या' है। उन्होंने जोर दिया कि यह चीन से जुड़े बाकी दुनिया के आम सरोकारों से अलग है जिसमें यूरोप और अमेरिका शामिल हैं। जयशंकर की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब दुनिया भर के अनेक देश 'सामान्य चीन समस्या' कही जाने वाली समस्या से निपट रहे हैं जिसके अनेक आयाम हैं। हालांकि, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा बहसों से रेखांकित यह समस्या केवल भारत के साथ नहीं है। यूरोप और अमेरिका के नीति निर्माता भी चीन के बढ़ते प्रभाव तथा उसके द्वारा पेश चुनौतियों से लगातार परेशान हो रहे हैं। व्यापार असंतुलन से लेकर महत्वपूर्ण ढांचागत संरचनाओं में चीनी तकनीक तक फैले ये मुद्दे चीन की वैश्विक भूमिका की व्यापक पड़ताल करते हैं। लेकिन भारत की स्थिति खासकर विशिष्ट भू-राजनीतिक व आर्थिक परिस्थितियों के कारण और ज्यादा जटिल हो जाती है। भारत



की चीन के साथ लंबी विवादित सीमा है जो पिछले सालों में अनेक सैनिक टकरावों का कारण बनी है। इनमें सबसे हालिया टकराव मई, 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुआ था।

भारत की 'विशेष चीन समस्या' अंतरराष्ट्रीय समुदाय के व्यापक सामान्य सरोकारों से आगे जाती है। इसकी जड़ें दोनों देशों के बीच उलझी सीमा समस्या में निहित हैं, जिसके कारण पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर लंबा सैनिक गतिरोध पैदा हुआ है। वर्तमान समय में जारी सीमा तनाव के कारण दोनों देशों ने सीमा पर लगभग 50,000-60,000 सैनिकों की तैनाती कर रखी है। इस अस्थिरता से निपटने के लिए स्थाई समाधान जरूरी है। इन मुद्दों के समाधान के लिए राजनयिक प्रयास जारी हैं जिसके चलते 29 अगस्त को बीजिंग में भारत-चीन सीमा मामलों पर समन्वय व सलाह की कार्यकारी व्यवस्था-डब्लूएमसीसी की 31वीं बैठक आयोजित की गई। लेकिन मजेदार बात है कि चीन के साथ तनाव और सीमा पर झड़पों के बावजूद भारत-चीन व्यापार फला-फूला है। भारत में अनेक आयातक चीन से नियमित रूप से भारतीय बाजार में बेचने के लिए सामान मंगाते हैं। लेकिन जयशंकर की टिप्पणी का अर्थ चीन के संबंध में आधिकारिक नीति में बदलाव हो सकता है। यदि सरकार नीति बदलती है तो चीनी वस्तुओं व निवेशों को ज्यादा बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है जिससे चीनी निवेशक हतोत्साहित होंगे। जयशंकर ने भारत-चीन संबंधों के आर्थिक आयाम भी उजागर किए हैं। व्यापार घाटे की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि चीनी निवेशों की प्रकृति महत्वपूर्ण विचार और चिन्ता का विषय है। वास्तव में देश की सुरक्षा से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जा सकता है और सुरक्षा सरोकारों पर पूरी गंभीरता से गौर किया जाना चाहिए। लेकिन इसके साथ ही वाणिज्य को भी द्विपक्षीय संबंधों में बाधा की तरह नहीं देखना चाहिए। यदि कोई एक चीज दोनों देशों के संबंधों में समुचित सुधार ला सकती है तो वह व्यापार है। हालांकि, भारत सुरक्षा-संवेदनशील क्षेत्रों में चीनी निवेश सीमित करने पर विचार कर सकता है जिनमें दूरसंचार और डिजिटल साइबर स्पेस शामिल हैं।

# ई-कामर्स से प्रभावित दूकानदार

अमेजन की आक्रामक मूल्य रणनीतियों के कारण ई-कामर्स का भारी विस्तार हुआ है। इससे अगले दशक में वह भारत के आधे खुदरा बाजार पर कब्जा कर सकता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 21 अगस्त, 2024 को 'पहले इंडिया फाउंडेशन' की रिपोर्ट 'नेट इंपैक्ट आफ ई-कामर्स आन इम्प्लायमेंट एंड कंज्यूमर वेल्फेयर इन इंडिया' जारी की। इस अवसर पर उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े ई-टेलर अमेजन पर निशाना लगाते हुए कहा कि वह उपभोक्ताओं को सीधे अपने उत्पाद बेचने के लिए 'विनाशकारी मूल्य नीति' लागू कर रहा है जिससे अगले दस साल में ई-कामर्स भारतीय खुदरा बाजार के आधे हिस्से पर कब्जा कर सकता है। इसका नकारात्मक प्रभाव लगभग 100 मिलियन छोटे खुदरा व्यापारियों पर पड़ेगा जो देश भर में फैले हैं। इसके कारण 'सामाजिक अशांति' पैदा हो सकती है। ई-कामर्स का अर्थ इंटरनेट का प्रयोग कर वस्तुओं या सेवाओं की खरीद बिक्री का व्यवहार है। विनाशकारी मूल्य नीति का अर्थ उत्पाद की कीमत असाधारण रूप से कम रखना है ताकि प्रतियोगिता समाप्त कर बाजार के ज्यादा से ज्यादा हिस्से पर कब्जा किया जा सके। आमतौर से बाजार में प्रवेश करने वाले नए पक्ष द्वारा प्रयुक्त विनाशकारी मूल्य नीति 'एंटी ट्रस्ट' कानूनों का उल्लंघन कर अपना एकाधिकार स्थापित करने का प्रयास है।

पीयूष गोयल की राय है कि अमेजन ई-कामर्स प्लेटफार्म पर बहुत कम कीमत पर चीजें बेचता है जिसके परिणामस्वरूप लगभग एक बिलियन डालर वार्षिक का भारी नुकसान होता है। इन नुकसानों की भरपाई के लिए वह अपनी मूल कंपनी से पैसा लेता है, पर इसे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई के रूप में दिखाता है। सामान्य रूप से देश में किसी एफडीआई का स्वागत है बशर्ते कि वह पूंजी निर्माण में योगदान करे क्योंकि इससे आर्थिक वृद्धि तेज होती है तथा विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ता है। लेकिन अमेजन द्वारा विदेशों से लाए गए डालर इन उद्देश्यों की पूर्ति नहीं करते हैं।

वर्ष 2020 में भी उन्होंने अमेजन स्वामियों के इस दावे का मजाक उड़ाया था कि वे भारत में कई बिलियन डालर लाते हैं। उस समय उन्होंने जेफ़ बेजोस पर आरोप लगाया था कि वे कंपनी द्वारा देश में किए बिजनेस में भारी नुकसान की पूर्ति के लिए पैसा लाते हैं। उन्होंने लाखों खुदरा व्यापारियों को होने वाले नुकसान पर भी चिन्ता प्रकट की थी। अमेजन मूल रूप से ई-कामर्स का 'मार्केट-प्लेस' माडल चलाता है। यह नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा शत प्रतिशत एफडीआई अनुमति का लाभ उठाता है।

'मार्केट-प्लेस' एक मंच है जहां वेंडर अपने उत्पाद ग्राहकों को बेच सकते हैं, जबकि उसका अमेजन जैसा मालिक केवल फैसिलिटेटर की भूमिका अदा करता है। मार्केटप्लेस का स्वामी आर्डर बुक करता है, इन्वायस तैयार करता है, डिलीवरी की व्यवस्था करता है, भुगतान प्राप्त करता है, अस्वीकृत माल को स्वीकार करता है और उनका भंडारण आदि करता है। लेकिन वह 'सीधे बिक्री' नहीं कर सकता है।

इस तथ्य को देखते हुए कि आपरेटर केवल अपने द्वारा प्रदत्त सेवाओं की फीस लेता है, ऐसे में नुकसान का कोई सवाल ही नहीं उठता है। इसके बावजूद अमेजन को भारी घाटा होता है। अमेजन को होने वाला नुकसान बिक्री उत्पादों पर भारी छूट के कारण होता है। इसके साथ ही प्लेटफार्म एक्सक्लूसिव ब्रांडों का प्रमोशन करता है। लेकिन छूट आमतौर से विक्रेता द्वारा दी जाती है और यही बात प्रमोशन पर खर्च पैसे पर भी लागू होती है। जब तक सेवा प्रदाता स्वयं को विक्रेता के रूप में न पेश करे तब तक ऐसा संभव नहीं है। क्या नियम इसकी अनुमति देते हैं? 2016 के दिशानिर्देशों के अनुसार, 'मार्केट-प्लेस' में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दो शर्तों के साथ दी गई है- 'उद्यम अपने प्लेटफार्म की कुल बिक्री का 25 प्रतिशत से अधिक एक वेंडर अथवा उसकी समूह कंपनियों से नहीं कर सकता है। इसके साथ ही वह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बिक्री मूल्य को प्रभावित नहीं कर सकता है।' लेकिन 'वेंडर' की कोई खास पहचान न होने के कारण 'मार्केट-प्लेस' से जुड़ी कोई फर्म ऐसा करने में सक्षम होती है।

दूसरे शब्दों में, ऐसा प्रत्येक उद्यम प्लेटफार्म पर बिक्री के 25 प्रतिशत पर नियंत्रण कर सकता है। इस प्रकार प्लेटफार्म पर प्रमुख विक्रेताओं के रूप में 'क्लाउडटेल' जैसी कंपनियां हैं जो नारायण मूर्ति के स्वामित्व वाली फर्म के साथ अमेजन का साझेदारी उद्यम है। यह नीतिगत लक्ष्य के विपरीत है जो ई-कामर्स प्लेटफार्म स्वामियों को व्यक्तिगत उपभोक्ताओं को सीधी बिक्री से रोकती है, लेकिन ऐसा करने के लिए सहायक या संयुक्त उद्यम-जेवी का सहारा लिया जाता है। बड़ी ई-कामर्स कंपनियां ठीक यही कर रही हैं। वे सीधे विक्रेताओं के रूप में काम करते हुए इन्वेंटरी पर नियंत्रण करती हैं तथा छूट आदि देती हैं। डीपीआईआईटी द्वारा 26 दिसंबर, 2018 को जारी एक स्पष्टीकरण के अनुसार, 'मार्केटप्लेस का स्वामी या उसकी सहायक या भारतीय कंपनी के साथ उसका संयुक्त उद्यम विक्रेता का स्वामित्व नहीं प्राप्त कर सकता है।'

इसके साथ ही 'प्लेटफार्म पर कोई विक्रेता अपनी इन्वेंटरी के 25 प्रतिशत से अधिक ऐसी फर्म से नहीं कर सकता है जो प्लेटफार्म से जुड़ी हो।' विदेशी निवेशक पहली शर्त का उल्लंघन करने के लिए विक्रेता फर्म में अपनी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से कम रख सकते हैं और यह तर्क दे सकते हैं कि उनका उस पर कोई नियंत्रण नहीं है। मार्केटप्लेस स्वामी अपने उत्पादों को प्लेटफार्म पर अपनी थोक शाखा के माध्यम से बेच सकता है। इसके लिए थोक शाखा को केवल यह सुनिश्चित करना होता है कि वह विक्रेता को अपनी बिक्री 25 प्रतिशत की सीमा के भीतर रखे।

इस प्रकार सरकार के स्पष्टीकरण से प्रभुत्वकारी विक्रेता के रूप में उनकी भूमिका ज्यादा कमजोर नहीं हुई। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि छोटे व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ, जबकि ई-कामर्स प्लेटफार्म उनकी सहायता के नाम पर बनाया गया था। इसका कारण यह है कि जो बिजनेस छोटे व्यापारियों को मिल सकता था, उस पर प्रभुत्वकारी विक्रेता कब्जा कर लेते हैं। ऐसे में छोटे खुदरा व्यापारियों को अदालत से राहत मिली। 2019 में दिल्ली व्यापार महासंघ-डीवीएम ने भारतीय प्रतियोगिता आयोग-सीसीआई को शिकायत कर आरोप लगाया कि अमेजन सेलर सर्विसेज़-एएसएस और फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड-एफआईपीएल प्रतियोगिता-विरोधी व्यवहार कर रहे हैं। तर्क दिया गया कि एएसएस और एफआईपीएल ने स्मार्टफोन निर्माताओं से विशिष्ट बिक्री समझौते किए हैं और वे फ्लिपकार्ट की 'बिग बुलियन डे' तथा अमेजन की 'प्राइम डे' के माध्यम से अनुचित लाभ उठा रहे हैं। प्रथमदृष्टया सीसीआई ने डीवीएम के तर्कों से सहमति दिखाते हुए महानिदेशक जांच को एक जांच का आदेश दे दिया। इस आदेश को रद्द करने के लिए एएसएस और एफआईपीएल ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अगस्त, 2021 में सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी अपील खारिज करते हुए आदेश दिया कि 'सीसीआई-डीजी अपनी जांच पूरी करें।' सीसीआई-डीजी ने एएसएस और एफआईपीएल पर आरोप लगाया है कि वे 'विनाशकारी मूल्य नीति' पर चल रहे हैं जो 'एंटी ट्रस्ट कानूनों' का उल्लंघन है।

लेकिन उम्मीद है कि ये कंपनियां इस निर्णय के खिलाफ अपील करेंगी जिससे मुकदमेबाजी का नया दौर शुरू होगा। आखिरकार ज्यादा से ज्यादा हमेजन को कुछ जुर्माना देना पड़ सकता है। लेकिन सवाल है कि सरकार इस जटिल स्थिति से कैसे बाहर निकले। वह नियमों को और कठोर बना कर कह सकती है कि प्लेटफार्म स्वामी विक्रेता फर्म में एक प्रतिशत हिस्सेदारी भी नहीं रख सकते हैं। इसके साथ ही थोक शाखा को प्लेटफार्म को एक प्रतिशत बिक्री करने से भी रोका जा सकता है।

लेकिन इस विचार का क्रियान्वयन नहीं हो सकता है। ऐसे में सरकार को कहना चाहिए कि खुदरा के सभी रूपों में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी जाती है। इसके बाद अमेजन आदि मार्केटप्लेस माडल चलाने के साथ ग्राहकों को सीधी बिक्री जारी रखेंगे। इसके साथ ही लाखों भारतीय खुदरा दूकानदारों को भी विदेशी पूंजी तक सीधी पहुंच बनेगी और वे समान स्तर पर अमेजन, आदि से प्रतियोगिता में सक्षम होंगे।

# योग और ध्यान से कार्यस्थल होता ऊर्जावान

> योग और ध्यान जैसी प्रथाओं के माध्यम से कर्मचारी कल्याण में निवेश करना केवल एक प्रवृत्ति नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक कदम है जो पर्याप्त लाभ दे सकता है।



**साक्षी सेठी**
(लेखिका शिक्षाविद हैं)

आज के तेज़-तर्रार, उच्च-तनाव वाले कार्य वातावरण में, संगठन अपने कर्मचारियों की भलाई का समर्थन करने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं। सबसे प्रभावी और समग्र दृष्टिकोणों में से एक योग और ध्यान की प्रथाएं हैं। माइंडफुलनेस और शारीरिक तंदुरुस्ती में निहित ये प्राचीन तकनीकें अपने आध्यात्मिक मूल से आगे बढ़कर आधुनिक कार्यस्थलों में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए शक्तिशाली उपकरण बन गई हैं। कर्मचारियों की दैनिक दिनचर्या में योग और ध्यान को शामिल करने से न केवल व्यक्तिगत तंदुरुस्ती को लाभ होता है, बल्कि संगठनात्मक उत्पादकता और संस्कृति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

आधुनिक कार्यस्थल में अक्सर तनाव के उच्च स्तर, तंग समय सीमा और लगातार प्रदर्शन करने का दबाव होता है। जर्नल ऑफ़ ऑक्यूपेशनल हेल्थ साइकोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि कार्यस्थल योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले कर्मचारियों ने कथित तनाव के स्तर में महत्वपूर्ण कमी का अनुभव किया। प्रतिभागियों ने मस्कुलोस्केलेटल दर्द में भी कमी की सूचना दी, विशेष रूप से पीठ के निचले हिस्से, गर्दन और कंधों में, जो आमतौर पर लंबे समय तक बैठने से प्रभावित होते हैं। अध्ययन में पाया गया कि योग का अभ्यास करने वाले कर्मचारियों ने भावनात्मक कल्याण के उच्च स्तर और मनोवैज्ञानिक संकट के निम्न स्तर की सूचना दी। जर्नल ऑफ़ मैनेजरियल साइकोलॉजी में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन ने संगठनात्मक संस्कृति पर कार्यस्थल योग के प्रभावों की जांच की।

इसमें पाया गया कि योग ने कर्मचारियों के बीच बेहतर संचार, टीमवर्क और समुदाय की भावना को



बढ़ावा देकर अधिक सकारात्मक और सहायक कार्य वातावरण में योगदान दिया। कई कार्यालय कर्मचारी डेस्क पर बैठे हुए लंबे समय तक बिताते हैं, जिससे कई तरह की शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं, जिनमें खराब मुद्रा, पीठ दर्द और बार-बार होने वाली तनाव चोटें शामिल हैं। समय के साथ, ये शारीरिक बीमारियाँ उत्पादकता को कम कर सकती हैं और अनुपस्थिति को बढ़ा सकती हैं। योग लचीलेपन, शक्ति और मुद्रा में सुधार करके इन मुद्दों का समाधान करता है। योग में विभिन्न आसन और स्ट्रेच गर्दन, कंधों और पीठ के निचले हिस्से में तनाव को दूर करने में मदद करते हैं, जो कार्यालय कर्मचारियों के लिए आम समस्या वाले क्षेत्र हैं। इसके अतिरिक्त, श्वास अभ्यास पर जोर देने से परिसंचरण और ऑक्सीजनेशन में सुधार होता है, जिससे ऊर्जा के स्तर और समग्र जीवन शक्ति में वृद्धि होती है। यह कार्यस्थल के रिश्तों को मजबूत कर सकता है, संचार में सुधार कर सकता है और समुदाय और आपसी समर्थन की भावना को बढ़ावा दे सकता है। एक सकारात्मक कार्य वातावरण, जहां कर्मचारी मूल्यवान और जुड़े हुए महसूस करते हैं, उच्च मनोबल, कम टर्नओवर और अधिक एकजुट और उत्पादक टीम की ओर ले जाता है। कार्यस्थल में ध्यान के लाभ अच्छी तरह से प्रलेखित हैं। नियमित ध्यान अभ्यास चिंता और अवसाद के लक्षणों को कम करने, रक्तचाप को कम करने और नींद की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए दिखाया गया है। नियमित रूप से ध्यान करने वाले कर्मचारियों में बेहतर फोकस, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और तनाव को प्रबंधित करने की क्षमता प्रदर्शित होने की अधिक संभावना होती है।

यह न केवल व्यक्तिगत प्रदर्शन को बढ़ाता है बल्कि अधिक सामंजस्यपूर्ण और सहयोगी कार्य वातावरण में भी योगदान देता है। मानसिक रूप से, योग विश्राम को बढ़ावा देता है और स्वायत्त तंत्रिका तंत्र को विनियमित करके तनाव को कम करता है, जो शरीर की तनाव प्रतिक्रिया को नियंत्रित करता है। योग की मननशील साँस लेने की तकनीक और ध्यान संबंधी पहलू मन को शांत करने, चिंता को कम करने और मानसिक स्पष्टता को बढ़ाने में मदद करते हैं। कर्मचारियों के लिए, इसका मतलब है बेहतर फोकस, बेहतर निर्णय लेने और कार्यस्थल की चुनौतियों का सामना करने में अधिक लचीलापन। इन लाभों का संचयी प्रभाव अधिक उत्पादक, व्यस्त और संतुष्ट कार्यबल है।

आधुनिक कार्यस्थल में अक्सर उच्च स्तर का तनाव, तंग समय सीमा और लगातार प्रदर्शन करने का दबाव होता है। इसके अलावा, लंबे समय तक तनाव कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम डाल सकता है, जिससे चिंता, अवसाद और पुरानी बीमारियों जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए, योग और ध्यान जैसी प्रथाओं के माध्यम से कर्मचारी कल्याण में निवेश करना केवल एक प्रवृत्ति नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक कदम है जो पर्याप्त लाभ दे सकता है।

## आप की बात

### योगी का बयान

**योगी आदित्यनाथ** के बंटोगे तो कटोगे वाले बयान पर विपक्षी दल अनावश्यक होहल्ला मचा रहे हैं। सदियां गवाह है आक्रांता हम पर सिर्फ इसीलिए राज कर पाए कि हम बंटे हुए थे। एक ब्रिटिश लेखक ने लिखा भी है कि ईस्ट इंडिया कंपनी के भाड़े के सैनिकों ने जब एक राजा को हरा कर राजधानी में उसका जुलूस निकाला तो ईस्ट इंडिया कंपनी के सैनिकों की मुट्ठी भर संख्या के मुकाबले हजारों लोग उनकी जय जयकार कर रहे थे यदि हर व्यक्ति एक पत्थर उठाकर सैनिकों पर मारता तो वह भाग खड़े होते। वही स्थिति आज भी चल रही है जहां एकजुटता की बात आती है वही वोट की राजनीति के कारण धर्म और जाति के नाम पर विरोध और समर्थन होने लगता है। आजादी के वक्त भी अंग्रेज देश बांटकर चले गए और आज भी बांटों और राज करो की नीति हम भारतीयों के लिए घातक सिद्ध हो रही है। विपक्ष के थोड़ा मजबूत होने के बाद से सरकार के हर अच्छे कार्य को बाधित करना और उसके बारे में भ्रम फैलाने की नीति देश में चल रही है। योगी के बयान का यही अर्थ है कि जनता को विभाजनकारी विचारों और उनका प्रचार करने वाले नेताओं व पार्टियों से सतर्क रहना चाहिए। ऐसे लोग देश की एकता और अखंडता के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं।

**-सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### जातिगत जनगणना

**आरएसएस प्रवक्ता** सुनील आम्बेकर ने कहा कि जातिगत जनगणना का मुद्दा संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि इसका राजनीतिक उपयोग न कर इसे लोगों के लिए कल्याणकारी ढंग से पेश करना चाहिए। आरएसएस प्रवक्ता के इस बयान पर गंभीरता से गौर किया जाना चाहिए। आरएसएस तथा भाजपा यह बिल्कुल नहीं चाहती है कि जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदुओं की विभिन्न जातियों के बीच विद्वेष पैदा करने के प्रयास किए जाएं। राजनीति व वोटबैंक के उद्देश्य से देश में अनेक एससी, एसटी व ओबीसी जातियों को सवर्ण हिंदुओं के खिलाफ भड़काने के प्रयास लंबे समय से होते रहे हैं जिससे न केवल देश में हिंदुत्व, बल्कि स्वयं भारत राष्ट्र भी प्रभावित हुआ है। विडंबना है कि एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास करने वाले नेता संविधान निर्माता अंबेडकर तथा अनेक स्वतंत्रता सेनानियों की भावना का अपमान करते हैं जिन्होंने भारत में जातिहीन समाज बना कर भारतीय पहचान को सर्वोच्चता प्रदान करने के प्रयास किए थे। आरएसएस के बयान के बाद देखना होगा कि भाजपा तथा अन्य विपक्षी दलों की क्या प्रतिक्रिया सामने आती है। यह मुद्दा संवेदनशील होने के साथ महत्वपूर्ण भी है।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### यूरोप में दक्षिणपंथ

**यूरोप** में उग्र राष्ट्रवाद व चरम दक्षिणपंथ का पुन: उदय शुरू हो गया है। द्वितीय युद्ध की पीड़ा, नाज़ी जर्मनी व मुसोलिनी की इटली के दर्द तथा उनके कारण सामने आई प्रताड़ना को लोग भूलते जा रहे हैं। तभी तो बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, हंगरी, इटली, हॉलैंड, पोलैंड, स्वीडन एवं कुछ हद तक ग्रेट ब्रिटैन में उग्र राष्ट्रवाद के प्रति समर्थन बढ़ता दिखाई दे रहा है। जर्मनी के दो पूर्वी राज्यों में चुनाव परिणाम ने पूरे विश्व को चिंतित कर दिया है। थुरिंजिया में अल्टेरनेटिव फॉर जर्मनी-एएफडी की जीत और सैक्सोनी में दूसरे स्थान पर आने से बर्लिन में आत्ममंथन का नया दौर शुरू हो गया है। राष्ट्रीय चुनाव से एक वर्ष पहले यूरोपीय संघ के शक्तिशाली देश जर्मनी का झुकाव दक्षिणपंथ की ओर होना यूरोपीय संघ के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। जर्मन चांसलर ओलाफ़ शुल्ज़ ने मुख्यधारा वाली पार्टियों से आग्रह किया है कि वे दक्षिणपंथी एएफडी को समर्थन न दें। जिसने रविवार के क्षेत्रीय चुनाव में पूर्वी राज्य थुरिंगिया में बड़ी जीत हासिल की है। एएफडी को हिटलरी विचारधारा का वाहक माना जाता है। उसके जर्मनी की सत्ता में आने से जर्मनी के साथ ही यूरोप व पूरी दुनिया पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**- जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### भारतीय अर्थव्यवस्था

**भारतीय अर्थव्यवस्था** की वृद्धि दर पिछले एक दशक से दुनिया को हैरान कर रही है। व्यवस्थित आर्थिक रणनीति और सक्रिय प्रतिभाशाली योग्य टीम को साथ लेकर मोदी सरकार देश को निरंतर आगे ले जा रही है। फिर भी चीन का मुकाबला करना मुश्किल है क्योंकि सरकार के काम में टांग अड़ाने की मनोवृत्ति बहुत बढ़ गई है। राष्ट्र हित में चाहे कितना ही बेहतर काम किया हो उसमें कमी निकालना और रोड़े अटकाना विपक्षी दलों का शगल बन गया है। यदि राजनीति को सिर्फ चुनाव तक सीमित रखा जाए और शेष समय में सभी दल सरकार को सहयोग करें तथा उचित सुझाव दें तो हमारे देश के विकास की रफ्तार और तेज हो सकती है। चीन में तानाशाही की तुलना में भारतीय लोकतंत्र कामगारों व कर्मचारियों को अपनी शिकायतें सामने रखने का मौका देता है। लेकिन विडंबना है कि अनेक लोगों के लिए सरकारी नौकरी हरामखोरी व रिश्वतखोरी का पर्याय बन गई है। यह दृष्टिकोण देश की अर्थव्यवस्था की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बन गया है।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# गांवों के बीच कृषि भूमि पर प्लांट स्थापना से किसानों में भारी आक्रोश

## 30गांवों की महापंचायत की तैयारी, शासन प्रशासन बेखबर

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सरदा में खुलने जा रहे स्पंज आयरन का विरोध जहां अभी एक ओर उबाल पर है, तो वहीं रांका और पथर्रा में एथेनॉल एवं पावर प्लांट निर्माण कार्य से इस क्षेत्र के किसानों और आम जनता में भारी आक्रोश पनप रहा है। शासन प्रशासन द्वारा किसानों की आवाज दबाने की युक्ति ने आग में घी डालने का काम कर रही है।किसानों की आपत्तियों और विरोध को दबाने की प्रक्रिया से क्षेत्र की जनता में और भी ज्यादा आक्रोश पनपने लगा है। इसमें में भी हद तो यह है जब ये प्लांट मालिक गांवों की निस्तारि की जमीन, धरसा और चरागाह पर कब्जा कर बाउंड्री वाल से घेर चुके है,गांव वालों की मांग पर अधिकारीयो द्वारा कारवाही नहीं किए जाने से किसानों में बेचैनी है।किसानों को ऐसा प्रतित हो रहा है कि बाहरी उद्योगपतियों की शह और उनके हित रक्षा, प्रदूषण फैलाने और कृषि क्षेत्र को बर्बाद करने की कीमत पर किया जा रहा है। गांव के बीच कृषि भूमि पर रोजगार का झुनझुना बजा कर थोपे पर थोपे जा रहे, उद्योग से जिसमें हर प्लांट में पूरे बाहरी व्यक्तियों से कराए जा रहे कार्य से इसकी हकीकत अभी से सामने आ रही है, जो क्षेत्र के लोगों की नाराजगी को और बढ़ा रही है। विगत कुछ वर्षों में खेती विशेष कर धान की खेती इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रही है, वहीं इन उद्योग के प्रदूषण और इस क्षेत्र की जीवन दायनी कही जाने वाली शिवनाथ के पानी का दोहन इन उद्योगों द्वारा किए जाने की आशंका ने पूरे क्षेत्र को आक्रांत और भय भीत कर रखा है। क्षेत्र के किसान अपने को अपने ही क्षेत्र में ही असहाय और बेगाने पा रहे है। विगत दो तीन वर्षों से जब से क्षेत्र में प्लांट लगने की खबर फैली तब से ही पूरा क्षेत्र इसके विरोध में है। प्लांट लगाने के लिए भूमि डायवर्शन से लेकर पर्यावरण क्लियरेंस तक हर बार किसानों ने आपत्ति की है। लेकिन हर बार इन आपत्तियों को रद्दी की टोकरी में डालने की प्रशासनिक युक्ति ने इस क्षेत्र के लोगों में और ज्यादा आक्रोशित कर रखा है। इसके लिए इन दिनों रांका पथर्रा से लगे हुए लगभग तीस गांवों में प्लांट के विरोध में बैठके हो चुकी है। क्षेत्र के किसान बहुत जल्दी यहां महापंचायत करने की तैयारी में है। जिसके बाद आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जानी है। शासन प्रशासन दोनों के रवैए को इन किसानों द्वारा केवल उद्योगपतियों के हितैषी के रूप में देख जा रहा है। किसानों को आशंका है कि इन प्लांट के खुलने से रोजगार मिलने तो दूर बल्कि जमीन और बंजर हो जाएगी साथ ही पानी की किल्लत और प्रदूषित हवा इस क्षेत्र के लिए खुली हवा में सांस लेने से भी वंचित कर देगा। इसके लिए उरला बीरगांव और सिल्तरा का उदाहरण का विशेष उल्लेख इन किसानों द्वारा अपनी हर बैठकों में किया जा रहा है। अपने पूर्वजों से प्राप्त इस हरित क्रांति के साक्षी क्षेत्र को किसान हर कीमत पर बचाने कृत संकल्पित नजर आ रहे है। किसानों का मानना है कि केवल जनांदोलन के माध्यम से ही इसका हल निकल पाएगा। किसानों का अलग अलग प्रतिनिधि मंडल आय दिन बेमेतरा जिले के भैंसा में स्थापित एथेनॉल प्लांट के दुष्प्रभाव और इससे होने वाले प्रदूषण का अवलोकन करने भैंसा और आसपास के क्षेत्र में दौरा कर रहा है। वहां से लौट कर किसानों में इस प्लांट की बदबू और इस क्षेत्र की जनता से रूबरू होने के बाद और भी ज्यादा प्लांट के प्रति निराशा और उत्तेजना हैं। किसानों का प्रतिनिधि मंडल जिला प्रशासन से लेकर पर्यावरण मंत्री, उद्योग मंत्री, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष तक तथा स्थानीय सांसद और विधायक से मिलकर अपनी परेशानियों और आशंकाओं से अवगत करा कर निराकरण की मांग रख चुका। पीएमओ तक शिकायत की जा चुकी है।कहीं से भी ठोस आश्वासन या कार्यवाही नहीं होने से किसानों में निराशा व्याप्त है। जिसने इन किसानों को इसके लिए बड़े जनांदोलन की रूपरेखा बनाने प्रेरित कर रहा है। क्षेत्र में महापंचायत की तैयारी को इसी परिपेक्ष्य में देखा जा रहा है।

# घुमंतु पशुओं से फसल को बचाने किसानों ने जिलाधीश से लगाई गुहार



पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत उतई में गौठान बंद होने से सैकड़ों पशु सड़क पर विचरण कर रहे हैं। जो रात में किसानों के खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा धान आने के पूर्व ही बालियों को चट कर जा रहे है। जिससे सैकड़ों एकड़ खेत के अनेक किसान प्रभावित हुए है। जिसको लेकर नगर पंचायत उतई के पार्षद तोषण साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उक्त समस्या के निदान की मांग की है। जिसमें आग्रह किया गया है की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित कर घुमंतू पशुओं से फसलों को बचाया जाए। साथ ही रात्रि के समय बारिश के मौसम होने के कारण सड़कों के बीच बैठे रहते है। रोशनी ना होने के कारण अनेक वाहन चालक इनसे आकर टकरा जाते है। जिससे चोटिल हो जाते है तथा कभी भी गंभीर दुर्घटना का भय भी बना रहता है। साहू ने बताया कि किसानों की फसलों को नुकसानी और दुर्घटना से बचाने के लिए व्यवस्था पर त्वरित कार्यवाही कर जमीनी अमल पर लाया जाय नही तो हम किसानों को अत्यधिक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। क्योंकि अब कुछ दिनों बाद धान की बालियां आनी शुरू हो जाएगी। उस स्थिति में किसान नुकसान बर्दास्त नही कर पाएंगे। अतः तत्काल कड़ी व्यवस्था निर्धारित की जानी चाहिए। पूर्व में रात्रि के समय ही अनेक किसानों के खेतों के खंभे तोड़कर तार जाली घेरा भी चोरी हो चुका है। जिससे भी किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है किसान अब पुनः तार घेरा लगवाने आर्थिक स्थिति में नही है अतः पशुधन की व्यवस्था सुनिश्चित कर फसलों को बचाया जा सकता है। गौधन के फसल चराई से परेशान किसानो ने कलेक्टर जनदर्शन मे आवेदन कर रात मे घूमन्तु पशुओं ने कई एकड़ फसल को बरबाद कर दिया है। जिसमे प्रहलाद सिन्हा, ललित साहू, कुंदन साहू, नोहर साहू, खूबी राम, भूषण साहू गणेश मटियारा जैसे अनेक किसानो के कई एकड़ फसलों को नुकसान पहुंचाया हैं। जिसके कारण किसानो ने कलेक्टर जानदर्शन मे ज्ञापन दिया एवं घूमन्तु पशुओं को पकड़ कर गोठान मे रखने एवं गोठान को फिर से चालू करने निवेदन किया गया। नगर पंचायत उतई पार्षद तोषण लाल साहू के मार्गदर्शन मे ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने उतई के किसान कुंदन साहू, खूबी राम साहू, नोहर साहू, भूषण साहू गणेश मटियारा, ललित साहू भगावती, गुलशन योगेश साहू, संतोष साहू, चोवाराम,तरुण सपहा, रेवती रमन ने ज्ञापन दिया और जल्द ही घूमन्तु गोधन को पकड़ने निवेदन किया है।

# नए मुख्यनगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर ने पदभार ग्रहण करते ही कर्मचारियों को जनता का कार्य करने दिये कड़े निर्देश




पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पिछले दिनों वार्ड क्रमांक 23 में श्याम जायसवाल ने वार्ड वासियों के बुलाने पर दौरा कर समस्याओं की सूची तैयार की थी। जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी व मुख्यनगर पालिका अधिकारी से चर्चा कर वार्ड 23 के नागरिकों को तत्काल समस्याओं से निजात दिलाने की मांग किया गया। श्याम जायसवाल के पहल पर अनुविभागीय अधिकारी आर के सोनकर व मुख्यनगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर व बीएसपी के अधिकारियों ने पूरी प्रशासनिक अमला के साथ वार्ड क्रमांक 23 में दौरा किया। जहां वार्ड क्रमांक 23 के नागरिकों के द्वारा बताये गये सभी समस्याओं को एक एक कर चिन्हित किया गया। व उनके तत्काल निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने बताया कि वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा किसी भी वार्ड में नागरिकों के जरूरत के अनुरूप कोई कार्य नही कराया जाता। नगरपालिका अध्यक्ष केवल अपने उसे किस कार्य मे ज्यादा कमिशन मिलेगा इस बात को ध्यान में रख कर कार्य कराते हैं। इसलिए ही आम जनता की मांग जस की तस बनी रहती है। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि 15 दिनों के भीतर वार्ड 23 की समस्याओं का समाधान नही किया गया तो नगरपालिका कार्यलय का घेराव किया जायेगा। ज्ञापन में वार्ड क्रमांक 23 हेतु प्रमुख मांगे. रंग मंच के पास जो गटर फूट गया हैं तत्काल उसको बनाया जाये, वार्ड के अंदर के समस्त सी.सी रोड का पुनः निर्माण किया जाये, पिछले 15 वर्षो से निर्माण नही किया गया। अनिल व राजाराम के घर पास वाला पुलिया तत्काल मरम्मत किया जाये नीचे से खोखला होने के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना होने की सम्भवना है, सुलभ शौचालय का जीणोद्धार किया जाये यहाँ शौचालय काफी जर्जर स्थिति में है, रंग मंच के पास बोर खनन किया जाये जिससे लोगो को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके। सुलभ शौचालय के बाजू में पूर्व की तरह एक और स्नान घर बनाया जाये। सुलभ शौचालय के बाजू में मृतक के अंतिम दर्शन हेतु चबूतरा निर्माण किया जाये, सावर्जनिक दुर्गा मंच के पास बने भवन का जीणोद्धार कराया जाये यह भवन काफी जर्जर स्थिति में है।

SLR सेंटर (कचरा प्रोसेसिंग यूनिट) के बाहर रखे कचरा को अंदर रखा जाये जिससे वार्ड वासियों को परेशानी न हो साथ ही वहाँ दुर्गन्ध न फैले इसकी भी पर्याप्त व्यवस्था किया जाये। मो. जब्बार के घर पास वाला पुलिया तत्काल मरम्मत किया जाये। नीचे से खोखला होने के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना होने की सम्भवना है। बरगद पेड़ के पास धार्मिक कार्यो आदि हेतु चबूतरे का निर्माण किया जाये। आंगन बाड़ी भवन का निर्माण किया जाये। इसके समाधान हेतु शिघ्र पहल का आस्वासन प्रशासन द्वारा मिला है। ज्ञापन देते समय व वार्ड में भ्रमण के समय मुख्य रूप से भाजपा नेत्री पुरोबी वर्मा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू, भाजपा नेता राजेंद्र नायक (रिपू) सोनू कुमार, आजाद विभोर, सहित वार्ड क्रमांक 23 के वार्ड वासी उपस्थित थे।

# मारो में ट्रांसफार्मर लगने के बाद चक्का जाम स्थगित



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत मारो वार्ड नंबर एक दो के लिए विद्युत ट्रांसफार्मर लगने के बाद प्रस्तावित बेमेतरा में विधुत विभाग के सामने प्रदर्शन कर धरना देने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है इस संबंध मारो नगर पंचायत के नागरिकों ने बताया कि बीते दिनों मारो नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक दो में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पेयजल की समस्या से नागरिकों को जुझना पड़ रहा था इस संबंध में कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में नगर पंचायत मारो के साहेब दास , चिंता राम, अशोक राधे श्याम विजय कुर्रे रमे लाल परमप्रकाश सहित अन्य नागरिकों ने विद्युत विभाग के अधिकारी को लिखत में बताया है कि नगर पंचायत मारो के वार्ड नंबर एक दो में लगे ट्रांसफार्मर विगत 15 दिन से फैल है जिससे वार्ड क्रमांक एक व दो में पेयजल की विकट समस्या विकराल रूप लेते जा रही है वहां के लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं लिखित जानकारी में आगे बताया गया है कि बारिश नहीं होने के कारण खेत भी सूखे पड़े हैं ट्रांसफार्मर खराब होने के संबंध में अधिकारी से चर्चा करने पर आज पर्यंत तक मात्र केवल आश्वासन प्राप्त हुआ है लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया है जिससे नागरिक परेशानी का सामना कर रहे हैं । इन लोगो के द्वारा टांसफार्मर लगाने की मांग किया गया है अन्यथा 2 दिन के अंदर ट्रांसफार्मर नहीं लगने पर कार्यपालन अभियंता कार्यालय बेमेतरा के सामने चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन करने की बात कही है इसकी प्रतिलिपि विधुत विभाग के कार्यपालन अभियंता पुलिस अधीक्षक नवागढ़ के राजस्व अनुविभागीय अधिकारी को दी गई थी ।

# रामपुरा व मुड़पार में प्रस्तावित स्पंज आयरन फैक्ट्री के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन



पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम रमपुरा और मुड़पार में तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा में प्रस्तावित स्पंज आयरन फैक्ट्री के विरोध में प्रस्तावित स्थल से आसपास के करीब 15 ग्राम पंचायतों द्वारा ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर आपत्ति अनुविभागीय दंडाधिकारी के न्यायालय में आपत्ति दावा प्रस्तुत किया गया, जिसमे मुख्यरूप से ग्राम पंचायत मुड़पार, जैतपुरी, संबलपुर खेड़ा, बोटबोड, पंडरभट्ठा, धपई, करही, जेवरा, अँधियारखोर, गोड़ी आदि के सरपंच एवं जनपद सदस्य राजकुमार यादव, नवागढ़ मंडल अध्यक्ष बल्लू राजपूत, सत्येन्द्र पांडेय, राधारमण सिंह, जयकुमार सिंह, मानसप्रताप सिंह, नवागढ़ से शमशीर खान, बसनी से अजिताभ मिश्रा, रांका से कादिर खान, किसान संघ के संयोजक प्रमिल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# कल्याणी शीतला मन्दिर मरोदा में आज से चार दिवसीय तीजा-तिहार

पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com



माँ कल्याणी शीतला मंदिर मरोदा टैंक मे आज गुरूवार से चार दिवसीय विशाल तीजा तिहार का आयोजन किया गया है। जिसमें सिर्फ तीजहारीन महिलाओ के लिये विबिध खेल कूद व सास्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पहले दिन 5 सितम्बर शाम 7 बजे माताजी की आरती के बाद तीजहारिन महिलाओ को करुभात प्रसाद का वितरण किया जायेगा। रात 8 बजे से तुषांत बारले कृत छत्तीसगढ़ी लोकमंच ÷अंतस÷ भिलाई की प्रस्तुति होगी। दूसरे दिन 6 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से सिर्फ महिलाओ के लिये विविध खेलकूद होगा। जिसमें गोटा, तिरीपासा, फूगड़ी, रंगोली, मेंहदी, मटका दौड़, सुईधागा, आलू दौड़, जनऊला, सुरीली कुर्सी, गोली चम्मच, धीमी चाल, मटका फोड़, सुघ्घर तिजहारिन प्रतियोगिता होगी ।शाम 6 बजे से माँ कल्याणी के दरबार में फूलेरा संग तीजा का पूजा-पाठ होगा। रात्रि 8 बजे से विजेता तीजहारिन महिलाओ को पुरस्कृत किया जायेगा। तीसरे दिन 7 सितम्बर को रात्रि 9 बजे से रंजीत चक्रधारी कृत कका-भतीजा छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत सराईपाली कोमाखान (महासमुंद) की प्रस्तुति होगी। चौथे दिन 8 सितम्बर को सुबह माताजी की पूजा-आरती के बाद तीजहारीन महिलाओ के लिये फरहार के साथ सुहाग श्रृंगार सामाग्री का वितरण होगा। यह जानकारी माँ कल्याणी शीतला मंदिर समिति के अध्यक्ष मिडीया शैलेन्द्र शेंडे ने दी।

# नगर साहू समाज की महिलाओं ने तीज पर्व को लेकर गरीब महिलाओं को किया साड़ी वितरण

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर साहू समाज की इन महिलाओं ने एक अनोखा उदाहरण पेश किया है। उन्होंने अपने बचत के पैसे से दल्ली राजहरा के वार्ड नंबर 5 ,वार्ड नंबर 2, वार्ड नंबर 7 और वार्ड नंबर 1 की निर्धन एवं निराश्रित महिलाओं को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक महिलाओं के त्योहार तीजा महापर्व जिसमें महिलाओं के द्वारा अपने पति की दीर्घायु होने की कामना को लेकर भाद्र माह के कृष्ण पक्ष तृतीय को निर्जला उपवास रहकर भगवान महादेव के साथ नंदी की पूजा की जाती है। इस त्यौहार में परंपरा अनुसार महिलाओं के द्वारा नए वस्त्र पहन कर पूजा की जाती है, कई महिलाओं की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण नई साड़ी खरीद नहीं पाती इसको पूरा करने इनके द्वारा सराहनीय प्रयास किया गया है। दामिनी साहू ने कहा कि हम सभी बहनों ने अपनी बचत की राशि को एकत्र कर एक छोटा सा प्रयास किया है। इनकी साड़ियां की कमी को पूरा करने का ताकि ये बहने और माताएं को भी साड़ी की कमी महसूस ना हो पाए। जिन्होंने साड़ी बांटने में सहयोग किया है उनमें दामिनी साहू, सत्या साहू, द्रौपदी साहू, चंपा साहू, लता साहू, अनीता साहू, उषा साहू, गायत्री साहू, भोजेश्वरी साहू, विमला साहू, मनीष साहू, सुमित साहू, पुष्पा साहू, सुषमा साहू राजकुमारी साहू और अनीता साहू आदि लोग हैं।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर केन्द्र व राज्य शासन के अंतर्गत जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर विभागीय कार्यों का सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिससे कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। चन्द्रवाल ने कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना बनाने के पूर्व फील्ड का मुआयना करने से वस्तुस्थिति का भलि-भाँति आंकलन हो जाता है। जिससे योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं मदद मिलने के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों के नियमित रूप से फील्ड विजिट करने से शासकीय कामकाज में कसावट भी आता है। बैठक में चन्द्रवाल ने राजस्व अधिकारियों से उनके द्वारा अतिक्रमण हटाने हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुए अतिक्रमण हटाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं राज्य शासन से प्राप्त प्रकरणों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा से जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में 30 अगस्त को आयोजित प्रबंधन समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय में पानी की समुचित आपूर्ति सुनिचित करने हेतु की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा में जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को इसका समुचित प्रचार-प्रसार कराने को कहा।

# कलेक्ट्रेट में महिला और पुरूष सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी, अंदर बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने कर्मचारियों ने कलेक्टर और एसपी को सौपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्ट्रेट के सभी कर्मचारियों ने कलेक्टर और एसपी को कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में ज्ञापन सौंपा। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के बाहर एवं भीतर सुरक्षा के दृष्किोण से सीसीटीव्ही कैमरा आगामी एक माह के भीतर लगाने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर व एसपी को बताया कि जिले के सबसे बड़े कार्यालय में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में कर्मचारीगण भयपूर्ण वातावरण में कार्य करने को विवश है। मांगों को तत्काल पूर्ण करते हुए जिला कार्यालय परिसर में कर्मचारियों को कार्य करने हेतु सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की मांग करते हुए उन्होंने चेतावनी भी दी है कि मांग पूर्ण नहीं होने पर जिला कार्यालय के कर्मचारीगण चरणबद्ध आंदोलन करने को विवश होंगे। ज्ञापन सौपने वालो में अधीक्षक अश्वनी नायक, केके रामटेके, विष्णुराम साहू, टेमन लाल सिन्हा, राकेश ठाकुर, संतोष कुमार वर्मा, मनोहर सिंह पिस्दा, देवेंद्र कुमार देवांगन, विकास कुमार सोनी, पायल ठाकुर, दीपिका ठाकुर, त्रिवेणी साहू, निशा देशमुख, दिव्या मरकाम सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्तिथ रहे।

## महिला कर्मचारी के कार्यस्थल पर वीडियो बनाकर किया गया वायरल

कर्मचारियों ने ज्ञापन के जरिये अवगत कराया कि संयुक्त जिला कार्यालय जिले का उच्च कार्यालय है। जहां विभिन्न कार्य को लेकर प्रतिदिन लगभग 300 से 400 लोग आते है। प्रायः देखा जाता है लोग अनावश्यक कार्यालय के भीतर प्रवेश कर अशोभनीय कृत्य करते है, कभी-कभी लोग शराब पीकर भी कार्यालय परिसर में भ्रमण करते रहते है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले एक व्यक्ति द्वारा दुर्भावनावश जिला कार्यालय के एक महिला कर्मचारी के कार्यस्थल पर वीडियो बनाकर वायरल किया गया था, जिसका समस्त कर्मचारियों की ओर से विरोध किया गया था, अभी भी शासकीय कार्य के दौरान शाखा प्रभारियों के साथ बाहरी लोगों के द्वारा आये दिन अनावश्यक बहस एवं अमर्यादित व्यवहार किया जाता है। जिला कार्यालय के लिपिकगण कार्यालय द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे है, कुछ कार्य ऐसे होते है। जिसका तत्काल निराकरण नहीं हो पाता है, इसके लिए कर्मचारी व्यक्तिगत दोषी नहीं होता है, किन्तु ग्राम सोहपुर निवासी आवेदक मुकेश एवं चुनेश्वरी द्वारा जिला कार्यालय से काम नहीं हो पाने को लेकर प्रभारी लिपिक का लगातार नामजद शिकायत कर उनके व्यक्तिगत छवि को खराब किये जाने का प्रयास किया जा रहा है, इसका जिला कार्यालय कर्मचारीगण विरोध करते है, ऐसे शिकायतकर्ताओं पर वैधानिक कार्यवाही की जावे।

## आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था हेतु किया गया निवेदन

कर्मचारियो में मांग की है कि संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में सुरक्षा जवानों की ड्यूटी नही लगाई गई है, केवल अधिकारियों को व्यक्तिगत नगर सैनिक उपलब्ध कराया गया है, जो ज्यादातर समय अधिकारी के साथ दौरे पर बाहर रहते है। अतएव संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के अंदर पर्याप्त पुरूष एवं महिला सुरक्षाकर्मियों की तैनाती तत्काल की जावे। जिला दण्डाधिकारी कार्यालय परिसर में लागू धाराओं एवं प्रतिबंधों को सूचना बोर्ड के माध्यम से संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार एवं कार्यालय के भीतर प्रदर्शित किया जावे। जिला कार्यालय के प्रत्येक शाखा मे शासकीय कर्मचारियों के हित में लागू धाराओं जैसे शासकीय कार्यों में बाधा पहुंचाना, शासकीय कार्य के दौरान कर्मचारियों के साथ दुव्यवहार किये जाने पर सजा के प्रावधान इत्यादि का सूचना चस्पा एक सप्ताह के भीतर कराया जावे।

# मचांदूर के विपिन सिंह बैस का निधन



उतई। ग्राम मचांदूर के स्व. दाऊ दुर्गा सिंह बैस के सुपुत्र विपिन सिंह बैस उम्र 48 वर्ष का अस्वस्थता के कारण रायपुर स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है। उनका अतिंम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम ग्राम मचांदूर में किया गया। वह पूर्व सरपंच राजेश सिंह बैस के भतीजे, भाजपा किसान मोर्चा उतई मंडल के अध्यक्ष फलेंद्र सिंह बैस, समाजसेवी आदित्य सिंह बैस के बड़े भाई थे।

# शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

## वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के 24 उत्कृष्ट शिक्षकों राज्यपाल ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस 5 सितंबर के उपलक्ष्य में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 24 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया। महामहिम राज्यपाल डेका ने अपने करकमलों से शिक्षकों को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव, पूर्व मंत्री रमशीला साहू और क्षेत्रीय विधायक रिकेश सेन भी मौजूद थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यपाल डेका ने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह में उपस्थित होना मेरे लिये एक द्वितीय अनुभव है। शिक्षक की भूमिका अब सिर्फ ज्ञान देने तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और समाज की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक भी बनाएं। राज्यपाल ने कहा कि यह गर्व की बात है कि शिक्षकों के मेहनत और समर्पण के कारण राज्य में शिक्षा का स्तर निरंतर ऊंचा हो रहा है। आप सभी ने जिस प्रकार से अब तक विद्यार्थियों को शिक्षित और सशक्त बनाया है, उसी समर्पण और निष्ठा से आगे भी अपने कर्तव्यों का पालन करें। आप केवल शिक्षा ही नहीं दे रहे हैं, बल्कि विद्यार्थियों को एक बेहतर नागरिक बनाने की दिशा में भी अग्रसर कर रहे हैं। शिक्षकों का योगदान समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि अंग्रेजी भाषा में पढ़ने वाले ही अच्छे विद्यार्थी हो, विद्यार्थी के लिए मातृभाषा का ज्ञान भी जरूरी है। राज्यपाल ने सम्मान समारोह में सम्मानित सभी शिक्षकों को बधाई दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि पौराणिक काल से समाज में शिक्षकों का सम्मान हैं। विद्यार्थियों को सही ज्ञान प्रदान कर राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने शिक्षकों से वर्तमान परिवेश में विद्यार्थियों की भावनाओं को समझकर विद्यार्थियों में आत्म-विश्वास जागृत करने हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया।

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने अपने स्वागत उद्बोधन में आयोजन के उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक तथा संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, आईजी आर जी गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, एस.पी. जितेन्द्र शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

# जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने संघ की मांग पर जिला न्यायालय परिसर में नये सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दाऊराम चंद्रवंशी ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव मौजूद थे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव सुशांत शुक्ला, महापौर रामशरण यादव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीता यादव, संरक्षक अधिवक्ता संघ एसके सिन्हा एवं प्रतिनिधि भारतीय विधिज्ञ परिषद शैलेन्द्र दुबे उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि एक सप्ताह में दूसरी बार न्यायधानी बिलासपुर आने का मौका लगा है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर का जिला अधिवक्ता संघ प्रदेश के अधिवक्तओं का सबसे पुराना संगठन है। फिलहाल साढ़े 3 हजार विद्वान अधिवक्ता इस संघ से जुड़े है। उन्होंने कहा कि इस संस्था का ऐतिहासिक महत्व रहा है। इनके सदस्यों ने आजादी की लड़ाई में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। यही नहीं बल्कि बड़े-बड़े राजनेता और न्यायविद इस संगठन ने पैदा किये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ताओं के समक्ष कई समस्याएं मौजूद हैं। लेकिन उन्होंने इनकी परवाह किये बिना लोगों को न्याय दिलाने में महती भूमिका अदा कर रहे हैं। गरीबी अमीरी का भेदभाव किये बिना सभी को समभाव से न्याय दिलाने में जिला अधिवक्ता संघ ने मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री ने संघ की मांग पर राजस्व मण्डल एवं स्थायी लोक अदालत में सदस्यों की नियुक्ति जल्द करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने तीजा एवं गणेश चतुर्थी महापर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि मैं स्वयं अधिवक्ता रहा हूं। अधिवक्ताओं की समस्याओं से भली भांति अवगत हूं। उनकी तमाम समस्याएं शनैःशनैः दूर करने का प्रयास किया जायेगा। साव ने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ का इतिहास गौरवशाली रहा है। यहां से निकले विधिवेत्ता और राजनेताओं ने बिलासपुर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10-12 बरसों में न्यायालयों में सुविधाओं का तीव्र गति से विकास हुआ है। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा ताकि लोगों को सुलभ तरीके से न्याय मिल सकेगा। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दाऊराम चंद्रवंशी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अधिवक्ताओं की दिक्कतों का उल्लेख करते हुए इनका समाधान करने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया।

# श्री रामलला दर्शन योजना : सारंगढ़ के 30 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर शुरू की गई श्री रामलला दर्शन योजना के तहत सारंगढ़ से 30 व्यक्तियों का दल कल रवाना हुआ। कलेक्टर धर्मेश साहू ने जिले के चौथे जत्था को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विगत तीन माह से प्रत्येक माह 30 व्यक्तियों का दल प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे हैं।

यह दल सारंगढ जिला मुख्यालय से बस से बिलासपुर रेल्वे स्टेशन पहुँचेंगी, फिर वहां से अयोध्या तक का सफर रेल से पूरा होगा। इस यात्रा से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। श्रद्धालुगण भगवान राम का जय-जयकार करते हुए अयोध्या धाम के लिए निकल चुके हैं। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल में श्री रामलला के दर्शन को जा रहे हैं। यात्रा के प्रारंभ से अंत तक भोजन, बस, रेल आदि की सेवा छत्तीसगढ़ सरकार की योजना के तहत निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। सभी श्रद्धालुओं के रवानगी के पूर्व मेडिकल चेकअप किया गया था।

रामलला दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रामलला दर्शन के लिए योजना की शुरूआत की है। इसके लिए श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। अयोध्या दर्शन हम जैसे लोगों के लिए असंभव था, लेकिन मुख्यमंत्री की पहल पर आज हमें अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन संभव हुआ है। अयोध्या के लिए रवाना हो रहे हैं और हमें बहुत खुशी हो रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने फार्मेसी काउंसिल के आनलाइन पंजीयन सुविधा का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पंजीयन की आनलाइन सुविधा का शुभारंभ किया है। अब फार्मेसी काउंसिल का पंजीयन सिस्टम आनलाइन हो गया है। इससे फार्मेसी छात्र तथा फार्मासिस्टों को पंजीयन अथवा नवीनीकरण के लिए रायपुर स्थित फार्मेसी काउंसिल का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अब पंजीयन कराने के लिए आनलाइन आवेदन के बाद आवेदक को केवल एक बार दस्तावेजों के वेरीफिकेशन के लिए काउंसिल कार्यालय आना होगा। कार्यक्रम का लोकार्पण करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि पंजीयन कार्य के आनलाइन हो जाने से आवेदकों को अब काउंसिल के चककर नहीं लगाने होंगे, जिससे उन्हें काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट डाक्टर और मरीज के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है जिस पर सही दवा एवं खुराक के निर्धारण की जिम्मेदारी होती है। अभी तक फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन के लिए राज्य के सभी जिलों के विभिन्न स्थानों के फार्मेसी उत्तीर्ण छात्र फार्मासिस्ट पंजीयन के लिए रायपुर स्थित काउंसिल कार्यालय आते थे। इसी प्रकार पंजीकृत फार्मासिस्टों को नवीनीकरण के लिए रायपुर आना पड़ता था। अब पंजीयन तथा नवीनीकरण की व्यवस्था आनलाइन हो जाने से राज्य के सभी फार्मेसी छात्र एवं पंजीकृत फार्मासिस्टों को लाभ मिलेगा।

वर्तमान में राज्य में लगभग 33 हजार 300 फार्मासिस्ट पंजीकृत हैं। ये फार्मासिस्ट रिटेल दवा दुकान, थोक दवा दुकान, दवा निर्माण इकाइयों जैसे कार्यो को संचालित कर रहे हैं। इसके साथ ही ये विभिन्न फार्मेसी शिक्षण संस्थानों में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।

# हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा के लिए अब परीक्षार्थी 25 सितम्बर तक भर सकते हैं फार्म

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल स्वाध्यायी परीक्षा 2025 के परीक्षा हेतु आवेदन प्रत्र की तिथि में वृद्धि की गई है। अब विलंब शुल्क के साथ परीक्षार्थी 9 सितम्बर 2024 से 25 सितम्बर 2024 तक अपना आवेदन फर्म भर सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा आयोजित अनुवादक हिन्दी से अंग्रेजी कौशल परीक्षा 18 सितंबर को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा अनुवादक (हिन्दी से अंग्रेजी) के एक पद एवं वाहन चालक के एक पद के लिए 17 फरवरी 2024 को लिखित परीक्षा, स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा में अनुवादक (हिन्दी से अंग्रेजी) पद के अगले चरण की कौशल परीक्षा में शामिल होने हेतु अहर्ता/उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए कौशल परीक्षा का आयोजन 18 सितंबर 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के सभागार में किया जाएगा। वाहन चालक पद के अगले चरण की कौशल परीक्षा में शामिल होने हेतु अहर्ता/उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा का आयोजन 23 सितंबर 2024 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। द्वितीय चरण की कौशल परीक्षा के आयोजन हेतु स्थान, समय संबंधी सूचना अहर्ता/उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को पृथक से प्रवेश पत्र के माध्यम से प्रदाय किया जाएगा, जो कि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर की अधिकारिक वेबसाईट https://cgslsa.gov.in/ में अपलोड किया जाएगा। समस्त अहर्ता/उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि वे इस प्राधिकरण के अधिकारिक वेबसाईट का सतत् रूप से अवलोकन करते रहें, जिससे कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित समय से अवगत हो सकें।

# भाजपा विष्णुदेव सरकार द्वारा धान पर 1 हजार करोड़ का भ्रष्टाचार : डॉ. चरणदास महंत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




खरीफ फसल 2023 के धान की खरीदी के दौरान ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार आ गई थी। कांग्रेस की सरकार के सुशासन के कारण प्रदेश के किसानों के द्वारा इतिहास का सर्वाधिक धान उत्पादन किया गया। इसीलिए समर्थन मूल्य पर अब तक की सर्वाधिक 144 लाख 92 हजार मैट्रिक टन धान की खरीदी हुई। जो अनुमानित मात्रा 130 लाख मीट्रिक टन से 15 लाख मीट्रिक टन अधिक थी। राज्य सरकार द्वारा धान की इस मात्रा के भंडारण, मिलिंग तथा चावल के उपार्जन एवं भंडारण की कोई कार्ययोजना नहीं बनाई गई। भारतीय जनता पार्टी की लचर सरकार के कुशासन के कारण इस संपूर्ण धान की न तो समय पर मिलिंग हुई और न ही खरीदी केन्द्रों तथा संग्रहण केन्द्रों पर बचे हुए धान की सुरक्षा एवं रखरखाव की समुचित व्यवस्था की गई। इसका दुष्परिणाम यह हुआ है कि दिनांक 02 सितंबर 2024 की स्थिति में धान खरीदी केन्द्रों से 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान का उठाव तथा संग्रहण केन्द्रों से 21 लाख 77 हजार 470 क्विंटल धान का उठाव नहीं किया जा सका है। खरीदी केन्द्रों पर जो 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान शेष दिख रहा है वह पूरी तरह से नष्ट हो चुका है, इस धान की कुल लागत 166 करोड़ 56 लाख रूपये होती है। यह शुद्ध रूप से राष्ट्रीय क्षति है। संग्रहण केन्द्रों में शेष धान 21 लाख 77 हजार 470 क्विंटल की कुल लागत 870 करोड़ 99 लाख रूपये होती है, इसमें से भी अधिकांश धान पानी से डैमेज हो चुका है, इसलिए कस्टम मीलिंग के लिए राईस मिलर्स इसका उठाव नहीं कर रहे हैं। कुल मिलाकर 1 हजार 37 करोड़ 55 लाख रूपये का धान खराब हुआ है। जिला बस्तर, सुकमा, रायगढ़, सारंगढ़, राजनांदगांव, खैरागढ़, गरियाबंद, महासमुंद, बलरामपुर, तथा सरगुजा में भी भारी मात्रा में उपार्जन केन्द्रों पर धान नष्ट हुआ है। इसी प्रकार विपणन संघ के जिला बस्तर, दुर्ग, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, धमतरी तथा गरियाबंद में बड़ी मात्रा में धान शेष है जो कि वर्षा के पानी से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है और इस धान की मिलिंग करके यदि चावल बनाया जाएगा तो वह मानव के खाने योग्य नहीं होगा, वह चावल या तो पशु आहार बनाने के काम आएगा अथवा शराब बनाने के काम आएगा। उपार्जित धान में से कुल 142 लाख 32 हजार 735 मीट्रिक टन धान कस्टम मिलिंग करने के लिए राइस मिलर्स को जारी किया गया है। धान की इस मात्रा का 67 प्रतिशत अर्थात् 95 लाख 35 हजार 932 मीट्रिक टन अरवा चावल एफ.सी.आई. तथा नागरिक आपूर्ति निगम में जमा हो जाना चाहिए था, परंतु 02 सितम्बर 2024 तक 68 लाख 21 हजार 77 मैट्रिक टन चावल ही जमा हुआ था अर्थात् 27 लाख 14 हजार 855 मैट्रिक टन चावल जमा नहीं हुआ है इस चावल का कुल मूल्य 10 हजार 27 करोड़ 32 लाख रूपये होता है। केंद्र तथा राज्य सरकार दोनों ही चावल का भंडारण करने के लिए पर्याप्त गोदामों की व्यवस्था करने में असफल रहे हैं। इसलिए भी धान के नष्ट होने की स्थिति निर्मित हुई है। 1038 करोड़ रूपये के इस राष्ट्रीय क्षति के लिए जिम्मेदार प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार हैं। खाद्य मंत्री के द्वारा यदि समय पर समीक्षा करके मीलिंग तथा शेष धान की सुरक्षा और रखरखाव पर ध्यान दिया गया होता तो राज्य सरकार को इतनी बड़ी क्षति नहीं हुई होती। कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री जी तथा राज्यपाल जी से यह मांग करती है कि इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेकर खाद्य मंत्री को पद से हटाया जाए, मुख्यमंत्री से स्पष्टीकरण लिया जाए और सभी जिम्मेदार कलेक्टरों के खिलाफ कठोर अनुशासनिक कार्यवाही की जाए। कांग्रेस पार्टी इस मामले को सदन तथा विधानसभा में उठाएगी और लोकायुक्त के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि दंतेवाड़ा बीजापुर की सीमा में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में 9 नक्सली मारे गये। पांच साल की कांग्रेस सरकार के दौरान विश्वास विकास सुरक्षा के मूलमंत्र को लेकर जो प्रयास हुये बस्तर के दूरस्थ इलाको में कैम्प बनाये गये सड़को, पुलियो, पुलो का जाल बिछा उससे सुरक्षा बलो की पहुंच अंदर तक हुई। हम उम्मीद करते है कि इस मुठभेड़ में कोई सवाल न खड़ा हो किसी निर्दोष की हत्या न हुई हो। अभी तक 3 मुठभेड़ों में 30 से अधिक लोगों की हत्याओं पर गांव वालों ने सवाल खड़ा किया था। विधानसभा चुनाव में वादा किया था 18 लाख प्रधानमंत्री आवास बनायेंगे। कहा था 18 लाख आवास स्वीकृति के बाद सीएम अपने सीएम हाउस में जायेंगे। दावा कर रहे कि 8 लाख मकानों की केंद्र ने स्वीकृति दिया है। मतलब अपने वादे से 10 लाख कम मकान दिया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शिक्षकों का करेगें सम्मान



**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन के सामने स्थित नए आडोटोरियम भवन में 5 सितम्बर को गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजक नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप ने बताया की सुबह सर्व पल्ली राधाकृष्णन के मूर्ति पर माल्यार्पण किया जायेगा। तत्पश्चात आमंत्रित शिक्षकों का स्वागत सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान राघव म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति होगी। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति ममता चंद्राकर करेंगी। अतिथि कुर्मी समाज पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सीताराम वर्मा एवं शिक्षाविद सैय्यद फाजिल होंगे। जिसकी तैयारी कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है।

# वनमंत्री केदार कश्यप ने प्रदेशवासियों को शिक्षक दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेशवासियों को शिक्षक दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंत्री कश्यप ने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य को गढ़ने में अहम भूमिका निभाते हैं और उनका सम्मान और योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद दिया और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# समस्याओं का निराकरण कर अंतिम पंक्ति के लोगों को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने का कारगर माध्यम है जनसमस्या निवारण शिविर : सांसद नाग

## टाउन हॉल बालोद में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में आम जनता के समस्याओं का किया गया मौके पर निराकरण

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराग नाग ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर आम जनता के समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने का कारगर माध्यम है। भोजराज़ नाग बुधवार को जिला मुख्यालय बालोद के टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। भोजराज़ नाग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू, केसी पवार, पार्षद राजू पटेल, कमलेश सोनी, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से प्राप्त कुल 24 आवेदनों में से 07 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

### मोदी ने लिया है भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प

सांसद भोजराज़ नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा समुचे देश के साथ-साथ हमारे छत्तीसगढ़ राज्य को भी विकसित एवं खुशहाल राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा भारत को विश्व गुरु बनाने का भी संकल्प लिया गया है। इसके लिए आम जनता को समस्या मुक्त रखने हेतु उनके समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसी सोच एवं मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी प्रशासन के आला अधिकारियों के द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनके माँगों एवं समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भोजराज़ नाग ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के उत्थान कर एक सशक्त भारत के नवनिर्माण के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने आम जनता को जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने की अपील भी की।




### कलेक्टर ने समस्याओं का त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर प्रशासनिक अमले का आम जनता के बीच पहुँचकर उसके माँगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण का अत्यंत कारगर माध्यम है। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के माध्यम से प्रशासन को आम जनता के बीच पहुँचाने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों से जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने का अपील भी की। इस अवसर पर उन्होंने अतिथियों एवं आम जनता को शिविर में उपस्थिति के लिए हृदय से धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं अधिकारियों ने शिविर में उपस्थित लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

### गर्भवती माताओं को भेंट किया गया सुपोषण कीट

इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा लखपति दीदी योजना के तहत चयनित 3 हितग्राहियों को मत्स्याखेट करने हेतु मछली पालन विभाग के योजना के अंतर्गत मछली जाल का भी वितरण किया गया। इसके अलावा जनसमस्या निवारण शिविर में अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण कीट भेंटकर उनका गोद भराई रस्म को पूरा किया गया। इसके साथ ही नन्हें-मुन्हें बच्चों को भी पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन की किट भेंट किया गया। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल सहित अतिथियों ने शिविर में स्थल में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का भी अवलोकन किया गया।

# छत्तीसगढ़ राज्य में कोल ब्लॉक आबंटन दरों का हो पुनरीक्षण : नवीन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य में कोल ब्लॉक आबंटन दरों का हो पुनरीक्षण करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिंदल जैसी कंपनी को सरगुजा स्थित नए कोल ब्लॉक गारे पलमा 4/2 और 4/3 108 रुपए प्रति मिट्रिक टन के हिसाब से खरीदा है। कोल ब्लॉक 8 हजार रुपए प्रति मिट्रिक टन तक का फायदा है। जिंदल को यह कोल ब्लॉक पॉवर सेक्टर के लिए मिला है। स्टील सेक्टर के लिए नहीं मिला है। नवीन गुप्ता ने कहा, वर्ष 2014 के बाद से कोयला मंत्रालय घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने व आयात निर्भरता को कम करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। इसमें कोल इंडिया द्वारा कोयला उत्खनन किए जाने के अलावा निजी क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने कामर्शियल माइनिंग की योजना पर काम चल रहा है। साल 2015 में, केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में दो कोयला ब्लॉकों की नीलामी की। इनमें एक ब्लॉक गारे पाल्मा IV/1 की 1,585 रुपये प्रति टन की बोली लगी जबकि दूसरे गारे पाल्मा IV/7 को 2,619 रुपये प्रति टन में नीलाम किया गया। कार्टेलाइजेशन अर्थात फायदे के लिए गुटबंदी के आरोप लगने पर सरकार ने पहले ब्लॉक की नीलामी को बोली बहुत कम बताकर रद्द कर दिया। दूसरे ब्लॉक के मामले में उसने कॉन्ट्रैक्ट को ठंडे बस्ते में यह कहकर डाल दिया कि नीलामी जीतने वालों ने नियमों का उल्लंघन किया था। इसके बाद सरकार ने फिर से नवंबर 2020 में यानी पांच साल बाद खदानों की नीलामी की, इस बार पहला ब्लॉक जिसमें 159.4 मिलियन टन कोयला था, उसे जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड को 342.25 रुपए प्रति टन के हिसाब से बेचा गया। यह 5 साल पहले की उस कीमत के एक चौथाई से भी कम था, जिसे सरकार ने बहुत कम कहकर खारिज किया था। वहीं दूसरा ब्लॉक 2015 की तुलना में करीब 60 प्रतिशत कम दाम पर बेचा गया। नतीज़तन, 57,206 मिलियन टन कोयला भंडारों से लैस छत्तीसगढ़ को सालाना 900 करोड़ रुपये से ज्यादा का घाटा उठाना पड़ेगा। वहीं बेचे गये दोनों खदानों के जीवनकाल यानी कि करीब 19-50 साल में राज्य को, 2015 में लगी बोलियों के हिसाब से 24,065 करोड़ रुपये के संभावित राजस्व से हाथ धोना पड़ेगा। यह आकलन सरकारी अनुमानों और दस्तावेजों के अध्ययन पर आधारित है। कुल मिलाकर, केंद्र सरकार ने 19 खदानों को पिछले साल महामारी के बीच में नीलाम किया जिससे कई राज्यों को हज़ारों करोड़ के संभावित राजस्व से हाथ धोना पड़ा। नवीन गुप्ता ने कहा, 2015 से 2019 के बीच जब नए नियमों के हिसाब से कुछ कोल ब्लॉक्स की नीलामी हो गयी तब केंद्र सरकार ने शेखी मारते हुए कहा था कि इस नीलामी और आवंटन की प्रक्रिया से राज्यों को 3.35 लाख करोड़ रुपए से अधिक की आय होगी। 2018 के मध्य आते-आते, रिपोर्ट्स बताने लगीं कि राज्यों द्वारा इन नीलामियों से केवल 5,684 करोड़ रुपए की आय ही प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि खनिज के राजस्व से होने वाली आय से राज्य के जनता को सुविधा मुहैया कराई जा सकती है। भाजपा की साय सरकार फिज़ूल की योजनाओं में राशि खर्च कर रही है। वित्तीय संकट के चलते राज्य में नई योजनाएं नहीं आ पार रही है। अगर कोल ब्लाक के नीलामी के दरों में पुनरीक्षित किया जाए तो छत्तीसगढ़ राज्य को अतिरिक्त राजस्व इसके माध्यम से मिलेगा। इसकी राशि करीब 2000 हजार करोड़ के लगभग होगी। नवीन गुपत ने कहा, कोल ब्लॉक के आबंटन में उद्योगपतियों और नौकरशाहों के सांठगांठ के कारण ऐसे मामलों में बड़ा खेल होता हैं। उन्होंने यह भी मांग की है कि कोल ब्लॉक आबंटन में केवल उद्योग पतियों से नहीं खनन मंत्रालय के मंत्री और नौकरशाहों को भी नीलामी पारदर्शिता का उल्लेख एक शपथ पत्र मांगा जाना चाहिए। ताकि इस क्षेत्र में होने वाले बड़े भ्रष्टाचार को रोका जा सके और राज्यों के इससे होने वाले लाभ को पूरा हिस्सा मिले।

# शिक्षक दिवस पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने गुरुजनों को प्रणाम करते हुए दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुजनों को प्रणाम करते हुए शिक्षक दिवस की बधाईयां दी है। डॉ. महंत ने कहा की, शिक्षक मानव समाज के वह स्तंभ है जिनसे भविष्य के निर्माण की नींव रखी जाती है। डॉ. महंत ने कहा कि, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी एक अच्छे राजनेता होने से पहले एक प्रख्यात शिक्षक, महान दार्शनिक एवं हिन्दू विचारक थे। जिन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय समाज में शिक्षकों के महत्व को बताने एवं शिक्षण कार्य की महानता को बताने में व्यतीत कर दिया, एवं देश के विकास एवं उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। मनुष्य के दिमाग का सही उपयोग सिर्फ और सिर्फ शिक्षा द्वारा ही किया जा सकता है, उनके कहे कथन सब को प्रेरणा देते हैं।

# शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में शपथग्रहण समारोह आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल चांगोरभाटा में नवनिर्वाचित हेड बॉय व हेड गर्ल एवं कक्षा मॉनिटर एवं असेंबली इंचार्ज व स्पोर्ट हाउस इंचार्ज का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। अतिथि देवो भवः परंपरा का पालन करते हुए संचालक मुकेश गुप्ता व ज्योति गुप्ता व ऋषभ गुप्ता का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ संचालक द्वारा दीप प्रज्वलित कर व मां सरस्वती की वंदना कक्षा 12वीं की छात्राओं द्वारा किया गया। स्वागत की श्रृंखला में पुष्प गुच्छ के द्वारा संचालक मुकेश गुप्ता का स्वागत हेड बॉय एवं ज्योति गुप्ता का हेड गर्ल द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण के अवसर पर शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल के संचालक मुकेश गुप्ता द्वारा हेड बॉय व हेड गर्ल व कक्षा मॉनिटर को अपने पद में अनुशासन को बनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया तथा इस वर्ष कक्षा 12वीं से वंश प्रशांत फरताडे हेड गर्ल सृष्टि प्रजापति व असेंबली इंचार्ज सोनम यादव, ऋषि लहरी खेल इंचार्ज भावेश साहू योगिता साहू तथा कक्षा पांचवी से कक्षा 12वीं तक कक्षा मॉनिटर बनाए गए इस प्रकार शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बच्चों द्वारा 'गेम्स करायें गया जो बच्चों के मनोरंजन को देखते बन रहा था, और कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक कक्षा शिक्षकों को बैच लगाकर सम्मान किया गया।

# तीज उत्सव: सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता, रासलीला व छप्पन भोग के साथ संपन्न हुआ



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

टिकरापारा स्थित सरजू गार्डन में बेटी बचाओ मंच टिकरापारा तथा संतोषी नगर ने हर्षोल्लास के साथ तीज महोत्सव व सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में भगवान कृष्ण की तस्वीर की पूजा अर्चना व छप्पन भोग लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सोलह श्रृंगार करके उपस्थित महिलाओं का कुमकुम लगाकर सुहाग सामग्री भेंट कर शहर महासचिव अंजलि यदु ने स्वागत किया। उक्त अवसर पर तीज क्वीन विजेता वर्षा कार्तिकेय, उपविजेता सुप्रिया धुवारे, सोलह श्रृंगार प्रथम पूजा सिन्हा तथा द्वितीय संगीता गुप्ता सम्मानित हुए। मेहदी प्रतियोगिता में प्रथम आशा धीवर। कृष्ण के बाल रूप को दौड़कर छुने (कान्हा दौड़) मे प्रथम के कल्पना राव घोषित हुए। श्रेष्ठ अवार्ड अंजली यदु को दिया गया। आयोजन में विशेष सक्रियता के लिए किरण कर्स, चांदनी धीवर, ज्योति चंदेल, श्यामा यदु, राजकुमारी सोनी, दसोदा सिन्हा, प्रतिमा यदु, सरिता यदु, दीपा साहू, ज्योति साहू को सम्मानित किया गया। प्रतियोगियों को प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने धर्म गमछा, आकर्षक पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र भेट किया। कृष्ण के बाल रूप व राधा के रूप में उपस्थित प्रतीक गुप्ता, जतिन सिन्हा व प्रतिमा गुप्ता को विशेष पुरस्कार दिया गया। अंत में राधा कृष्ण के साथ रासलीला का आयोजन व छप्पन भोग लगे प्रसाद का वितरण किया गया।

# सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में डॉ. मेघेश तिवारी हुए, सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में दंडी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के प्रथम चातुर्मास व्रत अनुष्ठान के अवसर पर विप्र कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी का शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य मनोनीत होने पर सम्मानित किया गया। डॉ .मेघेश तिवारी ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि सम्मान के रूप में दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए नवीन उत्साह और ऊर्जा प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अंचल में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।

# प्री-डायबिटीज को नियंत्रित करने के लिए पौष्टिकता से जुड़ी गाइड

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ. रोहिणी पाटिल, एमबीबीएस एवं आहार विशेषज्ञ ने बताया द लैंसेट में डायबिटीज एंड एंडोक्राइनोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार भारत में 13.6 करोड़ या आबादी का 15.3 प्रतिशत हिस्सा प्री-डायबिटीज के साथ जी रहा है। 2017 से लेकर अब तक इसमें काफी ज्यादा वृद्धि हुई है, जब आबादी का लगभग 6-15 प्रतिशत प्रीडायबिटिक था। भारत में प्री-डायबिटीज के बढ़ते मामलों के साथ, अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए सक्रिय कदम उठाना बेहद जरूरी है। स्वच्छ, समझदारी भरा भोजन, ब्लड शुगर के स्तर को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है और ये प्री-डायबिटीज को पलट भी सकता है। ब्लड शुगर डायबिटीज में बदले, इससे पहले ही इसे नियंत्रित करने के लिए डॉ. रोहिणी पाटिल, एमबीबीएस और आहार विशेषज्ञ ने अपने भोजन में कुछ जरूरी खाद्य पदार्थों को शामिल करना महत्वपूर्ण बताया है। प्री-डायबिटीज आहार में शामिल होने वाले खाद्य पदार्थ बादाम में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, सेहतमंद फैट्स और फाइबर होते हैं, ये सभी ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। पिछले वर्ष डॉ. अनूप मिश्रा और डॉ. सीमा गुलाटी के प्रकाशित दो नए अध्ययनों में बताया गया कि अपने आहार में केवल बादाम को शामिल कर लेने से डायबिटीज का बोझ कम करने में मदद मिल सकती है। इतना ही नहीं अध्ययन किए गए लोगों में लगभग एक तिहाई लोगों में तीन महीने तक ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर से पहले बादाम लेने से प्री-डायबिटीज सामान्य ब्लड शुगर में तब्दील हो गया।

# एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने अपनी 1000वीं शाखा की शुरुआत की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कं. लि. ने वाशी, नवी मुंबई में अपनी 1000वीं शाखा खोलने की घोषणा की है। यह ऐतिहासिक घटना देश भर में अपने पदचिन्हों का विस्तार करने और कम पहुंच वाले बाजारों में वित्तीय सेवाएं लाने के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करने के लिए, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने इंडिया पोस्ट के साथ मिलकर एक विशेष कवर और माई स्टैम्प जारी किया है। आधिकारिक अनावरण के अवसर पर मुंबई में जापान के महावाणिज्य दूतावास के महावाणिज्यदूत यागी कोजी, महाराष्ट्र सर्किल में डाक सेवाओं (मुख्यालय) के निदेशक अभिजीत बंसोडे और एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के सीईओ और एमडी शांतनु मित्रा उपस्थित थे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विचार करते हुए, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के सीईओ और एमडी शांतनु मित्रा ने कहा, हमारी 1000वीं शाखा का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो पूरे भारत में लोगों को औपचारिक ऋण पहुंच प्रदान करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में उनकी मदद करने के लिए हमारी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस उपलब्धि का उत्सव मनाते हुए, हमें डाक विभाग के सहयोग से माई स्टैम्प के साथ एक विशेष कवर जारी करने पर गर्व है, जो कंपनी द्वारा अब तक हासिल की गई वृद्धि और भारत के वित्तीय सेवा क्षेत्र में योगदान के महत्व का प्रतीक है।


# लैंसर कंटेनर लाइन्स लिमिटेड ने 10,000 टीईयू (कंटेनर्स) लीज पर देने के लिए इंडोनेशियाई कंपनी के साथ करार किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



देश की अग्रणी एकीकृत शिपिंग और लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाताओं में से एक, 'लैंसर कंटेनर लाइन्स लिमिटेड' ने एक प्रमुख इंडोनेशियाई कंपनी, पी.टी.मैप ट्रांस लॉजिस्टिक, सुरबाया, के साथ 10,000 टीईयू (बीस-फुट कंटेनर और चालीस-फुट कंटेनर) लीज पर देने के लिए एक करार किया है। करार पर लैंसर कंटेनर लाइन्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक खालिक चटाईवाला और पी.टी.मैप ट्रांस लॉजिस्टिक, सुरबाया के निदेशक प्रफुल्ल झा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। लैंसर कंटेनर्स लाइन्स लिमिटेड का प्रबंधन इस रणनीतिक करार को लीजिंग गतिविधियों को बढ़ाने में एक कदम के रूप में देखता है जिससे कंपनी को अपने व्यवसाय का विस्तार करने और शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाने में मदद मिलती है। इस करार से कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, क्योंकि इससे कंपनी का समग्र विकास होगा जिसके परिणामस्वरूप कंपनीकी बाजार स्थिति मजबूत होगी। इससे पहले कंपनी ने अगले कुछ वर्षों के लिए अपनी मेगा विस्तार योजनाओं की घोषणा की थी। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026 तक अपनी टीईयू (बीस-फुट कंटेनर और चालीस-फुट कंटेनर) क्षमता को वित्त वर्ष 2024 में दर्ज लगभग 20,000 टीईयू से बढ़ाकर 45,000 टीईयू तक करना है और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कंपनी हर महीने 200-300 कंटेनरों को शामिल करके अपनी कंटेनर इन्वेंट्री को लगातार बढ़ाने का इरादा रखती है।

# भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी, एमजी विंडसर 'एयरोग्लाइड' डिजाइन के साथ एमजी विंडसर 11 सितंबर को होगी लॉन्च




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एक वीडियो रिलीज कर अपनी बहुप्रतीक्षित और ब्रांड न्यू एमजी विंडसर, जो भारत का पहला इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटीलिटी व्हीकल (सीयूवी) है, के 'एयरोग्लाइड' डिजाइन के बारे में खुलासा किया है। यह अल्ट्रामॉडर्न डिजाइन बेहतर शिल्प कौशल के साथ एडवांस्ड एयरोडायनामिक्स को सहजता से एकीकृत करता है, जो ड्राइविंग अनुभव को कम्फर्ट और उत्कृष्टता के नए स्तर पर ले जाता है, जिससे बिजनेस क्लास यात्रा का अनुभव मिलता है। एयरोग्लाइड डिजाइन, एयरोडायनामिक्स में उत्कृष्ट कला का प्रतीक है, जिसे बहुत सावधानी से तैयार किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एमजी विंडसर में हर यात्रा सहज और विलासिता से परिपूर्ण हो। यह बिजनेस क्लास यात्रा की सहत सुंदरता से प्रेरणा लेता है, और डिजाइन का एयरो पहलू यह सुनिश्चित करता है कि यह वाहन ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर बिना किसी परेशानी के सहजता से चलता रहे। एयरोडायनामिक्स पर यह फोकस न केवल इंटेलिजेंट सीयूवी के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में योगदान देता है, बल्कि सभी यात्रियों के लिए एक परिष्कृत परिवहन सुविधा भी प्रदान करता है। एक समर्पित ईवी प्लेटफॉर्म पर निर्मित, एमजी विंडसर एक लंबे व्हीलबेस पर आधारित होगी, जो न केवल सेगमेंट में पहला है, बल्कि अपने से एक सेगमेंट ऊपर के वाहनों के बराबर भी है, जो आरामदायक ड्राइव अनुभव के लिए पर्याप्त केबिन स्पेस सुनिश्चित करता है।

# बेमेतरा जिले को 100 प्रतिशत साक्षर बनाना है : घृतलहरे



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला कोबिया बेमेतरा में उल्लास कार्यक्रम के तहत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा मेहंदी, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। रंगोली के माध्यम से बच्चों ने उल्लास साक्षरता कार्यक्रम को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया। समूचे कार्यक्रम में बच्चे उत्साह पूर्वक भाग लिए। इन सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साह के साथ अपने हुनर का प्रदर्शन किया। साथ ही बच्चों के द्वारा एक उल्लास रैली भी निकाली गई। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। इस अवसर पर डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि उल्लास साक्षरता कार्यक्रम को जन जन तक पहुँचाना है। और पूरे बेमेतरा जिले को 100त्र साक्षर बनाना है। हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। स्वयं सेवी शिक्षक पूरे उत्साह से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। असाक्षरों को पढ़ने लिखने के लिए प्रेरित करें। साक्षर बनने से उनके अंदर बहुत सारे कौशलों का विकास होता है। बेमेतरा जिले को शत प्रतिशत साक्षर बनाने में हम सब की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा के वरिष्ठ व्याख्याता और साक्षरता प्रभारी उषा किरण पांडेय, व्याख्याता थलज कुमार साहू, जिला मास्टर ट्रेनर्स विधि शर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष वर्मा, बलराम वर्मा, पार्षद साधे राम बघेल, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पवन कुमार वर्मा, शासकीय प्राथमिक शाला कोबिया की प्रधान पाठिका और संकुल समन्वयक सुनीता साहू, शिक्षक जगत राम कोशले, नरेश कुमार सोनी, रमेश कुमार मार्कण्डेय, सहायक शिक्षिका श्वेता ठाकुर, उषा साहू, गंगा पैकरा, मुकेश कुमार भार्गव, बाल्मिकी निषाद सहित डीएलएड के छात्र अध्यापक एवं शाला के सभी बच्चे उपस्थिति थे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला- धमतरी (छ.ग.)

websete- www.nagarnigamdhamtari.com, Email ID-commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No. 07722-241599

**-:: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना (द्वितीय) ::-**

क्रमांक/कार्य.अभि./वा.वि./निविदा/2024/1829, धमतरी, दिनांक 04/09/2024

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा टाटा एसीई वाहनों एवं ई-रिक्शा के मरम्मत कार्य से संबंधित विभिन्न सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु पंजीकृत इच्छुक फर्मों/प्रदायकर्ताओं से निविदा फार्म ''बी'' में निविदा दरें दिनांक ............ को स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा की समय सारिणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विभिन्न वाहन एवं ई-रिक्शा हेतु मरम्मत सामाग्री | 10.00 | 30000.00 | 01. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 11/9/2024<br>02. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 12/9/2024 कार्यालयीन समयावधि तक।<br>03. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 20/9/2024 समय अपरान्ह 5.30 बजे।<br>04. निविदा खोलने की तिथि 23/9/2024 समय कार्यालयीन अवधि तक |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के वाहन विभाग से प्राप्त की जा सकती है। विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamdhamtari.org में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, धमतरी

## कार्यालय, जोन क्रमांक- 10, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**// चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठम निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक 29/न.पा.नि./ जोन-10 /24-25 — रायपुर, दिनांक : 04.09.2024

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 10.09.2024 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र करने की तिथि - 11.09.2024 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की तिथि - 16.09.2024 कार्यालयीन समय 3:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि - 16.09.2024 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक

**कार्य का विवरण निम्नानुसार हैः-**

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | रानी दुर्गावती वार्ड क्र. 50, पुरैना परशुराम नगर कालोनी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (विधायक निधि) (पंचम निविदा) | 5.00 | 5000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 04 माह |
| 02 | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र. 52, बी.एस.यू.पी. कालोनी काली मंदिर के समीप में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (विधायक निधि) (षष्ठम निविदा) | 4.00 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 04 माह |
| 03 | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र. 52 महात्मा गांधी नगर सामुदायिक भवन में कक्ष निर्माण कार्य। (विधायक निधि) (षष्ठम निविदा) | 5.00 | 5000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 04 माह |
| 04 | रानी दुर्गावती वार्ड क्र. 50, पुरैना में सामुदायिक भवन में कक्ष निर्माण कार्य। (विधायक निधि) (चतुर्थ निविदा) | 5.00 | 5000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 04 माह |
| 05 | ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्र. 46, जोन क्र. 10, सामुदायिक भवन निर्माण (रविदास समाज के पास) दुर्गा नगर, रिंग रोड रायपुर (विधायक निधि) (षष्ठम निविदा) | 5.00 | 5000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 04 माह |

1. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ) + (ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जायेगा।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जायेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (2) खोली जावेगी तथा लिफाफे में अ.ब.स अंकित होगा अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
7. सक्षम श्रेणी का ई-रजिस्ट्रेशन, बैक सालवेंसी, अंतिम तीन साल का आईटीआर पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं अंतिम तीन माह का जी.एस.टी.आर. अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फर्मों के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
10. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियों कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
11. ठेकेदार को From A में दिये गये सभी शर्तें के अनुसार कार्य किये जाना अनिवार्य है।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक - 10,
नगर पालिक निगम रायपुर

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
## कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित **ईमारती काष्ठ/जलाऊ काष्ठ** का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वन मंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| कोंडागांव | कोंडागांव काष्ठागार | 09/09/2024, प्रातः 9:00 बजे से |

| प्रजाति | नया वनोपज | | | अविक्रित वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ई.काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नगमें) | | ई.काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नगमें) | | ई.काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नगमें) | |
| सागौन | 0 | 0 | 0 | 3.151 | 2284 | 4 | 3.151 | 2284 | 4 |
| साल | 1160.170 | 762 | 176 | 2413.723 | 441 | 990 | 3573.893 | 1203 | 1166 |
| बीजा | 34.940 | 2 | 4 | 54.394 | 7 | 8 | 89.334 | 9 | 12 |
| साजा | 31.032 | 13 | 6 | 21.437 | 3 | 14 | 52.469 | 16 | 20 |
| हल्दू | 18.374 | 3 | 7 | 15.796 | 2 | 2 | 34.170 | 5 | 9 |
| अन्य | 34.162 | 17 | 11 | 48.666 | 7 | 3 | 82.828 | 24 | 14 |
| औद्यो.बांस | 0 | 0 | 0 | 15.817 N.T. | | | 15.817 N.T. | | |
| योग- | 1278.678 | 797 | 204 | 2557.167 | 2744 | 1021 | 3835.845 | 3541 | 1225 |
| औद्यो.बांस | 0 | 0 | 0 | 15.817 N.T. | | | 15.817 N.T. | | |

दूरभाष क्रमांक-दक्षिण कोंडागांव वनमंडल (07786-242303)

(1) प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लॉट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000/- रूपये इसमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है।
(2) क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व वर्ष 2024 का पंजीयन प्रमाण पत्र, GST प्रमाण पत्र एवं आयकर पेनकार्ड की छायाप्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।
(3) विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस, GST कर एवं आयकर पेननंबर की छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्क आर्डर जारी किया जावेगा।
(4) नीलाम में क्रय किये गये लॉटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।
(5) GST की राशि का भुगतान पृथक से '**कोण्डागांव वनमंडल कोण्डागांव**' के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो कोंडागांव में देय तो, तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

वनमंडलाधिकारी
कोंडागांव वनमंडल
कोंडागांव

जी-242502193/5

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / अ-62 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम मजगांव तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक दौवा राम साहू पिता श्री चिमनु राम साहू ग्राम पंडरभट्ठा पोस्ट झाल तहसील व जिला बेमेतरा के निवासी हैं। उके प्रचलित आबादी जमीन पर ग्राम मजगांव तहसील व जिला बेमेतरा पटवारी हल्का नंबर 04 खसरा क्र. 61 प्रचलित आबादी का प्लॉट नं. 59 जिसका रकबा 1101 वर्गमीटर है जिस पर 30 पेड़ सागौन का पेड़ लगभग 12-15 वर्ष पूर्व लगाया गया था, उस स्थान पर भवन निर्माण कराने के कारण उक्त वृक्षों को काटने की अनुमति प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव ग्राम मजगांव में स्थित 30 पेड सागौन वृक्षों को काटने हेतु अनुमति दिये जाने पर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/09/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**आज दिनांक 04/09/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।**

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बेमेतरा, जिला बेमेतरा

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)

**// उद्घोषणा //**

क्रमांक/038/प्र./अति. तह./2024
दल्लीराजहरा दिनांक 03/09/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक श्री चेतन कुमार पिता देवगन जाति गांडा निवासी ग्राम दल्लीराजहरा पहन. 10 रा.नि.मं. दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं के जन्म/मृत्यु तिथि के पंजीयन हेतु आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क 10.00 रु का चालान क्रं. 1624 दिनांक 29/07/2024 की मूल प्रति सहित प्रस्तुत किया है। आवेदन के साथ सचिव ग्राम पंचायत/नगर परिषद/ जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी बालोद अनुपलब्धता प्रमाणपत्र प्रारूप -10 एवं शपथ पत्र संलग्न का जन्म/मृत्यु पंजीयन हेतु उप पंजीयक जन्म/मृत्यु का आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित अत्पत्ति दिनांक 20/09/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अतः आज दिनांक 03/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।**

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा

# कांग्रेस पार्षदों ने उतारा गुस्सा... 10 महीने से मानदेय नहीं मिला, निधि रोके जाने से भी आक्रोश

## भुगतान रोके जाने पर भी हुई गहमा-गहमी, महापौर ने की मध्यस्थता

■ निगम में बैठक, आयुक्त को एक हफ्ते का वक्त दिया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



तकरीबन 10 महीनों से मानदेय और निधि के लिए जूझ रहे निगम के पार्षदों की महापौर ने निगम कमिश्नर के साथ मध्यस्थता कराई है। इस दौरान वर्क ऑर्डरों को रोके जाने, पेयजल आपूर्ति में लगातार आ रहे व्यवधान, सड़कों की मरम्मत के मुद्दे भी उठाए गए। आक्रोशित पार्षदों ने आयुक्त को घेरते हुए कहा कि, हमारी मांगों पर फंड का रोना रोया जा रहा है जबकि दूसरी ओर बाकियों के चेक काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, जिनके फोन पर चेक कट रहे हैं हमें भी उनका नाम बता दें ताकि हम भी वहां अर्जी लगा सकें। इस सवाल पर बैठक में गहमा-गहमी भी हुई।

महापौर ने बताया कि, मामलों पर चर्चा के दौरान कुछ विषयों पर आयुक्त ने अनभिज्ञता जताई जो कि वास्तविक नहीं लगती। उन्हें एक सप्ताह का वक्त दिया गया है। अगर मांगे पूरी नहीं होती तो इसे लेकर आंदोलन की बात उन्होंने कही है। कांग्रेसी पार्षद मानदेय और निधि जारी न होने को लेकर आक्रोशित हैं। निकाय चुनाव के करीब आने के साथ ही वे इसे लेकर चिंतित हैं। इन्हीं मामलों को उन्होंने कई बार सामने रखा। अंततः महापौर ने इस विषय पर आयुक्त के साथ बैठक कर मध्यस्थता करवाई है।

एमआईसी सदस्य संतोष पिल्ले ने कहा कि, 10-11 महीनों का मानदेय पार्षदों को नहीं मिल सका है। आगे गणेशोत्सव, नवरात्रि जैसे पर्व आने वाले हैं। जन्माष्टमी और कई पर्व जा चुके हैं। पार्षदों को स्थानीय समितियों को चंदा देने और मदद करने की जरुरत पड़ती है। सभी पार्षद इसके लिए सक्षम नहीं होते हैं। यही नहीं पार्षद निधि रुकने से वार्डों में जरुरी काम रुके हुए हैं।

पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि, निगम के अधिकारी कमरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। लोक कर्म विभाग के कई काम अटके हुए हैं। सार्वजनिक राशन प्रणाली की कोई पूछ परख नहीं हो रही है। वर्क ऑर्डरों को रोके जाने से काम अटक गए हैं। प्रशासनिक मनोपल्ली से व्यवस्था चरमरा रही है।

### सवालों के घेरे में आयुक्त

पार्षद सवाल खड़े कर रहे हैं कि आखिर क्यूं विकास कार्यों के वर्क ऑर्डर साइन नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने बैठक में भी इस पर बात रखी तो आयुक्त ने इससे अनभिज्ञता जता दी। महापौर ने भी इस जवाब को नाकाफी बताया है। पार्षदों ने कहा कि, अगर आयुक्त को शहर के विकास कार्यों के विषय में नहीं मालूम तो साफ है वे अपनी जिम्मेदारी में दिलचस्पी नहीं ले रहे है।

### सफाई ठेकों का भुगतान भी अटका

बताया जा रहा है कि, इस बैठक में पूर्व के सफाई ठेकों का भुगतान अब तक न किए जाने को लेकर भी पार्षदों में रोष दिखा। दरअसल, पुराने वार्ड ठेकों में एक बड़ा हिस्सा कांग्रेसी पार्षदों का भी था। जिसके चलते ही वे बकाया भुगतान की मांग कर रहे हैं। मौजूदा समय में कुल 29 सफाई ठेकों में 17 भाजपा समर्थित समूह और 12 कांग्रेस समर्थित समूह के पास हैं।

### नल बंद पड़े, सड़कों की मरम्मत के लिए कहा

महापौर और कांग्रेसी पार्षदों के साथ आयुक्त की इस बैठक में गाहे-बेगाहे पेयजल आपूर्ति में आ रही दिक्कतों पर भी जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी व्यक्त की। पार्षदों ने कहा कि, बार बार सप्लाई लाइन के वॉल्व टूट रहे हैं। इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग की गई है। गणेशोत्सव से पूर्व सड़क की मरम्मतों के लिए भी कहा गया है।

### सामान्य सभा में हंगामा खड़े होने के आसार, निशाने पर आयुक्त

कांग्रेसी पार्षद रोष में है। उन्होंने महापौर की मध्यस्थता में हुई बैठक में भी अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। दर्जन भर से अधिक मुद्दों पर काम न होने, फंड रोके जाने या जारी न करने, भुगतान में भेदभाव और वर्कऑर्डर रोके जाने जैसे मामलों को लेकर गहमा-गहमी बनी हुई है। बताया जा रहा है कि निगम में 12 या 13 सितंबर को सामान्य सभा की बैठक होगी। इसमें हंगामा खड़े होने के आसार हैं। सभा में आयुक्त सीधे निशाने पर रहेंगे।

# महिला सुरक्षा व क्राइम कंट्रोल में भाजपा सरकार फेल : कांग्रेस




■ शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश में महिलाओं के साथ अत्याचार व गैंगरेप की घटनाएं बढ़ने और कानून व्यवस्था के धरायाशी होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने महावीर चौक पर महिला सुरक्षा को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय मौन धरना-प्रदर्शन किया।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ रही अत्याचार व सामूहिक बलात्कार की घटना से पूरे प्रदेश सहम गया है। दुर्भाग्यजनक बात है कि प्रदेश की भाजपा सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है। प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बड़े ही शर्म की बात है कि 08 माह में ही भाजपा राज में कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है। इससे बड़ा दुर्भाग्यजनक क्या हो सकता है कि राजधानी में महिलायें सुरक्षित नहीं है। रायपुर नया बस स्टैण्ड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म होता है, दूसरे दिन रिपोर्ट लिखा गया उसमें भी सामूहिक दुष्कर्म को नकार दिया गया। बलात्कार का रिपोर्ट लिखा गया, यहां भी पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने में लगी है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आयी है तब से भ्रष्टाचार, माफीराज को बढ़ावा मिल रहा है।

# विनम्र जेमा ने संभाला सीएमओ का कार्यभार

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत में नवनियुक्त सीएमओ विनम्र जेमा ने कार्यभार संभाल लिया है। दरअसल निकाय में लेखापाल बतौर कार्यरत रहे श्रीजेमा का गत सप्ताह ही राजनांदगाँव तबादला हो गया था। हालांकि तबादला होने के बाद श्रीजेमा 2 दिनों के बाद ही सीएमओ पदोन्नत होकर निकाय में लौट आये हैं। अब श्रीजेमा ने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत डोंगरगांव में लेखापाल बतौर कार्यरत रहे विनम्र जेमा का गत माह के अंत में उनके मूलपदस्थापना स्थल नगर निगम राजनांदगाँव तबादला हो गया था, हालांकि नगर निगम में उनके कार्यभार ग्रहण करने के पुर्व ही राज्यशासन द्वारा जेमा को नगर पंचायत डोंगरगांव में ही पदोन्नति प्रदान करते हुए सीएमओ नियुक्ति का आदेश जारी किया गया।



वहीं निवर्तमान सीएमओ दादूसिंह पाल का उनके मूलपदस्थापना स्थल नगर पंचायत चरामा तबादला कर दिया गया। विनम्र जेमा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बतौर गत दिवस कार्यभार ग्रहण भी कर लिया है। सूत्रों की माने तो तबादले को लेकर नाटकीय घटनाक्रम के बाद राज्यशासन के आदेश की नगर से लेकर जिला मुख्यालय के राजनैतिक गलियारे तक चर्चा सरगर्म है। बहरहाल विनम्र जेमा के सीएमओ बतौर कार्यरत होने से निकाय के प्रशासनिक कार्यशैली में व्यापक कसावट आने के आसार हैं।

# झांकियों का रुट चार्ट तय... मानव मंदिर चौक में मिलेगा टोकन, पुलिस ने रिहर्सल भी की

■ कलेक्टर ने गणेश विसर्जन झांकी के संबंध में गणेशोत्सव समिति के सदस्यों की ली बैठक
■ झांकी के दौरान फटाके, हथियार व लाठी-डंडा प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गणेश विसर्जन झांकी रूट और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में गणेशोत्सव समितियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि राजनांदगांव में गणेश उत्सव झांकी की गौरवशाली परंपरा रही है। यहां गणेश उत्सव झांकी देखने जिले भर के नागरिक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते हैं।

उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इसके लिए निर्धारित रूट से झांकियां निकालना होगा। उन्होंने कहा कि सभी झांकियों को निर्धारित समय और एक डायरेक्शन में झांकी निकालनी होगी। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सुविधा पहुंचनी चाहिए, यह सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए गणेश उत्सव समितियों की सर्वसहमति से गणेश विसर्जन झांकी का रूट चार्ट तय किया गया।

सभी गणेश विसर्जन झांकियां विसर्जन के लिए मानव मंदिर चौक से निकाली जाएगी। झांकी को महावीर चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए मानव मंदिर चौक लानी होगी। इसी तरह गुरूद्वारा चौक से मानव मंदिर चौक और दुर्गा चौक से मानव मंदिर चौक लानी होगी। झांकियां मानव मंदिर चौक से आजाद चौक होते हुए भारत माता चौक, कामठी लाईन, सुर्जन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, गंज चौक, नंदई चौक से मोहारा नदी जाएगी। स्वागत पंडाल गंज चौक में लगाया जाएगा।

कलेक्टर ने डीजे संचालन के लिए उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के लिए जारी आदेश की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झांकी में तेज आवाज में डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बारिश का समय है, झांकी के दौरान शार्ट-सर्किट होने की स्थिति बनी रहती है। सुरक्षा के पूरे इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थल झांकी और विसर्जन झांकी में 2-2 अग्नि शमन सिलेण्डर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झांकी के दौरान प्रत्येक गतिविधियों की फोटो एवं वीडियोग्राफी की जाएगी। किसी भी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थल झांकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए समितियों से कहा। झांकी के दौरान फटाके फोड़ना, किसी भी तरह का हथियार व लाठी-डंडा लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा।

## आज आएंगे डॉ. रमन सिंह



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का कल 5 सितम्बर को शहर आगमन हो रहा है। इस दौरान वे अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे साथ ही भाजपा दक्षिण मंडल द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में भी भाग लेकर नागरिकों व कार्यकताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे। डॉ. सिंह दोपहर 01.00 बजे शहर आयेंगे फिर वे दोपहर 02.15 को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित शिक्षा-गौरव अलंकरण समारोह में भाग लेंगे फिर वे विधानसभा अध्यक्ष निवास आकर शाम 05.00 बजे माहेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग पहुंचेगे जहां भाजपा दक्षिण मंडल द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में भाग लेंगे फिर वे रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

# आजाद चौक में विराजित होंगे दगड़ू सेठ

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

संस्कारधानी में आजाद नवयुवक गणेशोत्सव समिति के पंडाल में इस बार पुणे के प्रसिद्ध मंदिर दगडूसेठ हलवाई गणपति मंदिर में की प्रतिमा की प्रतिमूर्ति स्थापित होगी। यह मूर्ति ग्राम थनौद के प्रसिद्ध मूर्तिकार बालम चक्रधारी द्वारा तैयार की गई है जो कि तकरीबन 10 फीट है।

इस प्रतिमा में पत्थरों की सजावट कारीगरों द्वारा की गई है। राजनांदगांव यह गणेशोत्सव समिति 60 वर्ष पुरानी है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि, पूरे उत्साह के साथ भगवान गणपति के स्वागत की तैयारियां चल रही है। इस बार आजाद चौक का पंडाल शीश महल की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है।

यह विशेष आकर्षण का केंद्र रहने वाला है। जो प्रमिता तैयार की गई है वह पुणे के प्रसिद्ध मंदिर में विराज रहे गणपति बप्पा के साक्षात्कार का अनुभव कराएगी। पदाधिकारियों ने बताया कि, विशेष लाईट्स की साज सज्जा के साथ इस बार गणेश चतुर्थी का एकादश दिवसीय पर्व पूरी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। श्रीगणपति महाराज की दिव्य अनूभुति हेतु अनुष्ठान भी किए जाएंगे।

# जिला शिक्षा अधिकारी पर कार्यवाही करे सरकार : कांग्रेस

■ बेटियों को दुत्कार व जेल की धमकी क्षम्य नहीं : रूपेश दुबे

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षा अध्ययन में हो रही परेशानी को लेकर उनसे संपर्क करने पर जिस प्रकार से बच्चियों को दुत्कारने की बात उजागर हुई उससे यह साबित हो गया है कि भाजपा राज में फिर से 15 वर्षीय भाजपा प्रशासनिक आतंकवाद का बोल बाला हो गया है। क्योंकि आठ माह में भी जिस प्रकार से सरकार चल रही है कानून व्यवस्था बदहाल होने के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। इसके चलते महिलाएं अत्याचार एवं बलात्कार जैसे दंश झेलने के लिए विवश हो रहे हैं। अब बेटियां अपनी शिक्षा के नाम पर दुत्कार की शिकार हो रही है। डीईओ को निलंबित कर सरकार बेटियां को शिक्षा व सुरक्षा प्रदान करे।

प्रवक्ता दुबे ने बताया कि आठ माह के भाजपा कार्यकाल में स्कूलों मे शुद्ध पेयजल नहीं, जर्जर भवन, सहित सभी परेशानियों से छात्र छात्राएं जूझ रहीं है। सरकार उनकी कोई सुध ना लेकर जिस प्रकार से शिक्षा को प्रयोगशाला बना कर नई शिक्षा नीति लागू करने की वाहवाही लूटने का काम भाजपा कर रही है। वही सरकार अपने ही शिक्षा सेटअप को बदलकर शिक्षकों पर युक्तियुक्तकरण रूपी दबाव बनाने के साथ ही साथ प्रदेश के 4077 स्कूलों को बंद करने एवं 32 हजार शिक्षक पद को समाप्त करने का एक खेल खेलने का प्रयास किया गया था जो कांग्रेस एवं शिक्षक संघ के विरोध पश्चात राज्य की भाजपा सरकार बैक फुट पर तो आई और अपने इसी असफलता की खीज सरकार अपने प्रशासनिक तंत्र के माध्यम से शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं पर निकलने पर आमादा है। जिसका प्रमाण राजनांदगांव जिले के अलीवारा के छात्रों के साथ घटित घटना है। साइंस जैसे विषय में सरकार की बेसुधी जग जाहिर हुई है। उससे भाजपा की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की नीति की पोल खुली है। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक आतंकवाद के चलते ना तो महिलाएं सुरक्षित हैं और ना ही बच्चे सुरक्षित हैं। यहां तक प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था भी गर्त में जाने की ओर इंगित कर रहा है। अब सुशानन की ढोल पीटने वाली भाजपा बेटियों की आंसुओ को महत्व देगी या बच्चियों को दुत्कार व जेल की धमकी देने वाले डीईओ पर कार्यवाही करेगी यह देखने वाली बात होगी।

## एनएसयूआई ने सीएम के पुतला दहन की चेतावनी दी, डीईओ गांव पहुंचे

# छात्राओं को धमकाने के मामले ने तूल पकड़ा, डीईओ के खिलाफ गहरी नाराजगी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम आलीवारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को डीईओ द्वारा धमकाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। स्कूली बच्चों को धमकाने के मामले का यह विडियो तेजी से वायरल हुआ है। इसे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रिट्वीट करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह से संज्ञान लेने की बात कही है। राजनांदगांव जिला डॉ. रमन सिंह का निर्वाचन जिला है।

पायनियर
लगातार

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी एक्स में इस मामले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा है... जातिगत जनगणना इसलिए ज़रूरी है - जिससे छत्तीसगढ़ के पिछड़े आदिवासी बच्चों को पढ़ने लिखने का मौक़ा मिले। यह सोचना भी कि यह बच्चे बाक़ी बच्चों के साथ कम्पीट कर सकते हैं बेमानी है। उनकी बेबसी देख कर गुस्सा आता है।

बहरहाल, अब तक इस मामले में संबंधित विभागीय अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। दूसरी ओर डीईओ अभय जायसवाल ने इस घटना पर खेद प्रकट दिया है। उन्होंने कहा कि, मैंने बच्चों और उनके अभिभावकों से मिलकर बात स्पष्ट की है। आलीवारा स्कूल में शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था भी कर दी गई है।




रोती बेटियों ने बताया... हायर सेकेंडरी के छात्रों को डीईओ ने जनदर्शन में फटकारा, कहा-अंदर जाओगे तब पता चलेगा

आलीवारा स्कूल में शिक्षकों की कमी को लेकर जनदर्शन में पालकों के साथ गुहार लेकर पहुंचे थे छात्र

बच्चों के परिणाम प्रभावित हो रहे

शिकायत के बाद अवकाश का आवेदन अस्वीकृत किया

छात्र स्कूली ड्रेस में आए थे.. इससे गलत संदेश जाता है : डीईओ

डीईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा मोर्चा : मोनू

गौरतलब है कि, मंगलवार को जिला कार्यालय में साप्ताहिक जनदर्शन के दौरान जब कलेक्टर और सभी विभागीय अधिकारी जनसामान्य की समस्याएं सुन रहे थे इसी दौरान आलीवारा गांव के स्कूली बच्चे यहां व्याख्याताओं की कमी दूर करने की मांग लेकर पहुंचे थे। कलेक्टर से मुलाकात के बाद उन्हें आश्वस्त करते हुए डीईओ अभय जायसवाल से मिलने कहा गया। जब स्कूली बच्चे अपने अभिभावकों के साथ आवेदन लेकर डीईओ के पास पहुंचे तो उन्होंने सीधे फटकार लगा दी। वे यहीं नहीं रुके उन्होंने बच्चों के सामने कहा कि जिंदगी भर जेल में रहोगे तो समझ आ जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी के इस बर्ताव से आहत और सहमी बच्चियां रोते हुए जनदर्शन से बाहर निकली जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में इस मामले का जिक्र किया।

### एनएसयूआई ने पुतला दहन की चेतावनी दी

इस मामले को लेकर बुधवार को एनएसयूआई ने अपना विरोध दर्ज कराया है। युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शुभम शुक्ला ने कहा कि, बच्चे जागरुक हैं और वे अपनी मांग लेकर डीईओ तक पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें धमकाया जा रहा है जिसको बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने अधिकारी की बर्खास्तगी की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के पुतला दहन की बात कही है।

# जशपुर का गौरव पथ हुआ छलनी, बैरिकेडिंग के लिए खोदे गए 60 से अधिक गड्ढे, लाखों का हुआ नुकसान

## 3-3 फीट के खोदे गड्ढे, समय पर मरम्मत नहीं हुई तो उखड़कर जर्जर होने लगेगी सड़क




पायनियर संवाददाता ᐸ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

आंदोलन होकर गुजर जाता है पर अपने पीछे कुछ यादगार निशानियां छोड़ जाता है। राजी पड़हा समाज की ओर से 3 सितंबर को जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया था। आंदोलन उग्र न हो इसलिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। बैरिकेड लगाने के लिए बहुत ही अधिक संघर्षों और मिन्नतों से बना गौरव पथ में 60 से अधिक गड्ढे खोदकर छलनी कर दिया गया। एनईएस कॉलेज से लेकर बांकी नदी गम्हरिया रोड तक जगह-जगह बैरिकेडिंग कर 3-3 फिट के गड्ढे खोदे गए। गड्ढों में मोटी -मोटी लकड़ियों की बल्लियों को खड़ाकर उसमें मकान में लगाने वाले टीन के चादर को खड़ा किया गया।

> गौरव पथ के गड्ढों को बढ़ने से रोकने के लिए फिलहाल उसमें डस्ट डाला जाएगा उसके बाद उसे डामरीकरण भी कराया जाएगा।
> -योगेश्वर उपाध्याय, सीएमओ नपा जशपुर

### गड्ढों से जर्जर होगा पथ

बहुत मशक्कत और बहुत अधिक धूल खाने और संघर्ष के बाद जशपुरवासियों को गौरव पथ देखना नसीब हो सका है। आंदोलन के दौरान बैरिकेडिंग के लिए खोदे गए 60 से अधिक गहरे गड्ढों से अब सड़क का जीवन कम होने लगा है। समय पर अगर गड्ढे की मरम्मत नहीं की गई तो गौरव पथ का जीवन लंबा नहीं रहेगा।

### महाराजा चौक-कलेक्टोरेट के पास छलनी

एनईएस कॉलेज के पास शुरू हुआ महाराजा चौक में भी किया गया। थाना के पास और एसपी कार्यालय के पास भी किया गया। वहीं रणजीता स्टेडियम के पास कलेक्टोरेट के पास विशाल और अधिक मजबूत बैरिकेडिंग किया गया। इन सभी जगहों को मिलाकर 60 से अधिक गड्ढे किए गए जिसमें पानी भरने से सड़क बर्बाद हो सकती है।

### लाखों का हुआ नुकसान

डामरीकरण युक्त सड़क की लागत प्रति किलोमीटर 1 करोड़ से अधिक आ रही है। सरकार के ने हाल ही में 2 किलोमीटर की सड़क के लिए 2 करोड़ से अधिक की स्वीकृति दी है। ऐसे में इन 60 गड्ढों की कीमत और नुकसान का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। जमीन के बेस से लेकर डब्लूबीएम और फिर डामरीकरण के कार्य को मिनटों में खोदकर जर्जर कर दिया गया।

# क्या बलरामपुर कलेक्टर घूसखोर कर्मचारियों के खिलाफ करेंगे कार्रवाई?


## महिला लिपिक ने एरियर्स भुगतान व इंक्रीमेंट लगाने की रुपये की मांग

■ परिविक्षा अवधि पूर्ण की महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कलेक्टर से की शिकायत

पायनियर संवाददाता ᐸ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

बलरामपुर-रामानुजगंज जिला के वाड्रफनगर 100 बिस्तर अस्पताल में पदस्थ एवं कार्यरत चार महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा परिविक्षा अवधि के 3 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात महिला लिपिक के द्वारा एरियर्स भुगतान एवं इंक्रीमेंट लगाने के लिए रुपये की मांग की गई। चारों महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा फोन पे के माध्यम से 1500 एवं 3000 रुपये नगद दिए।

महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाड्राफनगर 100 बिस्तर अस्पताल में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मचारी प्रियंका केरकेट्टा, कैलाशपति, सुनीता तिग्गा, अंजू सिंह आयाम ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि हम सब का वेतन जिला चिकित्सालय से आहरण किया जाता है एवं सेवा पुस्तिका कार्यालय सिविल सर्जन द्वारा संधारित किया जाता है। हम सभी अपने सेवा कार्य का 3 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। तीन वर्ष पूर्ण करने के बाद परिविक्षा अवधि समाप्ति के संबंध में जिला कार्यालय में उन्होंने आवेदन दिया था। इसके बाद स्थापना शाखा की लिपिक के द्वारा उनसे पैसे की मांग की गई और कहा गया कि कोई भी काम होगा,तो तुम लोगों को मेरे पास ही आना होगा। इस प्रकार का बात कह कर सभी को डराया गया। इसके बाद उन्होंने भयवश 45-45 सौ रुपए दे दिए,इसमें से 3000 नगद एवं 1500 फोन पे पर उन्होंने दिया था। इन्होंने बताया है कि परिविक्षा अवधि 15 मई 2024 को समाप्त होने के बाद एरियर्स मिलना था एवं इंक्रीमेंट लगना था जो स्थापना शाखा की लिपिक माया के लापरवाही एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता के कारण नहीं हो पाया। महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों ने उचित कार्रवाई की मांग कलेक्टर बलरामपुर से की गई है।



# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन तहसील परिसर जशपुर में हुआ

## 153 आवेदन प्राप्त हुए, 127 आवेदनों का मौके पर किया गया निराकरण

पायनियर संवाददाता ᐸ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार लोगों की आवश्यकता, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश भर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिले के तहसील कार्यालय परिसर में आज हुए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। शिविर के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। जन समस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों में कुल 153 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 127 आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया साथ ही हितग्राहियो को योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। किसानों को किसान किताब, शिक्षा विभाग की तरफ से छात्राओं को साइकिल प्रदान किया गया और दिव्यांगों को बैसाखी एवं वहीलचेयर दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# देश को आपातलकाल की आग में झोकनें वाले संविधान बदलने का झूठ फैला रहें हैं: ओपी चैधरी

## भाजपा का जिला स्तरीय सदस्यता अभियान हुआ शुरू

पायनियर संवाददाता ᐸ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




देश में आपातकाल थोपने वाले लोग इन दिनों संविधान बदलने की अफवाह फैलाते हुए,देश की जनता को भ्रमित करने का काम कर रहें हैं। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को अस्थिर करने के लिए आरक्षण को खत्म करने का झूठ बोला जा रहा है। लेकिन,भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के होते हुए, इस तरह की झूठ और अफवाह की साजिषकर्ता अपने मंसूबों पर कभी सफ्ल नहीं होगें। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री और जषपुर के प्रभारी मंत्री ओपी चैधरी ने उक्त बातें कही। वे जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में आयोजित सदस्यता अभियान को शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि संविधान बदलने का आरोप वह पार्टी लगा रही है जिसने देष की निर्वाचित सरकारों को कुचलने के लिए सौ बार धारा 356 का दुरूप्योग कर चुकी है। उन्होनें कहा कि संगठन का काम सर्वोच्च होता है। संगठन आलाकमान के आदेश व निर्देशों का पालन करना हमारा कर्त्तव्य है। उन्होने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की मुंह में राम,बगल में छुरी वाले दोहरे चरित्र को विधानसभा चुनाव के दौरान अथक मेहनत कर जनता के बीच लाया। नतीजा जशपुर जिले के तीन सीट सहित सरगुजा में सभी 14 सीटों पर भाजपा को विजय मिल सकी। उन्होनें कहा कि जशपुर के माटीपुत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनते ही,सबसे पहले कांग्रेस सरकार के दौरान पीएम आवास योजना के लाभ से वंचित हुए 8 लाख गरीबों को आवास का लाभ दिया गया। वित्त मंत्री चैधरी ने कहा कि परिवारवाद में लिपटी कांग्रेस को पीएमआवास योजना के नाम पर आपत्ति जताई है। वे इस योजना को इंदिरा आवास के नाम से संचालित करना चाहती है। वित्तमंत्री ने कहा कि पीएम आवास योजना के लिए छत्तीसगढ़ का एक भी प्रस्ताव लंबित नहीं होगा। प्रदेश में सरकार बनने के 12 दिन के अंदर दो साल के बकाया धान बोनस का भुगतान किया और 31 सौ रूप्ये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर एक मुश्त किसानों को भुगतान किया। उन्होनें कहा कि बीते 8 महिनों में प्रदेष सरकार किसानों के खाते में 5 हजार करोड़ रूप्ये डाल चुकी है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश में 70 लाख माता और बहनों के खाते में सरकार राषि डाल चुकी है। विष्णुदेव सरकार ने 8 महिने के अल्पकाल में वह सभी काम कर दिखाया है जिसके बारे में कांग्रेस सरकार सोच भी नहीं सकती थी। उन्होनें कार्यकर्ताओं से अपील किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हाथ और अधिक मजबूत करने के लिए अगले 2 माह तक सदस्यता अभियान में सबको मेहनत करना है। अपने उद्बोधन के पूर्व प्रभारी मंत्री ने नगरपालिका अध्यक्ष राधेश्याम राम को सदस्यता ग्रहण कराया उसके बाद उपस्थित सैंकड़ो पदधिकारियों ने भी सदस्यता ग्रहण की।

**भाजपा मेंआंतरिक लोकतंत्र हैः सुनील** -कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि सदस्यता हमारी पार्टी का मूल आधार है। इस अभियान में पूरे देश के सभी वर्ग, समाज, आयु के लोग आज भाजपा से जुड़ने के लिए तत्पर है। इस अभियान की आज 4 सितम्बर से जिला और 5 सितम्बर से मंडल स्तर पर शुरुआत होगी। इस निमित्त जिला, मंडल स्तर पर कार्यशालाओं का ब्यौरा देते हुए भाजपा अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा की सदस्यता अभियान में वे अपना अधिक से अधिक समय दे और इस अभियान में तेज गति से जुटे। भाजपा एक मात्र राजनीतिक दल है जिसका अपना संविधान है आंतरिक लोकतंत्र है जिसमे संविधान की व्यवस्था के तहत कार्यक्रम चलते हैं भाजपा इसलिए पार्टी विद डिफरेंस है।

# 64 तीर्थयात्रियों के दल को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया



पायनियर संवाददाता ᐸ मुंगेली
www.dailypioneer.com

श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत कलेक्टर के मार्गदर्शन में 64 तीर्थयात्रियों के दल को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। इन सभी तीर्थयात्रियों को दो बसों के माध्यम से बिलासपुर रेल्वे स्टेशन तक भेजा गया। वहां से सभी स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे। उप संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भूमिका देसाई ने बताया कि तीर्थयात्रियों का गुलाल व पुष्पाहार से स्वागत कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, गणमान्य नागरिक उमाशंकर साहू, मिट्ठूलाल यादव, अन्य जनप्रतिनिधि, जनपद पंचायत मुंगेली सीईओ राजीव तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या धाम का दर्शन कराने के लिए श्रीरामलला दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत तीर्थयात्रियों को अयोध्या में रामलला का दर्शन कराया जाता है। सभी तीर्थयात्रियों को रास्ते में खाने-पीने, अयोध्या में ठहरने और दर्शन के बाद वापस घर तक निःशुल्क पहुंचाया जाता है।

# किसान मछली पालन से बन रहे समृद्ध जनक राम को साल में 7 लाख रुपए का हुआ मुनाफा



पायनियर संवाददाता ᐸ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए मच्छली पालन, मुर्गीपालन और धान के साथ अन्य फसल लेने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। दूरस्थ अंचल के किसानों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था में कृषि का अहम् योगदान है। किसान भाई अन्नदाताओं के मेहनत से अच्छी फसल होती है और अनाज, दाल, सब्जियॉ सहित अन्य चीजों का उपयोग लोग बेहतर तरीके से करते हैं। मुख्यमंत्री साय वर्तमान समय में मछली पालन अर्थात जलीय कृषि करनें वाले किसानों को बढ़ावा देने के लिए भारत मत्स्य पालन को बढ़ावा दे रहे हैं। इसी कड़ी में बगीचा विकासखण्ड के भितघरा ग्राम के जनक राम यादव 01 वर्ष से मछली पालन का कार्य कर रहे हैं। इनके द्वारा वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत् स्वयं की भूमि में 0.500 हेक्टर पर तालाब निर्माण कर मत्स्य पालन कर रहे हैं। निर्मित जलक्षेत्र के लिए योजनानुसार अनुदान राशि 1 लाख 40 हजार विभाग से प्राप्त हुआ। अब तक हितग्राही द्वारा मछली पालन किया जा रहा है। जिससे 7 लाख रूपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ है।

# कलेक्टर जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में गांव, गरीब और आमजनों की मांगों एवं समस्याओं से रूबरू हुए

पायनियर संवाददाता ᐸ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में गांव, गरीब और आमजनों की मांगों एवं समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान ग्राम अमलडीही की शकुंतला, ग्राम धोबघट्टी की सोहनी कश्यप और ग्राम देवगांव की लक्ष्मीन पटेल ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पास आवेदन जमा किया था, लेकिन आज तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिला है। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों को अवश्य मिलना चाहिए। जनदर्शन में ग्राम रतियापारा के भगवानी भास्कर ने वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम भालापुर के मोतीराम साहू ने अपनी भूमि का खसरा-त्रुटि सुधार कराने, ग्राम मारूकापा के रामावतार खरे ने अपने घर में घरेलू बिजली कनेक्शन लगवाने, ग्राम घुठिया के दिव्यांग प्रदीप कुमार बंजारे व भटगांव के बजरहा निर्मलकर ने ट्रायसायकल दिलाने, ग्राम गिधपुरी के पुन्नीलाल यादव ने सौर सुजला योजना का लाभ दिलाने, ग्राम रेहुंटा के राजेश कुर्रे ने ग्राम में विद्युत पोल लगवाने, ग्राम सांवतपुर की किरन ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कुधुरताल की गुलाबा बाई ने शौचालय निर्माण कराने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए नियमानुसार निराकरण के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## आवश्यकता आधारित शिक्षकों का अभिप्रेरणा शिविर हुआ संपन्न

# अभिप्रेरणा शिविर से शिक्षकों के जीवन में आएगा बदलाव: कलेक्टर डॉ. मित्तल

पायनियर संवाददाता ᐸ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जशपुरनगर। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार की उपस्थिति में आवश्यकता आधारित शिक्षकों का सात दिवसीय आवासीय अभिप्रेरणा शिविर का समापन डाइट जशपुर में संपन्न हुआ। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने अभिप्रेरणा शिविर में प्रतिभागी शिक्षकों से 7 दिनों के अनुभव पूछे। उन्होंने सभी प्रशिक्षार्थी शिक्षकों से कहा कि गलतियां किसी से भी हो सकती है। सभी को सुधरने का अवसर दिया जाना चाहिए और यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि स्वयं के कार्यों और व्यवहार से समाज की क्षति न हो। बदलाव जीवनशैली का ही एक हिस्सा होता है। इसलिए परिवार और समाज के लिए बदलाव सही दिशा में हो तो बेहतर होता है। आवश्यकता होने पर दूसरों के जीवन में भी बदलाव करने का प्रयास करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने अभिप्रेरणा शिविर की सोच को लेकर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कलेक्टर की सोच को सलाम है और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की नई शुरुआत होने जा रही है। यह शुरुआत संकल्प, विश्वास और नयी आशा की है। आपको अपनी इच्छा शक्ति दृढ़ करते हुए मनोबल के साथ नए रास्ते पर चलना है। व्यक्तिगत, पारिवारिक, व्यवसायिक और सामाजिक जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना होता है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें विश्वास है इस कार्यशाला का उद्देश्य अपने अंतिम परिणाम तक अवश्य पहुंचेगा। जिला शिक्षा अधिकारी पी के भटनागर ने शिविर में सम्मिलित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। अंत में डाइट के प्राचार्य एमजेडयू से सिद्दीकी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विनती करत हव गीत के साथ व्याख्याता राजेंद्र प्रेमी और चंद्रमणि यादव ने सरस्वती वंदना की। इन दोनों शिक्षकों ने पूरे सातों दिवस हारमोनियम और तबला वादन के साथ कई प्रेरणा गीत प्रस्तुत कर प्रतिभागियों को प्रेरित करते रहे स समापन अवसर पर यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय, व्याख्या आर बी चौहान, योग प्रशिक्षक डी.डी.स्वर्णकार उपस्थित रहे। संकल्प के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन योग ,ध्यान, प्राणायाम के साथ प्रारंभ हुए अभिप्रेरणा शिविर में विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों के द्वारा विशेष सत्र लिया गया। व्यक्तिगत अभिरुचि के विषयों पर प्रस्तुतिकरण के साथ दैनिक प्रतिवेदन लेखन और मोटिवेशनल वीडियोज़ से प्रतिभागियों ने बहुत कुछ सीखा है। अतिथियों को कुछ प्रतिभागियों ने अपने अनुभव मौखिक रूप से बोलकर भी बताए। शिविर में विशेषज्ञ सत्र में सत्र लेकर कल्याण आश्रम के डॉक्टर प्रवीण, डिप्टी कलेक्टर विश्वासराव मस्के, जिला चिकित्सालय से डॉक्टर अबरार खान, डॉ एस. एल. सिद्धार्थ, कॉलेज के प्रो. अनिल श्रीवास्तव,पत्रकार योगेश थवाइट, समाजसेवी तूलिका पाठक, श्वेता दुबे, चितरंजन महापात्रा, ललिता महापात्रा ने मोटिवेट कर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# ग्राम पंचायत लालाकापा का रोड जर्जर





पायनियर संवाददाता ᐸ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत लालाकापा का रोड जर्जर हो चुका है । जिसके चलते आये दिन लोगो को आने जाने में समस्याओं का समना करना पडता है। बरसात के दिनों में लालाकापा से लेकर रामगढ़ तक सडक उखडने से जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे आये दिन घटने घटित हो रही है। जिसमें ग्रामीणों को आने जाने में असुविधा हो रही है। वही स्कूल कालेज जाने वाले छात्र छात्राओं को भी आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसको लेकर लालाकापा के ग्रामीणो ने जनदर्शन में ज्ञापन दिया है। दिये गये ज्ञापन के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए से पेचवर्क मरम्मत कार्य जल्द शुरू करने की अपील की है। इस अवसर पर युवा नेता धर्मेंद्र चतुर्वेदी सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

